# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, सोमवार 3 फरवरी 2025


## भारत आया साल का पहला वर्ल्ड कप



### भारतीय महिला टीम ने जीता अंडर-19 टी20 खिताब | 9 विकेट से द. अफ्रीका को रौंदा अजेय रही टीम

*कुआलालंपुर। भारत ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर लगातार दूसरी बार महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप का खिताब जीत लिया है। मलेशिया के कुआलालंपुर में खेले गए खिताबी मुकाबले में निकी प्रसाद की टीम इंडिया ने नौ विकेट से जीत दर्ज की। इससे पहले 2023 में शेफाली वर्मा की टीम ने फाइनल में इंग्लैंड को हराकर खिताब जीता था। इस पूरे टूर्नामेंट में भारत का दबदबा दिखा है। भारत ने सात में से सात मैच जीते और टीम अजेय रही। द.अफ्रीका ने भारत को मुकाबला जीतने के लिए सिर्फ 83 रनों का टारगेट दिया था, जिसे उसने 11.2 ओवरों में ही हासिल कर लिया।*

कड़े नियमों के कारण 136 में से मात्र 15 महाविद्यालय ही कर सके थे आवेदन

# बीएड के 140 महाविद्यालय, इनमें से 136 पर ताले का खतरा! क्योंकि चार वर्षीय बीएड के लिए अभी किसी को मान्यता नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ के एक भी महाविद्यालय को चार वर्षीय बीए बीएड, बीकॉम बीएड और बीएससी बीएड के लिए मान्यता नहीं मिल सकी है। प्रदेश में बीएड और डीएलएड पाठ्यक्रम का संचालन करने वाले 140 महाविद्यालय हैं। इनमें से कई महाविद्यालय ऐसे हैं, जहां केवल बीएड का अध्यापन होता है तो कई में बीएड और डीएलएड दोनों ही पाठ्यक्रमों का संचालन होता है। बीएड-डीएलएड पाठ्यक्रमों के लिए एनसीटीई अर्थात नेशनल काउंसिल फॉर टीचर्स एजूकेशन की मान्यता अनिवार्य होती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत दो वर्षीय पाठ्यक्रम को बंद करके चार वर्षीय बीएड पाठ्यक्रम प्रारंभ किया जाना है। प्रयोग के तहत प्रदेश के चार महाविद्यालयों में ▶▶| शेष पेज 6 पर

### आवेदनकर्ता 15 कॉलेजों में से 4 को नोटिस, शेष 11 के फॉर्म सिरे से रिजेक्ट



### इन नियमों ने बाहर किए 125 कॉलेज

कड़े नियमों के कारण बीएड-डीएलएड पाठ्यक्रम का संचालन कर रहे 125 महाविद्यालय आवेदन ही नहीं कर सके हैं। आवेदन की शर्तों में नैक द्वारा कम से कम 6 अंक प्राप्त होना, बीएड के अलावा बीए, बीकॉम अथवा बीएससी पाठ्यक्रम का भी संचालन महाविद्यालय में होना, कॉलेज का कम से कम 10 वर्ष पुराना होना जैसे नियम शामिल हैं। इन मापदंडों के कारण 125 महाविद्यालय आवेदन किए बगैर ही रेस से बाहर हो गए। गौरतलब है कि ▶▶| शेष पेज 6 पर

### केंद्रीय एजेंसी का रवैय्या नकारात्मक

शिक्षा संबंधित केंद्रीय एजेंसियों का रवैय्या नकारात्मक है। परिस्थितियों के अनुसार नियमों में शिथिलता प्रदान करते हुए कोर्स संचालन की अनुमति प्रदान की जानी चाहिए।

-राजीव गुप्ता, संयोजक, प्राइवेट बीएड कॉलेज एसोसिएशन

### इनको नोटिस

- सेठ फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय, नवापारा, राजिम
- विप्र कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, रायपुर
- डीएलसी पीजी कॉलेज, बिलासपुर
- मनसा कॉलेज ऑफ एजूकेशन, कुरूद, भिलाई

## खबर संक्षेप

### छुट्टी के बाद ड्यूटी पर लौट रहा सैनिक लापता



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में छुट्टियों के बाद घर से ड्यूटी पर लौट रहा एक सैनिक लापता हो गया है। राइफलमैन आबिद भट शनिवार को रंगरेथ सैन्य शिविर में ड्यूटी पर लौटने के लिए अनंतनाग जिले के चित्तरगुल स्थित अपने घर से निकले थे। भट शनिवार सुबह तक शिविर में नहीं पहुंचे, जिसके बाद पुलिस में उनके लापता होने की शिकायत दर्ज कराई गई।

### ब्रिटेन के पूर्व पीएम ऋषि सुनक आए मुंबई



**मुंबई।** ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने रविवार को दक्षिण मुंबई स्थित पारसी जिमखाना का दौरा किया। इस दौरान, उन्होंने टेनिस बॉल से क्रिकेट खेलने का लुत्फ उठाया। सुनक ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, टेनिस बॉल से क्रिकेट खेले बिना मुंबई की कोई यात्रा पूरी नहीं मानी जाती।

### हवाई अड्डे पर कार की टक्कर से पांच घायल



**मुंबई।** मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल 2 के पार्किंग स्थल पर रविवार सुबह एक मर्सिडीज कार की टक्कर से दो विदेशियों सहित पांच लोग घायल हो गए। कार का चालक एक यात्री को उतारने के लिए हवाई अड्डे पर आया था, लेकिन उसने वाहन पर से अपना नियंत्रण खो दिया। यह दुर्घटना टर्मिनल 2 के पार्किंग क्षेत्र में हुई।

### लापता लेडीज, भूल भुलैया-3 को सबसे अधिक नामांकन



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी पुरस्कार (आईफा) 2024 में 'लापता लेडीज', 'भूल भुलैया-3' और 'स्त्री 2-सरकटे का आतंक' को लोकप्रिय श्रेणी में सबसे अधिक नामांकन हासिल हुए हैं। किरण राव के निर्देशन में बनी 'लापता लेडीज' नौ नामांकन के साथ शीर्ष पर है।

### मंगलुरु और दिल्ली के बीच दैनिक उड़ान सेवा



**मंगलुरु।** कर्नाटक में हवाई संपर्क सुविधा में सुधार करने के लिए 'एयर इंडिया एक्सप्रेस' ने मंगलुरु अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के बीच दैनिक सीधी उड़ान सेवा शुरू की है। पहली उड़ान एक फरवरी को सुबह छह बजकर 40 मिनट पर मंगलुरु से रवाना हुई।

## कालेजों को ग्रेडिंग देने में घूसखोरी का मामला फूटा

# छत्तीसगढ़ समेत नौ राज्यों में सीबीआई के छापे नैक टीम के 10 धरे गए, बिलासपुर से एक

*सीबीआई ने नैक रेटिंग के लिए रिश्वतखोरी मामले में बड़ी कार्रवाई की है। केंद्रीय एजेंसी छत्तीसगढ़ समेत देश के नौ राज्यों में 20 स्थानों पर छापेमारी की। बिलासपुर सेंट्रल यूनिवर्सिटी में केमिकल इंजीनियरिंग विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष एवं नैक टीम के अध्यक्ष रहे प्रो. समरेन्द्र नाथ साहा के घर में सीबीआई की टीम पहुंची। इस मामले में अब तक 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/बिलासपुर

- सीबीआई ने कसा शिकंजा, रिश्वतखोरी के मामले में बड़ा एक्शन

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने भ्रष्टाचार के एक मामले में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (एनएएसी) की निरीक्षण समिति के अध्यक्ष और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के एक प्रोफेसर समेत 10 लोगों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार लोगों में आंध्र प्रदेश के गुंटूर स्थित कोनेरू लक्ष्मैया एजुकेशन फाउंडेशन (केएलईएफ) के कुलपति और दो अन्य अधिकारी भी शामिल हैं। सीबीआई ने कहा कि केएलईएफ के अध्यक्ष कोनेरू सत्यनारायण, एनएएसी के पूर्व उप सलाहकार एल मंजूनाथ राव, बेंगलुरु विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एम. हनुमंथप्पा और एनएएसी के सलाहकार एम एस श्यामसुंदर का नाम भी बतौर आरोपी प्राथमिकी में ▶▶| शेष पेज 6 पर

### 37 लाख रुपए नकद, छह लैपटॉप, एक आईफोन बरामद | एनएएसी की निरीक्षण समिति के अध्यक्ष कुलपति समेत कई अफसर घेरे में

### इनकी हुई गिरफ्तारी

गिरफ्तार किए गए आरोपियों में केएलईएफ गुन्टूर के कुलपति जीपी सारधी वर्मा व उपाध्यक्ष कोनेरु राजा हरीन और केएल विश्वविद्यालय हैदराबाद के निदेशक ए रामकृष्ण को गिरफ्तार किया गया है। नैक टीम के अध्यक्ष समरेन्द्र नाथ साहा, जेएनयू दिल्ली के प्रोफेसर और एनएएसी के समन्वयक राजीव सिजारिया, एनएएसी टीम के सदस्य व भारत इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ के डी गोपाल, जागरण लेकसिटी यूनिवर्सिटी भोपाल के डीन राजेश सिंह पवार, जीएल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के निदेशक मानस कुमार मिश्रा, दावणगेरे यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर गायत्री देवराजा और संबलपुर विवि के प्रोफसर बुलु महाराणा की गिरफ्तारी हुई।





### 20 ठिकानों पर तलाशी अभियान

एजेंसी ने कहा कि मामले के संबंध में चेन्नई, बेंगलुरु, विजयवाड़ा, पलामू, संबलपुर, भोपाल, बिलासपुर, गौतमबुद्ध नगर और नयी दिल्ली में 20 स्थानों पर तलाशी ली जा रही है। सीबीआई के एक प्रवक्ता ने कहा, 37 लाख रुपए नकद, छह लैपटॉप, एक आईफोन 16 प्रो मोबाइल फोन और अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद किए गए हैं।

### ए++ मान्यता का खेल

सीबीआई ने कहा कि एनएएसी निरीक्षण समिति के सदस्यों को (ए++) मान्यता के लिए रिश्वत देने में कथित संलिप्तता पाई गई। टीम ने कहा कि इस मामले में केस दर्ज कर लिया गया है। पूरे मामले की बारीकी से जांच की जा रही है। यह मान्यता शिक्षा के प्रति कॉलेज के समग्र दृष्टिकोण को रेखांकित करती है, जो शैक्षणिक क्षेत्र में सर्वांगीण व्यक्तियों को आकार देने में खेलों के महत्व पर जोर देती है।

### साहा के ठिकाने पर पहुंची सीबीआई की टीम

*बिलासपुर। सीबीआई की टीम ने सेंट्रल यूनिवर्सिटी के पास कोनी स्थित गणेश इन्क्लेव में रहने वाले प्रो. समरेन्द्र नाथ साहा के घर में छापा मारा। वे नैक के निरीक्षण समिति के अध्यक्ष थे, जिस समिति ने देश के विभिन्न विश्वविद्यालय की निरीक्षण की। श्री साहा की गिरफ्तारी की पुष्टि सीबीआई ने की है। नौ सदस्यीय सीबीआई की टीम ने दस्तावेजों को अपने कब्जे में ले लिया है। छापे के दौरान प्रोफेसर अपने घर में नहीं थे। प्रोफेसर श्री साहा सेंट्रल यूनिवर्सिटी में केमिकल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष रहे हैं। इसके बाद वे रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय के कुलपति बने।*

#### सड़क किनारे सो रहा था

## अधेड़ को उठाकर ले गया तेंदुआ ढाई सौ मीटर घसीटा, मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मगरलोड

- इलाके में फैली सनसनी, क्षेत्र में दो माह में यह दूसरी घटना

मगरलोड क्षेत्र में जंगली जानवरों द्वारा शिकार करने की घटना लगातार बढ़ रही है। तेंदुए ने सड़क किनारे सोए आदिवासी ग्रामीण को उठाकर ढाई सौ मीटर दूर झाड़ी में ले जाकर शिकार किया। ग्रामीण की मौके में मौत हो गई। 2 फरवरी की सुबह ग्रामीणों ने उत्तर सिंगपुर मोहंदी वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पठार के आश्रित ग्राम बेंद्राचुवा के छपरानाला के पास एक ग्रामीण की क्षत-विक्षत लाश देखी। ग्रामीणों ने इनकी सूचना वन विभाग को दी। जानकारी मिलते ही एसडीओ मनोज विश्वकर्मा, रेंजर पंचराम साहू, डिप्टीरेंजर मुकुंद राव वाहने अपने स्टॉफ के साथ पहुंचे। वन विभाग ने शव की स्थिति को ▶▶| शेष पेज 6 पर

### असुरक्षित महसूस कर रहे लोग

जंगली जानवर भोजन, पानी की तलाश में भटकते हुए गांव की ओर आ रहे है। 5 दिसंबर 2024 को एक तेंदुआ ने मड़ेली कमारपारा की महिला को अपना शिकार बनाया था। क्षेत्र के लोग जंगली जानवरों से अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

### झाड़ियों में ले जाकर किया शिकार

वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सोनहारिन देहान निवासी मनराखन गोंड़ पिता झगरू गोंड़ (55) शनिवार की रात्रि बेंद्राचुआ किसी काम से गया था। रात्रि में वह सड़क किनारे सो गया। घटनास्थल से ▶▶| शेष पेज 6 पर

#### धार्मिक यात्रा पर थे 48 यात्री

## बस खाई में गिरी, पांच श्रद्धालुओं की मौत



एजेंसी ▶▶| डांग (गुजरात)

गुजरात के डांग जिले में रविवार सुबह मध्य प्रदेश के तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक निजी बस के गहरी खाई में गिर जाने से पांच लोगों की मौत हो गई और 35 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि घायलों में से 17 को गंभीर चोटें आई हैं। श्रद्धालु देश के विभिन्न राज्यों के धार्मिक स्थलों की यात्रा पर थे।

### द्वारका जा रही थी बस

यह दुर्घटना तब हुई जब बस महाराष्ट्र के त्र्यंबकेश्वर से 48 श्रद्धालुओं को लेकर गुजरात के द्वारका जा रही थी। श्रद्धालु रात में त्र्यंबकेश्वर से द्वारका के लिए रवाना हुए थे। वे अपनी यात्रा फिर से शुरू करने से पहले चाय पीने के लिए सापुतारा में कुछ देर रुके थे, तभी हिल स्टेशन से 2.5 किलोमीटर दूर यह दुर्घटना हुई।

#### बलरामपुर जिले के कोरंधा थाना में पदस्थ थे मृतक प्रधान आरक्षक

## ट्रेलर ने कार को कुचला, प्रधान आरक्षक समेत छह की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर/वाड्रफनगर

यूपी के हाथीनाला रानीताली में रविवार की देर शाम हुए भीषण हादसे में बलरामपुर जिले के छह लोगों की मौत हो गई है। मरने वालों में प्रधान आरक्षक व उनके परिवार के लोग शामिल है। प्रधान आरक्षक अपने परिवार के साथ प्रयागराज जा रहे रहे थे। इसी दौरान ट्रेलर ने कार को बुरी तरह से कुचल दिया। फिलहाल पुलिस विभाग द्वारा मामले की जानकारी जुटाई जा रही है।

बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के कोरंधा थाना में पदस्थ प्रधान आरक्षक रवि मिश्रा ▶▶| शेष पेज 6 पर



### मृतकों की शिनाख्त नहीं

मृतकों में प्रधान आरक्षक रवि मिश्रा सहित अन्य शामिल हैं लेकिन अन्य मृतकों की अब तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। वहीं, घटना में मृतक प्रधान आरक्षक की पत्नी व अन्य लोग घायल हो गए हैं। घायलों को चोपन अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## चुनाव प्रक्रियाओं पर नजर रखेगा 'कांग्रेसी ईगल'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली





देश भर से चुनावों को लेकर आ रही तरह तरह की शिकायतों को एकत्र कर राष्ट्रीय चुनाव आयोग पर दबाव बनाने के लिए कांग्रेस पार्टी ने "ईगल" की स्थापना कर दी है। आठ सदस्यीय इंपावर्ड एक्शन ग्रुप ऑफ लीडर्स एंड एक्सपर्ट (ईगल) महाराष्ट्र चुनाव में आये ढेरों शिकायतों की जांच अपने तरीके से कर रहा है। जिन राज्यों में चुनाव हो चुके वहां के वोटर लिस्ट पैटर्न की जांच कर रहा है। जिन राज्यों में चुनाव हो रहे हैं या होने हैं "ईगल" की निगाहें अब निगहबानी करेंगे। पहली बार कांग्रेस पार्टी ने इस तरह के विशेष समूह का गठन किया है। ▶▶| शेष पेज 6 पर

#### दुर्ग जिला अस्पताल में नवजात शिशुओं की अदला-बदली

## खुद का बच्चा लेने से इंकार, साधना पाल रही शबाना का लाल, सरकारी अस्पताल की लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

खास खबर

दुर्ग के जिला अस्पताल में नवजात शिशुओं के अदला बदली करने का मामला सामने आया है। दोनों महिलाओं को लड़का ही हुआ है। फिलहाल मामले की जांच जारी है। एक परिवार ने दूसरे परिवार से संपर्क किया और यह बात बताई, लेकिन दूसरे परिवार ने बच्चा बदलने से यह कहते हुए मना कर दिया कि अब 8 दिनों में बच्चे ▶▶| शेष पेज 6 पर



साधना



शबाना

### अस्पताल प्रशासन ने दोनों को बुलाया

अस्पताल प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए साधना सिंह और उनके परिवार को अस्पताल बुलाया। दोनों परिवारों और डॉक्टरों के बीच बातचीत भी हुई। लेकिन कोई समाधान नहीं निकल पाया। वहीं साधना का परिवार बच्चा से लगाव होने का हवाला लगातार दे रहा है।

### तिल से हुई अदला बदली की पहचान

23 जनवरी को शबाना कुरैशी और साधना सिंह ने दोपहर क्रमशः 1:25 बजे और 1:32 बजे बेटों को जन्म दिया। जिला अस्पताल दुर्ग में नवजात शिशुओं की पहचान के लिए तुरंत हाथ में मां के नाम का टैग पहनाया जाता है। जिससे किसी तरह की अदला-बदली न हो। इसी प्रक्रिया के तहत दोनों नवजातों ▶▶| शेष पेज 6 पर

### जांच के बाद कुछ कहा जा सकता है

*नवजात बच्चों की अदला बदली की जानकारी सामने आई है। पहले जांच की जाएगी। उसके बाद जरूरत पड़ी तो डीएनए कराया जाएगा। फिलहाल जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी के आधार पर कार्रवाई होगी। जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।*

*-डॉ. हेमंत साहू, सिविल सर्जन, जिला अस्पताल, दुर्ग*


SIKSHA 'O' ANUSANDHAN

SAAT-2025

Empowering students for a brighter future

CORE B.TECH PROGRAMMES IN COMPUTING
- Computer Science and Engineering
- Computer Science and Information Technology

APPROVAL & RECOGNITIONS
- Approved by UGC and AICTE
- Re-accredited by NAAC with A++ Grade
- Granted with Category-1 Graded Autonomy by UGC
- NBA Accredited Programmes

NIRF INDIA RANKINGS 2024
- 14th Best in University Category
- 26th Best in Engineering Category

INTERNATIONAL RANKINGS 2025
- Ranked in QS World Rankings 2025
- Ranked in Times World Rankings 2025

To apply for admission through SAAT, Please visit: www.soa.ac.in



बसंत पंचमी की पूर्व संध्या

# आज दो करोड़ श्रृद्धालुओं ने जहां मिलीं गंगा वहीं लगाई डुबकी; हेलीकॉप्टर से मॉनिटरिंग

प्रयागराज। महाकुंभ में बसंत पंचमी के एक-दो दिन पूर्व से ही श्रृद्धालुओं का सैलाब प्रयागराज पहुंचने लगा। रविवार से बसंत पंचमी शुरू होने के कारण रविवार देर शाम तक तक 2 करोड़ से भी ज्यादा श्रद्धालुओं ने जहां गंगा मिलीं वहीं पर स्नान किया। इससे पूर्व शनिवार को भी करीब दो करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया था। मौनी अमावस्या पर हुए हादसे के बाद प्रशासन काफी सतर्क रहा और श्रृद्धालुओं की किसी भी एक घाट पर भीड़ नहीं बढ़ने दी। वसंत पंचमी अमृत स्नान पर्व सोमवार को तो चार करोड़ से अधिक लोगों के स्नान की उम्मीद की जा रही है। मेला क्षेत्र की निगरानी हेलीकॉप्टर से की जा रही है।

## संगम घाट पर 28 नए स्ट्रैटेजिक प्वाइंट

वसंत पंचमी के अमृत स्नान पर्व पर श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्नान कराने के लिए संगम घाट पर 28 स्ट्रैटेजिक प्वाइंट बनाए गए हैं। इन प्वाइंटों पर पुलिस के साथ ही आरएएफ और पैरामिलिट्री के जवानों की संयुक्त टीम इन प्वाइंटों पर तैनात की जाएगी। 28 स्ट्रैटेजिक प्वाइंट उन स्थानों पर बनाए गए हैं जो भीड़ के लिहाज से संवेदनशील हैं।




## हेलीकॉप्टर से निगरानी, कुछ पर रोक

इस बार भीड़ और सुरक्षा की निगरानी हेलिकॉप्टर से की जा रही है। बसंत पंचमी स्नान को देखते हुए 2 से 4 फरवरी तक प्रयागराज शहर और मेला क्षेत्र में वाहनों की एंट्री बंद कर दी गई है। वीवीआईपी पास भी रद्द कर दिए गए हैं। श्रद्धालु प्रयागराज जंक्शन, रामबाग, सूबेदारगंज और प्रयाग स्टेशन से मेला स्थल पर पहुंच रहे हैं।

## एसटीएफ चीफ यश ने देखी सुरक्षा व्यवस्था

यूपी के एडीजी कानून व्यवस्था और एसटीएफ चीफ अमिताभ यश वीआईपी घाट की सुरक्षा व्यवस्था देखने पहुंचे। उन्होंने बोट से संगम का निरीक्षण किया। इस दौरान अमिताभ यश करीब एक घंटे संगम में रहे। उन्होंने अधीनस्थ अफसरों से बातचीत कर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

## हादसे के बाद कुछ अन्य व्यवस्थाएं भी की


संगम घाट पर सुरक्षा ड्यूटी में तैनात सभी जवानों को निर्देशित किया गया है कि अखाड़ा मार्ग पर किसी भी श्रद्धालु का आवागमन न हो। श्रद्धालु अपनी निर्धारित लेन से ही स्नान करने जाएं और वापसी करें। किसी भी हाल में संगम घाट पर भीड़ इकट्ठी न होने पाए। स्नान के बाद तुरंत श्रद्धालुओं को घाट छोड़ने को कहा जाए।

### बैरिकेड तोड़ने वालों पर रहेगी विशेष नजर

आला पुलिस अफसरों ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वह किसी भी हालत में बैरिकेडिंग को पार न करें। इस बार बैरिकेड तोड़ने वालों की निगरानी के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। मेला क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से निगरानी की जाएगी। कमांड सेंटर से इस बात पर विशेष नजर रखी जाएगी की कोई बैरिकेडिंग ना तोड़ पाए।

## खबर संक्षेप

### स्क्रैप मार्केट में लगी आग, दो मृत, दो गंभीर



मुंबई। मुंबई के कुर्ला उपनगर के एक कबाड़ बाजार में आग लगने से दो लोगों की जलकर मौत हो गई वहीं दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मामले में नगर निगम के अधिकारियों के मुताबिक, आग करीब 4.20 बजे इक्विनॉक्स बिल्डिंग के पास स्थित कबाड़ बाजार में लगी और आग फैलकर गली नंबर 2 की आठ दुकानों और गली नंबर 3 की तीन दुकानों तक पहुंच गई। जिससे यह हादसा हुआ।

### देश का पहला एआई विवि महाराष्ट्र में बनेगा

मुंबई। महाराष्ट्र के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री आशीष शेलार ने कहा है कि देश का पहला कृत्रिम मेधा (एआई) विश्वविद्यालय राज्य में स्थापित करने की योजना बनाने एवं इसके कार्यान्वयन के लिए कार्यबल का गठन किया गया है। शेलार ने शनिवार शाम को कहा कि यह विश्वविद्यालय एआई और इससे संबंधित क्षेत्रों में अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देगा तथा उत्कृष्टता का केंद्र होगा। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय उद्योग, शिक्षा एवं सरकार के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करेगा।

### माओवादियों ने की गढ़चिरौली में हत्या

गढ़चिरौली। महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में माओवादियों ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी है। माओवादियों को शक था कि व्यक्ति पुलिस का मुखबिर था। पुलिस ने बताया कि घटना गढ़चिरौली जिले के भामरागढ़ तहसील के किएर गांव की है। जहां रविवार की सुबह माओवादियों ने एक व्यक्ति की गला घोंटकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान किएर गांव निवासी सुखराम मडावी के रूप में हुई है। पुलिस को शव के पास से एक पर्चा मिला है, जिसमें माओवादियों ने दावा किया गया है कि मृतक पुलिस का मुखबिर था।

दिल्ली विस चुनाव में पार्टियों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर

# मोदी बोले- नहीं टूटेगी एक भी झुग्गी, आपदा वाले फैला रहे अफवाह, कांग्रेस भी भड़की

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार थमने से पहले सभी पार्टियां पूरा जोर लगा रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को आरके पुरम में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली में एक भी झुग्गी को नहीं तोड़ा जाएगा। आपदा वाले अफवाह फैला रहे हैं, लेकिन याद रखिएगा कि दिल्ली में एक भी झुग्गी नहीं टूटेगी, जनहित की सभी योजनाएं चलती रहेंगी। वहीं कांग्रेस ने भी आम आदमी पार्टी पर आरोप लगाते हुए कहा कि उसके मुखिया केजरीवाल ने सबसे बड़ा घोटाला आबकारी के द्वारा किया है और उसका करोड़ों रुपया प्रचार में लगा रहे हैं। इधर आप के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने भी भाजपा और कांग्रेस पर आरोप लगाए हैं। दिल्ली में विधानसभा चुनाव के लिए 5 फरवरी को वोटिंग होनी है। 8 फरवरी को रिजल्ट आएगा। रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि दिल्ली में जनहित की कोई योजना बंद नहीं होगी। हम 'आप-दा' की तरह केवल घोषणा के लिए घोषणा नहीं करते है बल्कि हम बजट में उसका इंतजाम भी करते हैं।

## झुग्गीवासियों को पांच रुपये में पौष्टिक आहार



पीएम मोदी ने कहा, 'दिल्ली की झुग्गी बस्तियों में जो रहते हैं उनके लिए बीजेपी ने सिर्फ पांच रुपये में पौष्टिक आहार मुहैया कराने की योजना लागू की है। ऑटो चालकों और घरेलू कामगारों के लिए हम एक कल्याण बोर्ड बनाएंगे और उन्हें 10 लाख रुपये तक का एक बीमा कवरेज मुहैया कराएंगे। बीजेपी सरकार बच्चों के स्कूलों की फीस में भी उनकी मदद करेगी। उन्होंने कहा कि मैं वादा करता हूं कि भाजपा के सत्ता में आने के बाद दिल्ली में जो विकास की गति रुकी हुई है वह रफ्तार पकड़ेगी।

## कांग्रेस बोली- केजरीवाल ने 450 करोड़ रुपए प्रचार मे लगाए



दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों के लिए प्रियंका और राहुल चुनाव प्रचार कर रहे हैं। राहुल और प्रियंका गांधी ने दिल्ली में चुनावी रैलियां की। प्रियंका ने कहा कि केजरीवाल ने 450 करोड़ रुपए प्रचार में लगाए। जब केजरीवाल ने इतने लगाए तो मोदीजी ने तो हजारों करोड़ लगाए होंगे। वहीं, राहुल गांधी ने कहा- भाजपा सरकार के बजट का लक्ष्य 25 लोगों को लाभ पहुंचाना है। वे आपको थोड़ा देंगे, थोड़ा टैक्स माफ करेंगे, लेकिन अगर आप बजट का लक्ष्य देखें तो, भारत का पैसा 20-25 अरबपतियों को देना है। प्रियंका गांधी ने चांदनी चौक और राहुल ने सदर बाजार में चुनावी रैलियां की हैं। प्रियंका गांधी ने कहा कि आप लोग दिखावे पर मत जाओ, टीवी के विज्ञापन पर न जाओ।

## उंगली पर सियाही लगवा ली तो अरेस्ट हो जाओगे

आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने कहा कि सर्वेंट क्वार्टर, धोबी घाट, झुग्गियों से फोन आ रहे हैं कि 3 हजार रुपए ले लो, चुनाव आयोग आपके घर आकर वोट डलवा देगा और बदले में आपकी उंगली पर सियाही लगा देंगे। केजरीवाल ने कहा, ये आपको फंसाने के लिए बहुत बड़ी साजिश है। अगर आपने इनके बहकावे में आकर



बूथ में गए बिना अपनी उंगली पर सियासी लगवा ली तो गिरफ्तार हो जाओगे। केजरीवाल ने कहा अगर वे आपको मुफ्त में पैसे दे रहे हैं, तो ले लें लेकिन उन्हें वोट न दें। अगर गलती से भी भाजपा सरकार आ गई तो वे झुग्गियां हटा देंगे। मुंबई में, उन्होंने एशिया की सबसे बड़ी झुग्गी धारावी को अपने एक दोस्त को दे दिया है। उन्होंने कहा मैं आपका बड़ा भाई हूं, कल रात सो नहीं सका। मेरी सलाह है कि आप इनके झांसे में न आएं।

चिकमंगलूर एसपी के समक्ष रखे हथियार

# कर्नाटक में नक्सलवाद खत्म, आखिरी नक्सली ने भी कर दिया सरेंडर

एजेंसी ▶▶| चिकमंगलूर

चिकमंगलूर जिले में शनिवार को अंतिम ज्ञात नक्सली के आत्मसमर्पण करने के बाद कर्नाटक को नक्सल मुक्त राज्य घोषित कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक विक्रम अमाथे ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा, "इस आत्मसमर्पण के साथ ही कर्नाटक अब नक्सल मुक्त हो गया है। बता दें कि श्रृंगेरी तालुका के कोटेहोंडा निवासी 44 वर्षीय कोटेहोंडा रविंद्र ने स्वेच्छा से पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया था। इससे पहले वह सालों से जंगलों की खाक छान रहा था। बता दें कि राज्य में अब तक कुल 21 नक्सली आत्मसमर्पण कर चुके हैं।



## रविंद्र के आत्मसमर्पण की औपचारिकताएं पूरी

कर्नाटक पुलिस ने बताया कि रविंद्र ने शनिवार को श्रृंगेरी पहुंचकर एसपी अमाथे के सामने खुद ही समर्पण कर दिया। इसके बाद उसे पुलिस उपायुक्त मीना नागराज के पास ले जाया गया, जहां आत्मसमर्पण की सभी औपचारिकताएं पूरी की गई। आत्मसमर्पण प्रक्रिया के दौरान जिला पंचायत के सीईओ एचएस कीर्तना और नक्सल आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास समिति के सदस्य केपी श्रीपाल सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

## रविंद्र ए श्रेणी का नक्सली, 27 मामले हैं दर्ज

पुलिस के अनुसार, रविंद्र 'ए' श्रेणी का नक्सली है और उसके आत्मसर्पण से राज्य में नक्सलवाद का अंत हो गया।उसके खिलाफ 27 मामले दर्ज हैं, जिनमें से 13 चिकमंगलूर में हैं। पुलिस ने बताया कि रविंद्र को 14 मार्च, 2024 से लागू नई आत्मसमर्पण नीति के तहत सरकारी पुनर्वास पैकेज का लाभ मिलेगा, जिसमें 7.5 लाख रुपये की वित्तीय सहायता भी शामिल है। इसके अलावा, वह कौशल प्रशिक्षण और 5,000 रुपये महीना वजीफा भी ले सकता है।

# डल्लेवाल बोले- एमएसपी पर कोई भी राहत नहीं, मांगें पूरी न होने तक जारी रहेगा अनशन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



■ बजट पर किसान भड़के

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी शनिवार को बजट पारित किया है। इसे लेकर भी किसानों ने निराशा जताई है। किसानों का कहना है कि वह पिछले एक साल से अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन पारित बजट में एमएसपी की कोई कानूनी गारंटी का जिक्र नहीं किया गया है। खनौरी बॉर्डर पर किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को 2 फरवरी रविवार को अनशन करते हुए 69 दिन हो गए हैं। डल्लेवाल की तबीयत लगातार बिगड़ती जा रही है। पहले उन्हें बुखार हुआ है, लेकिन अब उनके कान में भी दर्द हो रहा है। हालांकि उनकी देखरेख के लिए डॉक्टरों की एक टीम भी मौजूद हैं। बता दें कि जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा है कि जब तक केंद्र सरकार एमएसपी गारंटी कानून जैसी किसानों की मांगों को पूरा नहीं करेगी तब तक वह अपना अनशन जारी रखेंगे।

## किसानों की 11 से 13 तक महापंचायतें

किसानों का कहना है कि वह पिछले एक साल से अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन पारित बजट में एमएसपी की कोई कानूनी गारंटी का जिक्र नहीं किया गया है। 11 फरवरी से 13 फरवरी तीन महापंचायतों का आयोजन किया जाएगा। 11 फरवरी को रत्नपुरा मोर्चे पर, 12 फरवरी को दातासिंहवाला-खनौरी मोर्चे पर और 13 फरवरी को शंभू मोर्चे पर किसानों की बड़ी महापंचायत होगी।

# मुंबई एयरपोर्ट पर 50 करोड़ रुपए की हाइड्रोपोनिक वीड व 6 किलो सोना जब्त

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर 50 करोड़ रुपए से अधिक कीमत की हाइड्रोपोनिक वीड, गोल्ड और डायमंड जब्त किए गए है। इसके साथ ही कस्टम विभाग ने आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। 28 जनवरी से 31 जनवरी के बीच एक विशेष अभियान के दौरान ये जब्तियां की गई हैं। कस्टम विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मुंबई एयरपोर्ट से पर चलाए गए इस विशेष अभियान के दौरान 50.116 करोड़ रुपए की कीमत की 50.11 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक वीड, 93.8 लाख रुपए के डायमंड और 1.5 करोड़ रुपए की कीमत का 2.073 किलोग्राम गोल्ड जब्त किया है।




**कर्मचारियों का गिरोह लिप्त रहा तस्करी में :** एयरपोर्ट पर कार्यरत कर्मचारियों के एक गिरोह को पकड़ा, जो सोने की तस्करी और उसे एयरपोर्ट के बाहर पहुंचाने में शामिल था। इस जानकारी के आधार पर अधिकारियों ने छापेमारी करते हुए दो एयरपोर्ट कर्मचारियों को रंगे हाथ पकड़ लिया। वो भी तब जब वे तस्करी किए गए सोने को एयरपोर्ट के बाहर ले जा रहे थे।

HMS ARSH-RAHAT
आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
अर्श-राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है।
आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते हैं तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
JHAIGO Cream झाईगो 5+1
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं?
चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?

# गैंगस्टर जोगेंद्र ग्योंग फिलीपींस से लाया गया भारत, इंटरपोल ने किया था रेड नोटिस जारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एसटीएफ ने कुख्यात गैंगस्टर जोगेंद्र ग्योंग को गिरफ्तार किया है। उसे रविवार सुबह फिलीपींस से डिपोर्ट कर भारत लाया गया। जोगेंद्र ग्योंग के खिलाफ दो दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं, और वह कई आपराधिक गतिविधियों में वांछित था। जोगेंद्र, मुठभेड़ में मारे गए कुख्यात अपराधी सुरेंद्र ग्योंग का भाई है। वह गैंगस्टर कौशल का करीबी साथी बताया जाता है। तीन साल पहले भारत से भाग कर वह फिलीपींस में रह रहा था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जोगेंद्र ग्योंग को दिल्ली पुलिस ने इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने पर अपने नियंत्रण में लिया। वह दिल्ली पुलिस द्वारा भी वांछित था।



## इंटरपोल ने किया था रेड नोटिस जारी

सीबीआई ने 25 अक्टूबर, 2024 को जोगेंद्र ग्योंग के खिलाफ इंटरपोल से रेड नोटिस जारी किया था, जिसके बाद उसे फिलीपींस से बांगकॉक होते हुए दिल्ली लाया गया। रेड नोटिस के आधार पर वैश्विक स्तर पर सभी कानून प्रवर्तन एजेंसियों को उसे ढूंढने के लिए सूचित किया गया था।

**खौफनाक अपराधों में शामिल था ग्योंग :** सीबीआई के अनुसार, जोगेंद्र ग्योंग ने अपने भाई सुरेंद्र की मौत का बदला लेने के लिए एक व्यक्ति की हत्या की योजना बनाई और उसे मार डाला। इसके अलावा, वह डकैती, हत्या, हत्या के प्रयास, जबरन वसूली, और फिरौती के लिए अपहरण जैसे अपराधों में भी शामिल था। दिल्ली पुलिस ने बताया कि ग्योंग को फिलीपींस के बैकोलोड शहर से पकड़ा गया।

## पैरोल पर निकला था, कर दी हत्या

ग्योंग पर अवैध हथियार रखने का भी आरोप था और उसे हरियाणा में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। पुलिस के मुताबिक, 2017 में पैरोल पर रहते हुए उसने पानीपत में हत्या की और फिर विदेश भाग गया था। सीबीआई ने बताया कि इंटरपोल के माध्यम से भारत में 2021 से अब तक 100 से अधिक वांछित अपराधियों को लाया गया है।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, कैनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर)
कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, इमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित्त की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

बांठिया हॉस्पिटल
राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

रायपुर
सोमवार, 3 फरवरी 2025
माघ शुक्ल पक्ष पंचमी
वर्ष : 23, अंक : 198
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

**मौसम**
अधि. 34.8
न्यून. 19.8

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

*बिना जरूरत 96 लाख के खर्च पर बनाया गया था सात साल पहले*

# 96 लाख में बने डीकेएस के तालाबंद डायबिटिक क्लीनिक की होगी जांच, सीएमई ने मांगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सीजीएमएससी के अफसरों के साथ मिलकर शासन को अरबों रुपए का चूना लगाने वाले मोक्षित कॉर्पोरेशन द्वारा डीके अस्पताल में बनाया गया 96 लाख का डायबिटिक क्लीनिक जांच के दायरे में आ गया है। चिकित्सा शिक्षा आयुक्त किरण कौशल ने अस्पताल प्रबंधन ने इस बारे में जानकारी मांगी है। सात साल पहले बनाए गए इस क्लीनिक में ताला लगा हुआ है, क्योंकि इसकी जरूरत आज तक नहीं पड़ी है।

हरिभूमि ने पिछले दिनों डीके अस्पताल में बिना प्रशासकीय स्वीकृति के बनाए गए डायबिटिक क्लीनिक का खुलासा किया था। इस मामले में सीएमई ने ▶▶ शेष पेज 6 पर

खबर का असर


हरिभूमि
मोक्षित का कारनामा...बिना जरूरत डीके में 96 लाख का क्लीनिक खोला, 7 साल से नहीं खुला जिसका ताला

**सीजीएमएससी के अफसरों ने दिया था मोक्षित कॉर्पोरेशन को काम**

### इसके अलावा भी कई काम

डीके अस्पताल को सुपर स्पेशलिटी सुविधायुक्त बनाने के लिए यहां महानगरों के हास्पिटलों की तरह सुविधा जुटाने के लिए ढेर सारी योजना बनाई गई थी। इसमें कार्डियक यूनिट के साथ ब्लड सैंपल कलेक्शन सिस्टम सहित अन्य तरह के काम थे। इन कार्यों तथा जरूरी सामानों की सप्लाई की जिम्मेदारी मोक्षित कॉर्पोरेशन को दी गई थी।

### रीएजेंट भेजकर फ्रिज खरीदने की थी तैयारी

दवा कार्पोरेशन में हुई 660 करोड़ की गड़बड़ी के मामले में विभाग द्वारा 600 फ्रिज खरीदने की तैयारी की गई थी। फ्रिज खरीदी की योजना तब बनाई गई जब जबरिया तरीके से भेजे गए रीएजेंट खराब होने लगे थे। शिकायत पहुंचने पर स्वास्थ्य केंद्रों में भेजने के लिए 600 फ्रिज खरीदी करने की तैयारी थी। इस योजना को अंजाम देकर शासन पर अनावश्यक बोझ डाला जाता इससे पहले मामले का खुलासा हो गया और खरीदी प्रक्रिया रोक दी गई।

### और गिरफ्तारी के भी कयास

रीएजेंट घोटाले में ईओडब्लू द्वारा अपनी जांच के दौरान अब तक मोक्षित कार्पोरेशन के एमडी को ही गिरफ्तार किया गया है। एफआईआर में स्वास्थ्य संचालनालय और सीजीएमएससी के अधिकारियों को भी संदेही बनाया गया है। संबंधित मामलों में पूछताछ का दौर जारी है और कुछ अन्य लोगों की गिरफ्तारी का कयास लगाया जा रहा है। ईओडब्लू के अधिकारियों द्वारा आने वाले दिनों में मामले में बड़ा खुलासा किया जा सकता है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### लखनऊ-वाराणसी रेल मार्ग पर टला बड़ा हादसा

**सुलतानपुर।** सुलतानपुर जिले में लखनऊ-वाराणसी रेल मार्ग पर रविवार सुबह एक बड़ी दुर्घटना होते-होते टल गई। हनुमानगंज



रेलवे क्रॉसिंग पर एक ट्रक से रेलवे पुल के निर्माण के लिए ले जाए जा रहे आठ गार्डर पटरी पर गिर गए। सुबह वाराणसी की ओर जा रहा एक ट्रक जब रेलवे क्रॉसिंग पर पहुंचा, तभी उसकी जंजीर टूट गई।

### दोहरे हत्याकांड का वांछित आरोपी गिरफ्तार

**बस्ती।** बस्ती जिले में पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दोहरे हत्याकांड में वांछित 50 हजार रुपए के ईनामी



आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी बलवीर सेंठा गांव में तीन-चार दिसंबर की दरमियानी रात गोदावरी (60) और उसकी बेटी सौम्या उपाध्याय (22) की हत्या के सिलसिले में वांछित था।

### स्वरा भास्कर का 'एक्स' अकाउंट बहाल

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया मंच 'एक्स' ने अभिनेत्री स्वरा भास्कर का अकाउंट बहाल कर दिया। अभिनेत्री



का अकाउंट उस समय 'हैक' हो गया था, जब उन्होंने उस फर्जी लिंक पर क्लिक कर दिया था। इसमें दावा किया गया था कि अभिनेत्री का पेज निलंबित कर दिया गया है। अभिनेत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी।

### 31.75 लाख का कफ सिरप बरामद, 5 गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस ने दो प्रतिबंधित कफ सिरप की 31.75 लाख रुपए मूल्य की



बोतलें अवैध रूप से रखने के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। मादक पदार्थों से युक्त इन कफ सिरप का अक्सर नशे के लिए इस्तेमाल किया जाता है, जिससे जन स्वास्थ्य को गंभीर खतरा पैदा होता है।

### तृणमूल विधायक नसीरुद्दीन का निधन

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के नदिया जिले के कालीगंज से तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ



विधायक नसीरुद्दीन अहमद का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। शनिवार रात करीब पौने 12 बजे अहमद की तबीयत बिगड़ गई और उन्हें अस्पताल ले जाया गया, रविवार तड़के उन्होंने अंतिम सांस ली।

## महाकुंभ में मेला क्षेत्र नो व्हीकल जोन घोषित, वीवीआईपी पास रद्द

# तीसरा अमृत स्नान आज, जुटेंगे करीब 4 करोड़ श्रद्धालु, शासन मुस्तैद, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

*महाकुंभ श्रद्धालुओं को लगातार अपनी ओर खींच रहा है। बसंत पंचमी पर 3 फरवरी को तीसरा अमृत स्नान है, उसके लिए रविवार से ही श्रद्धालु संगम नगरी की ओर चल पड़े। ऐसा अनुमान है कि बसंत पंचमी पर करीब 4 करोड़ श्रद्धालु डुबकी लगाएंगे। पिछले अमृत स्नान में भगदड़ के बाद सीख लेकर प्रशासन भी ज्यादा मुस्तैदी से तैनात है। रविवार और सोमवार को वीवीआईपी मूवमेंट को भी प्रतिबंधित कर दिया गया है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महाकुंभ नगर

महाकुंभ के अंतिम अमृत स्नान पर्व बसंत पंचमी पर मेला प्रशासन और पुलिस को "शून्य त्रुटि" के साथ सकुशल स्नान संपन्न कराने के मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद पुलिस और प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है और एडीजी भानु भास्कर स्वयं मेला क्षेत्र में भीड़ नियंत्रण व्यवस्था की देखरेख कर रहे हैं। गत मंगलवार देर रात संगम नोज पर घटी भगदड़ की घटना के बाद शनिवार को पहली बार प्रयागराज आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटनास्थल का निरीक्षण किया था और अस्पताल जाकर घायलों से मिलकर उनका हालचाल जाना था। इस बीच, मुख्यमंत्री ने बसंत पंचमी स्नान के लिए तैयारियों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को शून्य त्रुटि के साथ स्नान संपन्न कराने के निर्देश दिए थे। रविवार की सुबह एडीजी भानु भास्कर मेला प्राधिकरण भवन में स्थित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) पहुंचे जहां उन्होंने स्क्रीन पर पूरे मेला क्षेत्र, चौराहों और मेला प्रवेश स्थलों को देखा और घाट से भीड़ खाली ▶▶ शेष पेज 6 पर

- योगी के सख्त निर्देश के बाद बसंत पंचमी स्नान की तैयारी पूर्ण

**5 बजे से शुरू होगा तीसरा अमृत स्नान** | **7200 विशेष बसें चलाई जाएंगी** | **33 करोड़ ने अब तक लगाई डुबकी**



### अब ये होंगे अमृत स्नान

| | |
|---|---|
| बसंत पंचमी | 3 फरवरी |
| माघी पूर्णिमा | 12 फरवरी |
| महाशिवरात्रि | 26 फरवरी |

### आज के लिए ऐसी व्यवस्था

- मेले में साइनेज की संख्या बढ़ाई गई है
- श्रद्धालुओं को सभी घाटों पर स्नान करने के लिए प्रेरित करने को कहा गया है
- मेले में एंट्री और एग्जिट प्वाइंट पर वरिष्ठ अधिकारियों को तैनात किया गया है
- कंट्रोल रूम में दो विशेष अधिकारियों को तैनात किया गया है
- मार्गों पर नियमित रूप से पुलिस की पेट्रोलिंग हो रही है
- पांटून पुल को अधिक संख्या में खोलने का निर्देश दिया गया है
- पांटून पुल के दोनों तरफ पुलिस तैनात रहेगी

### पीएम मोदी 5 को आएंगे!

आगामी पांच फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का महाकुंभ नगर आना प्रस्तावित है। इसको देखते हुए अगले कुछ दिन मेला प्रशासन और पुलिस के लिए चुनौतियों से भरा है। उल्लेखनीय है कि गत मंगलवार देर रात संगम नोज पर भगदड़ मचने से 30 लोगों की मृत्यु हो गई थी और 60 लोग घायल हो गए थे।

### महंत बोले- संगम पर न बढ़ाएं भीड़

अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी ने श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि मान्यता है कि प्रयागराज के पांच कोस को संगम कहा जाता है। उन्होंने कहा कि इसलिए श्रद्धालुओं को फाफामऊ से लेकर अरैल तक कहीं पर भी स्नान करने पर महाकुंभ का पुण्य प्राप्त होता है। उन्होंने कहा, संगम क्षेत्र का सीमित क्षेत्रफल है। इसलिए सभी श्रद्धालुओं से अनुरोध है कि संगम क्षेत्र में अनावश्यक भीड़ ना बढ़ाएं।

## कर्म ऐसे हों कि लोग हमें याद रखें: सीएम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

वसंत पंचमी पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय दुलदुला तहसील के ग्राम पंचायत जामटोली अंतर्गत ग्राम डेवाडेलंगी स्थित मां शारदा धाम पहुंचे। उन्होंने इस धाम परिसर में स्थित मां सरस्वती मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर शारदा धाम में आए श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि मां सरस्वती की कृपा हमेशा आप सब पर बनी रहे। आपके कंठ में सदा मां सरस्वती विराजमान रहे। उन्होंने कहा कि हम सब को मिलकर सनातन धर्म को मजबूत बनाना है। वेदों में कहा गया है कि मानव योनि में जन्म लेना सौभाग्य की बात है। 84 लाख योनियों में भटकने के बाद हमें मानव जीवन मिलता है। हमारे कर्म ऐसे होने चाहिए जब हम इस दुनिया से जाएं तो लोग हमें याद रखें। इस धाम में शिक्षा के लिए अलख जगाने के साथ ही खेलों को भी बढ़ाया जा रहा है। इस धाम के बगल में बह रही गिरमा नदी दो प्रदेशों की संस्कृति को समाहित कर अविरल धारा के साथ बह रही है। इस अवसर पर ▶▶ शेष पेज 6 पर

- वसंत पंचमी पर्व पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव पहुंचे शारदा धाम

### 24 घंटे का अखण्ड राम नाम जाप

ग्राम डेवाडेलंगी में मां शारदा धाम में 24 घंटे का अखण्ड श्रीहरि कीर्तन राम नाम जाप का आयोजन भी चल रहा है। जिसमें आसपास के 48 गांवों के श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचे हैं। इस प्रसिद्ध धार्मिक पर्यटन स्थल शारदा धाम के निकट ही गिरमा नदी बहती है। इस नदी के एक ओर छत्तीसगढ़ है तो दूसरी ओर झारखंड है।

## राजस्थान में बदला मौसम कोलकाता में उड़ानें बाधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली/कोलकाता

देश में मौसम के अलग-अलग रंग दिखाई दे रहे हैं। 14 राज्यों में कोहरे का अलर्ट



जारी किया गया है। राजस्थान में मौसम एक बार फिर बदला है। हल्के बादल छाए और धूप कम रही। सोमवार से हल्की बारिश हो सकती है। इधर, पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रविवार को कोहरे और खराब दृश्यता के कारण कुल 13 उड़ानें प्रभावित हुईं।

### छत्तीसगढ़ से ठंड गायब

छत्तीसगढ़ में लगातार दिन और रात के तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। फरवरी लगते ही गर्मी सताने लगी है। मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश में अगले 2 दिनों में न्यूनतम तापमान में 1 से 3 डिग्री की और बढ़ोतरी होने का अनुमान है। राजधानी रायपुर में शनिवार को दिन और रात तापमान सामान्य से 5 डिग्री ज्यादा रिकॉर्ड किया गया। प्रदेश में 36 डिग्री के साथ बिलासपुर सबसे ज्यादा गर्म रहा।

## कांग्रेस का आरोपपत्र, कहा-एक साल में भाजपाई मालामाल, जनता बदहाल

### 25 बिंदुओं में जारी हुआ पत्र, भाजपा बोली-अपने गिरेबां में झांके कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नगरीय निकाय चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस ने प्रदेश की सरकार को दिशाहीन-अनिर्णय वाली रिमोट सरकार करार देते हुए 25 बिंदुओं पर आरोप पत्र जारी किया है। एक साल के कार्यकाल में प्रदेश की जनता के बदहाल होने और सत्ताधीश भाजपाइयों के मालामाल होने की बात कही गई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने निकाय चुनाव में बिगड़ी कानून व्यवस्था को बड़ा मुद्दा बताते हुए ▶▶ शेष पेज 6 पर




### पांच साल में कोई एक काम बता दे कांग्रेस : मूणत



रायपुर कांग्रेस के आरोप पत्र पर पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने कहा, कांग्रेस ने पांच साल में जितने घोटाले किए, यह इतिहास लिखने लायक है। कई राजनेता जेल के अंदर जा चुके हैं। कई फरारी काट रहे हैं। 5 साल में स्मार्ट सिटी के नाम पर भ्रष्टाचार किया। कांग्रेस 5 साल में कोई एक काम बता दें। आरोप लगाने से पहले कांग्रेस अपने गिरेबा में झांके। कांग्रेस के आरोप उन पर उल्टे पड़ रहे हैं। महादेव एप, कोयला घोटाला, पीएससी जैसे कई घोटाले कांग्रेस ने किए। कांग्रेसियों पर लगे आरोप तथ्यों के साथ हैं।

**प. बंगाल में अनोखा मामला**

## पति की 10 लाख में बेची किडनी नकदी लेकर प्रेमी के साथ फरार

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल से एक अनोखा मामला सामने आया है। राज्य के हावड़ा जिले के सांकराइल की एक महिला ने कथित तौर पर पहले तो अपने पति को 10 लाख में किडनी बेचने के लिए मजबूर किया। पति की किडनी बेच कर जब पैसे मिल गए तो महिला उन पैसों को लेकर अपने प्रेमी के साथ भाग गई।

रिपोर्ट के मुताबिक महिला ने अपनी बेटी की शिक्षा और शादी के लिए पैसे जुटाने के लिए पति पर दबाव डाला ▶▶ शेष पेज 6 पर

### फेसबुक पर मिला था प्रेमी

पति अपने परिवार को किडनी बेचकर गरीबी से निकालने की योजना बना रहा था, लेकिन उसकी पत्नी अपने भविष्य को लेकर कुछ और ही योजना बना चुकी थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक महिला बैरकपुर के रहने वाले एक चित्रकार से फेसबुक पर मिली थी। इसके बाद यह दोनों रिलेशनशिप में आ गए। पत्नी के भागने के बाद पति ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों को ढूंढ निकाला। इसके बाद पति अपनी 10 साल की बेटी को लेकर बैरकपुर पहुंचा लेकिन महिला ने घर के दरवाजे खोलने से ही इंकार कर दिया।

### केंद्रीय वित्तमंत्री ने समझाई बजट की बारीकियां

## पीएम धन-धान्य कृषि योजना बदलेगी 100 जिलों की तकदीर!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

आम बजट पेश करने के बाद केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट की बारीकियां बताईं। बजट की गई घोषणाओं को लेकर एक चैनल से बातचीत में सीतारमण ने कहा कि बजट में जिस पीएम धन धान्य कृषि योजना की घोषणा की गई है। वह आने वाले दिनों में देश के कम से कम 100 जिलों की तकदीर बदलकर रख सकती है। उन्होंने कहा कि ये पीएम धनधान्य कृषि योजना एक गेमचेंजर बनने जा रहा है। मैं ▶▶ शेष पेज 6 पर

### अब्राहम लिंकन का उद्धरण

वित्त मंत्री ने अब्राहम लिंकन का उद्धरण देते हुए केंद्रीय बजट 2025-26 को 'लोगों के द्वारा, लोगों के लिए, लोगों का' बजट बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मध्यम वर्ग के लिए करों में कटौती के पक्ष में थे लेकिन नौकरशाहों को इसके लिए राजी करने में वक्त लगा।



**मध्यम वर्ग के हाथों में बचेगा अधिक पैसा:** सीतारमण ने कहा कि नई दरें मध्यम वर्ग के करों में काफी कमी लाएंगी और उनके हाथों में अधिक पैसा बचेगा जिससे घरेलू खपत, बचत और निवेश को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने इस बड़ी घोषणा के पीछे की सोच को समझाते हुए कहा कि कर कटौती पर कुछ समय से काम चल रहा था।

### नया कानून तैयार

प्रत्यक्ष कर को सरल और अनुपालन में आसान बनाने की दिशा में काम जुलाई, 2024 के बजट में शुरू हो गया था। अब एक नया कानून तैयार है, जो कानून की भाषा को आसान बनाएगा, अनुपालन बोझ कम करेगा और उपयोगकर्ता के अधिक अनुकूल होगा। सीतारमण ने कहा, पिछले बजट के बाद मध्यम वर्ग की आवाज उठने लगी। उसे लग रहा था कि वे कर दे रहे हैं लेकिन अपनी समस्याओं के समाधान के लिए उनके पास ज्यादा कुछ नहीं है। यह अहसास भी दिख रहा था कि सरकार बहुत गरीब एवं कमजोर तबकों की देखभाल करने में बहुत समावेशी है।

## मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों पर था 16 लाख का इनाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

बीजापुर जिले के तोड़का-कोरचोली इलाके में गंगालूर एरिया कमेटी के नक्सली कमाण्डर डीवीसीएम दिनेश मोड़ियम एवं अन्य की मौजूदगी की सूचना पर डीआरजी बीजापुर, एसटीएफ, कोबरा व सीआरपीएफ की संयुक्त टीम द्वारा आपरेशन को अंजाम देते हुए आठ पुरुष माओवादियों को मार गिराया। मारे गए नक्सलियों में 5 लाख के इनामी एसीएम कमलेश समेत ▶▶ शेष पेज 6 पर

- नक्सलियों के कैम्प को जवानों ने किया ध्वस्त, इंसास रायफल, 12 बोर बंदूक व बीजीएल लांचर समेत कई हथियार बरामद



### मारे गए नक्सलियों में ये शामिल

सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ के बाद जिन आठ नक्सलियों का शव बरामद किया। इनमें पश्चिम बस्तर डिविजन के गंगालूर, एरिया कमेटी के एसीएम 5 लाख का इनामी कमलेश नीलकंठ 24 वर्ष के अलावा 3-3 लाख के इनामी ताती कमलू 30 वर्ष व मंगल ताती 35 वर्ष तथा 1-1 लाख के इनामी मिलिशिया कमाण्डर लच्छु पोटाम 40 वर्ष, आरपीसी उपाध्यक्ष शंकर ताती 26 वर्ष, सावनार आरपीसी उपाध्यक्ष राजू ताती, मिलिशिया कंपनी सदस्य विज्जू पदम 22 वर्ष, तथा जनताना सरकार कमाण्डर सावनार आरपीसी के सन्नू ताती 40 वर्ष शामिल है।




# ग्रामीण/शहरी रणभूमि

## विष्णु का सुशासन नजर नहीं आ रहा: बैज


प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भाजपा की विष्णुदेव सरकार 1 साल में विफल साबित हो गई। राज्य में भ्रष्टाचार और कुशासन का दौर हावी है। साय सरकार के 1 साल में विष्णु का सुशासन तो दूर विष्णु की सरकार कही नहीं दिख रही। स्थानीय निकायों में किये गये दोषपूर्ण आरक्षण नीति के कारण ओबीसी वर्ग के लोग सरकार से नाराज है।





## पांच साल में कोई एक काम बता दे कांग्रेस : मूणत

रायपुर कांग्रेस के आरोप पत्र पर पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने कहा, कांग्रेस सरकार में कई बड़े घोटाले के आरोपों में कई राजनेता जेल के अंदर हैं। कई फरारी काट रहे हैं। स्मार्ट सिटी के नाम पर भ्रष्टाचार किया। कांग्रेस के आरोप उन पर उल्टे पड़ रहे हैं। महादेव एप, कोयला घोटाला, पीएससी जैसे कई घोटाले कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में हुए ।



### अंबिकापुर निकाय चुनाव

हरिभूमि न्यूज/ अंबिकापुर

अम्बिकापुर नगर निगम के लिए चुनावी संग्राम तेज हो चुका है। भाजपा और कांग्रेस दोनो ही दलों ने अपने अपने प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। कांग्रेस की ओर से वर्तमान मेयर अजय तिर्की को ही तीसरी बार प्रत्याशी बनाया गया है, वहीं, भाजपा की ओर से 3 बार की महिला पार्षद मंजूषा भगत चुनावी मैदान में है। पिछले चुनाव में मंजूषा भगत, अजय तिर्की से चुनाव हार चुकी हैं। ऐसे में कांग्रेस इस चुनावी मैच को वाक ओवर मान रही है। ऐसे में अब देखना होगा कि इस बार कांग्रेस प्रत्याशी अपनी जीत की हैट्रिक लगाते हैं या फिर चुनाव में भाजपा को जीत मिलती है। दूसरी ओर कांग्रेस का कहना है कि कचरा प्रबंधन पर हमने बेहतर कार्य किया गया है। सैकड़ों महिलाएं इस अभियान से जुड़कर आत्मनिर्भर हुई हैं। कचरा आधारित नई परियोजनाओं एवं बाजारों एवं नई दुकानें विकसित कर रोजगार के अवसर बढ़ाए जाएंगे। किसी भी शिकायत का तत्काल निराकरण किया जाएगा। अच्छी सोच के साथ जनता हमपर भरोसा करेगी।

## शहर का चहुंमुखी विकास ही हमारा सपना है: मंजूषा

***सवाल : आपके चुनावी मुद्दे क्या हैं?***

जवाब : ननि में व्याप्त भ्रष्टाचार, 24 घंटे पेयजल आपूर्ति, गोल बाजार निर्माण, महिला सशक्तिकरण, जर्जर सड़कों का तेजी से विकास, स्वच्छ एवं सुंदर अम्बिकापुर शहर, मल्टी लेवल पार्किंग व्यवस्था हमारा चुनावी मुद्दा है। ननि में 10 सालों से कांग्रेस की सरकार है लेकिन विकास के एक भी नए काम नहीं हुए है। विकास की कई नई योजनाएं बनीं लेकिन कोई भी कागजों से धरातल पर नहीं उतर सकी। मैं कम बोलती हूं तथा काम करने में विश्वास रखती हूं। शहर का चहुंमुखी विकास ही हमारा सपना है।

***सवाल :जनता के बीच क्या संदेश देंगी ?***

जवाब : अभी छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार है। ट्रिपल इंजन की सरकार तेजी से शहर का विकास करेगी तथा फंड की कमी नहीं होगी। राज्य सरकार भी शहर के विकास को लेकर चिंतित है तथा इस दिशा में लगातार काम कर रही है। मैं इंदौर की तर्ज पर शहर को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करूंगी। स्वच्छता की दृष्टि से शहर को अव्वल बनाया जाएगा।

**सवाल : शहर विकास का क्या प्लान हैं?**



जवाब : विकास का सबसे बड़ा माध्यम आवागमन का साधन सड़क है। हमारी केंद्र सरकार जिस संकल्प के साथ सड़कों का निर्माण करा रही है उसी संकल्प से हम शहर की सड़कों का निर्माण कराएंगे। शहर में पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। इसके लिए बहु मंजिला पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी ताकि आवागमन में कोई समस्या नहीं हो। केन्द्र सरकार के बायोगैस योजना को शहर में लागू किया जाएगा तथा कचरे से बायोगैस बनाकर उसका उपयोग किया जाएगा।

***सवाल : महामाया पहाड़ पर अवैध अतिक्रमण के विषय में क्या कहेंगी ?***

जवाब : यह राज्य सरकार एवं प्रशासन का मामला है। प्रदेश सरकार एवं प्रशासन मामले में निर्णय लेगा।

**आमने सामने**

## बाजार एवं नई दुकानें विकसित कर रोजगार बढ़ाएंगे: अजय

***सवाल : आपके चुनावी मुद्दे क्या हैं ?***



**जवाब** : शहर का लगातार विकास हो रहा है। जनता की मांग के अनुरूप मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना ही हमारा मुख्य मुद्दा है। पानी, बिजली स्ट्रीट लाइट, राशन की व्यवस्था करना वर्तमान की अहम जरूरत है जिसे व्यवस्थित किया जाएगा। शहर के किनारे के वार्ड मठपारा, विसुनपुर, लक्ष्मीपुर, चोरकाकछार, घुटरापारा, गंगापुर आदि क्षेत्रों का शहरीकरण, रोजगार विकास के लिए दुकान निर्माण, और अधिक प्रभावी बनाना, लोक स्वास्थ्य को बेहतर बनाना, शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई हमारा चुनावी मुद्दा है।

**सवाल : जनता के बीच क्या संदेश देंगे ?**

**जवाब** : मैं आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति नहीं करता। मैं काम करने में विश्वास करता हूं। नगर निगम क्षेत्र का सभी के साथ मिल विकास किया जाएगा। कचरा प्रबंधन पर हमने बेहतर कार्य किया है। सैकड़ों महिलाएं इस अभियान से जुड़कर आत्मनिर्भर हुई हैं। कचरा आधारित नई परियोजनाओं एवं बाजारों एवं नई दुकानें विकसित कर रोजगार के अवसर बढ़ाए जाएंगे।

***सवाल : शहर विकास का क्या प्लान है?***

जवाब : विपक्ष में रहते हुए भी हमारी सरकार को कभी आर्थिक अड़चन नहीं आई न ही कभी विकास प्रभावित हुआ। इस बार भी शासन ने ननि द्वारा प्रस्तावित सभी सड़कों की स्वीकृति प्रदान की है। विलम्ब से स्वीकृति मिलने के कारण अब सभी सड़कों का निर्माण चल रहा है।

***सवाल : महामाया पहाड़ पर अवैध अतिक्रमण के संबंध में क्या कहेंगे ?***

**जवाब** : अवैध अतिक्रमण विकास में बड़ी बाधा है। अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई होनी चाहिए। महामाया पहाड़ से हमलावर तरीके से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को ठीक नहीं माना जा सकता। प्रशासन को अतिक्रमण कारियों की व्यवस्था करने के उपरांत हटाने की कार्रवाई करना था।

### रोचक खबरें

## किस्मत से मिला मौका, भाग्य से बनी प्रत्याशी, भाजपा ने चाय वाली को चुना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चाय पर चर्चा अक्सर होती है लेकिन राजनंदगांव के एक वार्ड में चाय वाली की चर्चा जोरों पर हो रही है। शहर के वार्ड नम्बर 31 जनता कॉलोनी से भारतीय जनता पार्टी ने एक चाय वाली महिला को अपना प्रत्याशी बनाया है। यहां से प्रत्याशी बनाई गई रीना सिन्हा के ससुर विजय सिन्हा की मठपारा धर्म कांटा के समीप एक छोटे से ठेले में विजय टी-स्टॉल है। इस टी-स्टॉल पर अपने पति और ससुर का हाथ बटाने रीना सिन्हा भी चाय बेचने का काम करती है। वह चाय बनाने से लेकर ग्राहकों को चाय भी देती है। इस छोटे से ठेले से ही उनके परिवार का गुजर बसर होता है। रीना सिन्हा अपने ससुर विजय सिन्हा के एक छोटे से ठेले पर 8 वर्षों से चाय बेचती है। इस दुकान में उनके पति, ससुर और वह स्वयं रहती हैं। भाजपा प्रत्याशी रीना सिन्हा अपने विवाह के दो वर्ष बाद से ही चाय के ठेले पर चाय बेचने का काम प्रारंभ किया था।



### प्रधानमंत्री से प्रेरणा

वार्ड नंबर 31 से भाजपा प्रत्याशी बनाई गई रीना सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से वह काफी प्रेरित है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद भी अपनी सादगी नहीं छोड़ी। वे अपने चाय बेचने की की बात बड़े गर्व से करते हैं। रीना सिन्हा ने कहा कि वह भी भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी बनी है और चाय बेचती हैं, इससे उन्हें भी गर्व है की पार्टी ने एक चाय वाली को अपना प्रत्याशी बनाया है।


### नामांकन के बाद बनी प्रत्याशी

वार्ड नंबर 31 जनता कॉलोनी वार्ड से भारतीय जनता पार्टी ने वर्तमान पार्षद रहे गप्पू सोनकर की पत्नी सोनिया सोनकर को अपना प्रत्याशी बनाया था। इस वार्ड से रीना सिन्हा ने भी अपनी दावेदारी की थी और भारतीय जनता पार्टी से नामांकन फार्म लिया था, लेकिन पार्टी ने प्रत्याशी की घोषणा में सोनिया सोनकर का नाम घोषित किया था, ऐसे में रीना सिन्हा पार्टी से निष्ठा को देखते हुए अपना नामांकन वापस ले लेती, तभी नामांकन पत्रों की समीक्षा के दौरान भाजपा प्रत्याशी सोनिया गप्पू सोनकर का नामांकन जाति प्रमाण पत्र में नाम अलग होने पर निरस्त कर दिया गया, जिसके बाद भारतीय जनता पार्टी ने रीना सिन्हा को अपना प्रत्याशी बना दिया।

## पार्षद से मिलने नदी पार कर 7 किलोमीटर तय करते हैं वार्डवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहर के 48 वार्ड में इकलौता वार्ड है शिव मंदिर जो इंद्रावती नदी के आर पार बसा है। संभवतः यह प्रदेश का भी इकलौता वार्ड होगा जो कि किसी नदी के दोनों ओर है। उस पार बसे लोगों को अपने पार्षद से मिलने लगभग 7 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। विशेष बात यह है कि नदी के उस पार लगभग आधे यानि 600 मतदाता हैं और इस पास उससे दो गुना 1200 मतदाता हैं। इसलिए इस पार के व्यक्ति ही लगातार पार्षद बनते आ रहे हैं। उस पार डोंगा घाट बसा है, वहां मतदाता कम होने से वहां का कोई भी व्यक्ति कभी भी पार्षद नहीं बना है। एक बार कांग्रेस से मनोज पानीग्राही मैदान में उतरे थे, लेकिन वह भी हार गए। वर्तमान पार्षद निर्मल पानीग्राही ने बताया कि लगभग 1800 मतदाता में इस पार 1200 और उस पार 600 हैं। करीब 20 साल पहले इंद्रावती नदी में नाव चलती थी। इसलिए डोंगाघाट के रहने वाले लोग नाव से शहर आते थे। जब इंद्रावती नदी पर नया पुल



इंद्रावती नदी के आर पार बसा है शिव मंदिर वार्ड

बन गया तो लोग पुल से होकर शहर पहुंचते हैं। इसके चलते नाव चलना बंद हो गया। आज की स्थिति में नया पुल और अंग्रेज जमाने में बना पुराना पुल दोनों को पार कर डोंगाघाट के निवासी शहर आते हैं। ऐसी स्थिति में पैदल अथवा बाइक में आने में 7 किलोमीटर दूरी तय करनी पड़ती है जो आने जाने में 14 किलोमीटर हो जाती है। डोंगा घाट वासियों की मांग पर विधायक किरण देव ने लक्ष्मण झूला के लिए प्रस्ताव बनाने लोक निर्माण विभाग सेतु के अधिकारियों को निर्देश दिए थे। विधायक के आदेश का पालन करते हुए विभाग ने मौके पर पहुंचकर स्थल का सर्वे किया था।

### निगम के प्रस्ताव पर लोग सहमत नहीं

भाजपा पार्षद निर्मल पानीग्राही ने हरिभूमि से चर्चा में बताया कि इंद्रावती नदी में नाव चलाने के लिए नगर निगम ने प्रस्ताव रखा था, जिसमें डोंगा घाट के लोग एक समिति बनाकर नाव चलाएंगे। नाव नगर निगम देगा और जो आमदनी होगी, उसे समिति के लोग रखेंगे। इसमें एक शर्त यह भी थी कि अगर किसी तरह की दुर्घटना होगी तो जवाबदारी समिति की होगी। यह विषय समिति को नागवार गुजरा और नाव चलाने की पहल ठंडे बस्ते में चली गई।

## कांग्रेस को गढ़ बचाने की चुनौती, भाजपा के पास खोने को कुछ नहीं

# महापौर के दस पदों के लिए 79 दावेदार सबसे ज्यादा रायपुर में, दुर्ग में सबसे कम

हरिभूमि न्यूज/ रायपुर

छत्तीसगढ़ में हो रहे नगरीय निकायों के चुनावों को लेकर अब तस्वीर साफ हो गई है। राज्य के 10 नगर निगमों के मेयर पद के लिए 79 प्रत्याशी मैदान में है। खास बात ये है कि राजधानी रायपुर के नगर निगम में मेयर बनने के लिए सबसे अधिक 16 प्रत्याशी मैदान में हैं। पड़ोसी दुर्ग में मेयर पद के लिए केवल दो उम्मीदवार लड़ रहे हैं। खास बात ये है कि सभी दस सीटों के लिए मुकाबला राज्य की सत्ताधारी भाजपा और मुख्य विपक्षी कांग्रेस के बीच है। यह नहीं इस चुनाव में कांग्रेस को पिछले चुनाव में जीते अपने गढ़ बचाने की चुनौती है। जबकि भाजपा पास खोने के लिए कुछ नहीं उसे केवल पाना ही है।

### भाजपा कांग्रेस के बीच मुकाबला

छत्तीसगढ़ में जिस तरह विधानसभा और लोकसभा के चुनाव कांग्रेस और भाजपा के बीच होते हैं उसी तरह निकायों के चुनाव में भी मुख्य मुकाबला इन्ही दोनों दलों के बीच है। हालांकि आधा दर्जन से अधिक राष्ट्रीय दल चुनाव लड़ रहे हैं। लेकिन मुकाबले में उनकी ताकत नजर नहीं आ रही है। एक और खास बात ये है कि पिछले चुनाव कांग्रेस शासनकाल में हुए थे। ये चुनाव अप्रत्यक्ष प्रणाली से हुए थे। पिछले चुनाव में इन सभी 10 सीटों पर कांग्रेस के मेयर जीते थे। लेकिन इस चुनाव में सियासत बदली हुई है। राज्य में भाजपा की सरकार है। लिहाजा कांग्रेस के सामने पिछले चुनावों में जीते गढ़ को बचाने की चुनौती है। जबकि भाजपा के पास खोने के लिए कुछ नहीं है। भाजपा जितनी भी सीटें(निगम मेयर) जीतेगी वह उसके लिए पाने वाला ही होगा।

### एक छोड़ सभी सीटों पर भाजपा-कांग्रेस के बीच सीधा






### सबसे अधिक प्रत्याशी रायपुर में

राज्य के दस निगमों में जहां मेयर के लिए इस बार प्रत्यक्ष प्रणाली से चुनाव हो रहा है। इन दस सीटों में सियासी तौर पर राजधानी रायपुर का नगर निगम सबसे प्रमुख है। यहां से 16 प्रत्याशी मैदान में हैं। रायपुर की सीट महिला सामान्य के लिए आरक्षित है। मेयर पद के लिए यहां से कुल 28 महिलाओं ने नामांकन भरे थे, लेकिन मान मनौव्वल के बाद 12 ने नाम वापस ले लिए। इसके बाद भी 16 प्रत्याशी मैदान में हैं। लेकिन इससे बिल्कुल अलग तस्वीर पड़ोसी दुर्ग जिले की है। यहां मेयर पद के लिए केवल दो नामांकन आए। लिहाजा यहां से केवल दो प्रत्याशियों के बीच मुकाबला हो रहा है।

### बाकी आठ सीटों में ये है चुनाव की तस्वीर

रायपुर के बाद राज्य के सबसे बड़े शहर बिलासपुर की बात करें तो यहां मेयर पद के लिए 8 प्रत्याशी मैदान में हैं। यहां से 10 ने नामांकन भरे थे, लेकिन नाम वापसी के समय दो ने नाम वापस ले लिया। कोरबा में मेयर चुनाव के लिए कुल 12 नामांकन आए थे, इनमें से एक की नाम वापसी के बाद 11 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। रायगढ़ में 7 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, यहां कुल 9 नामांकन आए थे, इनमें से दो ने नाम वापस लेकर मैदान छोड़ दिया। अंबिकापुर नगर निगम में मेयर पद के कुल 6 प्रत्याशी मैदान में है। धमतरी निगम में कुल 12 लोगों ने नामांकन भरा था। इनमें से 4 ने नामांकन वापस लिया और 8 प्रत्याशी मैदान में हैं। उल्लेखनीय है कि धमतरी में कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी का नामांकन निरस्त हो गया है। राज्य की यह अकेली सीट है जहां मेयर पद के लिए भाजपा के मुकाबले कांग्रेस मैदान में नहीं है। राजनांदगांव में मेयर पद के लिए 11 प्रत्याशी मैदान में हैं। यहां 13 लोगों ने नामांकन भरा था, लेकिन बाद में 2 ने मैदान से हटने का फैसला कर लिया। जगदलपुर निगम में कुल 5 प्रत्याशी मेयर का चुनाव लड़ रहे हैं। यहां सात लोगों के नामांकन हुए थे, दो ने नाम वापस ले लिया।

### टुकुन की नजर से...




## 5 नगर निगम और 11 नगर पंचायतों के 34 पार्षद और नगर पंचायत बसना अध्यक्ष खुशबू निर्विरोध जीतीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगरीय निकाय चुनाव में पांच नगर निगम में एक वार्ड में निर्विरोध पार्षदों ने जीत दर्ज की। वहीं 11 नगर पंचायत में 29 सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुए। खास बात यह रही कि नगर पंचायत बसना में अध्यक्ष पद पर डॉ. खुशबू अग्रवाल निर्विरोध निर्वाचित हुई। नामांकन प्रक्रिया खत्म होने के बाद नाम वापसी के दौरान भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशियों ने अपने-अपने प्रत्याशी तय किए थे। स्थानीय निकायों में कई जगहों पर राजनीतिक समीकरण और प्रतयाशियों नामांकन निरस्त होने के कारण यह स्थिति बनी। छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव में नाम वापसी का शुक्रवार को आखिरी दिन है. इसके बाद चुनाव आयोग सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह भी जारी करेगा. वहीं, चुनाव से पहले ही बीजेपी को जीत का जश्न मनाने का मौका मिल गया है। नाम वापसी के आखिरी दिन से पहले ही प्रदेश के कई निकायों में कांग्रेस प्रत्याशियों ने अपना नाम वापस ले लिया है, इस वजह से उन जगहों पर बीजेपी प्रत्याशी निर्विरोध जीत गए हैं।

### इन जगहों पर अपनों ने डुबोई कांग्रेस की नैया

**रायगढ़ नगर निगम:** वार्ड 45 से कांग्रेस प्रत्याशी खीरी लाल सिंह ने अपना नाम वापस लिया है। जिसके चलते वार्ड 45 से भाजपा प्रत्याशी नारायण पटेल को निर्विरोध जीत मिली है। वार्ड 18 से भी कांग्रेस प्रत्याशी शीला साहू ने अपना नाम वापस लिया, इस वजह से वार्ड 18 से भाजपा प्रत्याशी पूनम सोलंकी निर्विरोध जीत गई हैं।

**बिलासपुर नगर निगम :** बिलासपुर नगर निगम में वार्ड 13 से कांग्रेस उम्मीदवार श्याम पटेल का नामांकन निरस्त हो गया, इस वजह से बीजेपी प्रत्याशी रमेश पटेल को वॉकओवर मिल गया।

**कटघोरा नगर पालिका:** कोरबा जिले के कटघोरा नगर पालिका में वार्ड 13 से कांग्रेस प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल नहीं किया। वहीं, भाजपा प्रत्याशी का एकमात्र नामांकन दाखिल हुआ है। इसलिए यहां बीजेपी निर्विरोध जीत गई। कटघोरा के ही वार्ड 18 में भी कांग्रेस प्रत्याशी के नामांकन वापस लेने से बीजेपी को वॉकओवर मिला है।

**दुर्ग नगर निगम:** वार्ड 21 से कांग्रेस प्रत्याशी मीरा सिंह ने अपना नामांकन वापस ले लिया, इस वजह से भाजपा प्रत्याशी विद्यावती सिंह निर्विरोध जीत गईं हैं। भिलाई नगर निगम में वार्ड 35 से कांग्रेस प्रत्याशी मनोज सिन्हा के नाम वापस लेने की वजह से भाजपा उम्मीदवार चन्दन यादव निर्विरोध जीत गए हैं।

### निकाय चुनाव से पहले कांग्रेस को झटका

नगरीय निकाय चुनाव में रायगढ़ नगर निगम से पार्षद के 2 कांग्रेस प्रत्याशी और भिलाई नगर निगम से पार्षद के एक कांग्रेस प्रत्याशी ने नाम वापस ले लिया। तीनों जगह भाजपा प्रत्याशी को वॉकओवर मिल गया है। धमतरी नगर निगम में कांग्रेस के मेयर प्रत्याशी विजय गोलछा और विश्रामपुर नगर पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन रद्द हो गया। नगर पंचायत में भाजपा के 20 पार्षद प्रत्याशी निर्विरोध जीते हैं। बसना में नगर पंचायत अध्यक्ष खुशबू अग्रवाल निर्विरोध जीती हैं।

## दुर्ग सीट जहां मेयर प्रत्याशी के साथ विधायक की प्रतिष्ठा भी है दांव पर

**दुर्ग में आते हैं साठ वार्ड, विधानसभा क्षेत्र में आते निगम के साठ वार्ड**

प्रदेश की राजनीतिक का मध्य किला दुर्ग शहर प्रदेश की ऐसी सीट रही है, जहां विधानसभा चुनाव के ठीक बाद नगर निगम चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के साथ ही भाजपा विधायक की प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी है। विधानसभा चुनाव में जो भी प्रत्याशी यहां से जीतकर आते हैं, उनकी साख निगम चुनाव में दोबारा दांव पर लग जाती है। इस बार दुर्ग नगर निगम के साठ वार्ड वाले मेयर सीट के लिए भाजपा से जीतकर आए विधायक गजेन्द्र यादव की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हैं। उन्होंने 48 हजार वोटों के साथ जीत हासिल की थी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

दरअसल दुर्ग शहर विधानसभा की सीट का दायरा नगर निगम के साठ वार्ड हैं, जबकि यही दायरा महापौर के लिए भी लागू होता है। प्रदेश में ऐसी पहली सीट होगी, जहां विधायक और महापौर का दायरा समान है। यही कारण है कि यहां नगर निगम चुनाव में भले ही मेयर प्रत्याशी के साथ ही विधायक की धड़कने तेज हो जाती है। भाजपा के युवा विधायक गजेन्द्र यादव हाल ही के विधानसभा चुनाव में जबरदस्त वोटों के साथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और स्व मोतीलाल वोरा के सुपुत्र अरुण वोरा को यहां से मात दी थी। विधानसभा चुनाव के बाद उन्हे निगम चुनाव के पहले अपना हुनर दिखाने सालभर का मौका भी मिला। विधायक गजेन्द्र यादव का कहना है कि उनके द्वारा दुर्ग में आईटी पार्क, नालंदा परिसर, बीसीसीआई के अगुवाई में अंतरराष्ट्रीय हाकी मैदान बनाने की स्वीकृति दिलाई हैं। वहीं उन्होंने अपने इस सालभर के कार्यकाल में निगम क्षेत्र में करोड़ों रुपए की सौगात भी दिलाई है। उनका कहना है कि वे इस तमाम कार्य से भाजपा का महापौर बनाने में सफल होंगे।

### मेयर के पांचवे चुनाव में ही कांग्रेस और विधायक का रहा साथ




| सन | मेयर | विधायक |
|---|---|---|
| 1999 | सुश्री सरोज पांडेय | हेमचंद यादव |
| 2004 | सुश्री सरोज पांडेय | हेमचंद यादव |
| 2009 | डॉ शिव कुमार तमेर | हेमचंद यादव |
| 2014 | चंद्रिका चंद्राकर | अरुण वोरा |
| 2019 | धीरज बाकलीवाल | अरुण वोरा |

### ऐसे समझे मेयर और विधायक की तिकड़ी

वर्ष 1999 में सुश्री सरोज पांडेय दो कार्यकाल तक बनी रही। उनके दो कार्यकाल में बीजेपी के विधायक स्व हेमचंद यादव रहे। तीसरी बार बीजेपी के ही शिव कुमार तमेर मेयर बने। इस तरह तीन बार दुर्ग नगरनिगम में मेयर और विधायक की तिकड़ी अच्छी रही, लेकिन चौथी बार भाजपा की चंद्रिका चंद्राकर मेयर तो बनी, लेकिन उनके सामने भाजपा के विधायक प्रत्याशी हेमचंद यादव को हराकर विधायक कांग्रेस के अरूण वोरा थे, इसके पहले तीन चुनाव में भाजपा के मेयर के साथ विधायक हेमचंद यादव का साथ रहा, लेकिन चौथी बार मेयर भाजपा और विधायक अरूण वोरा थे। इस कार्यकाल में विकास एकतरफ रह गई और जमकर राजनीति से समीकरण बिगड़ता रहा। वही वर्ष 2019 में मेयर चुनाव अप्रत्यक्ष रहा। जिसमें कांग्रेस के मेयर धीरज बाकलीवाल चुने गए थे, इस दौरान भी विधायक अरूण वोरा थे। ऐसा पहली बार पांच चुनाव में हुआ जब मेयर और विधायक कांग्रेस के रहे और कुछ हद तक विकास भी देखे गए।




**अयोध्या में दरिंदगी** पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हुआ इस तरह की हैवानियत का खुलासा

# दलित युवती का नग्न अवस्था में मिला शव, निकाल ली गईं आंखें

**पुलिस ने भागवत कथा सुनने गई युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या किए जाने का अंदेशा जताया**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/अयोध्या

अयोध्या जिले में एक दलित युवती का शनिवार को शव बरामद हुआ है। युवती का शव निर्वस्त्र अवस्था में बरामद हुआ। उसके हाथ-पैर बांधे हुए थे। युवती की बेरहमी से हत्या कर उसकी आंखें निकाल ली गई थीं और शरीर पर कई जख्म दिए गए थे। पुलिस ने युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या किए जाने का अंदेशा जताया है। अयोध्या के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) आशुतोष तिवारी ने बताया कि 22 साल की एक युवती की गुमशुदगी की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने शुक्रवार को प्राथमिकी दर्ज की।

*सीएम योगी आदित्यनाथ ने अवधेश प्रसाद के रोने को बता दिया नौटंकी तो राहुल और प्रियंका ने भी उठाए सवाल*



*परिजनों ने कहा कि पुलिस तुरंत एक्शन में आ गई होती तो उनकी बेटी की जान बचाई जा सकती थी*



रोते हुए सपा सांसद अवधेश प्रसाद बोले

**मैं मोदी जी के सामने इस मुद्दे को उठाऊंगा, न्याय नहीं मिला तो इस्तीफा दे दूंगा**

इसी केस में सांसद अवधेश प्रसाद ने पीड़िता के परिवार से मुलाकात की थी। अवधेश प्रसाद ने कहा कि मैं हर कीमत पर इस मुद्दे को लोकसभा में मोदी के सामने उठाऊंगा, अगर न्याय नहीं मिला तो मैं इस्तीफा तक दे दूंगा। हम बेटी की इज्जत बचाने में नाकामयाब हो रहे हैं, खुद सोचिए इतिहास हमारे बारे में क्या कहेगा, यह हिंदुस्तान की सबसे दर्दनाक घटना है।

## सीएम योगी ने कहा- दरिंदगी में होगा 'इनके ही' लोगों का हाथ

अयोध्या में दलित लड़की के साथ दरिंदगी के मसले पर भी सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि समाजवादी पार्टी को गुंडा-माफिया प्यारे हैं। अयोध्या में दलित लड़की के साथ दरिंदगी के मसले पर उन्होंने अंदेशा जताते हुए कहा कि इस घटना में कोई इनका आदमी होगा। बेटी की घटना पर सांसद नौटंकी कर रहे हैं। सीएम ने साफ कहा कि बहन-बेटियों के साथ दरिंदगी करने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा।

राहुल-प्रियंका ने योगी सरकार के घेरा

**बच्ची तीन दिन से गायब थी, पुलिस ने कुछ नहीं किया**

रायबरेली से सांसद राहुल गांधी ने अयोध्या में दलित युवती से दरिंदगी को हृदयविदारक और शर्मनाक बताया है। उन्होंने मामले में पुलिस पर लापरवाही का भी आरोप लगाते हुए कहा कि अगर पीड़ित परिवार की गुहार पर प्रशासन ध्यान दिया होता तो शायद उसके जीवन को बचाया जा सकता था। एक और बच्ची के जीवन का घिनौने अपराध की वजह से अंत हो गया। आखिर कब तक और कितने परिवारों को इस तरह से रोना-तड़पना पड़ेगा? वायनाड से कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि अयोध्या में भागवत कथा सुनने गई एक दलित बच्ची के साथ जिस तरह की बर्बरता हुई है उसे सुनकर किसी भी इंसान की रूह कांप जाएगी।

## ठाणे में 31 लाख कफ सिरप बरामद, पांच गिरफ्तार

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस ने दो प्रतिबंधित कफ सिरप की खेप पकड़ी है। इस खेप की कीमत 31.75 लाख रुपये है। पुलिस ने इस मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। मादक पदार्थों से युक्त इन कफ सिरप को अक्सर नशे के लिए इस्तेमाल किया जाता है, जो सेहत के लिए बेहद खतरनाक है। नारपोली पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर 31 जनवरी को भिवंडी कस्बे से पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। अपराध शाखा के अधिकारियों ने 17,640 बोतलें जब्त कीं, जिनमें कोडीन फॉस्फेट (एक प्रकार का अफीम) और अन्य रसायन थे। उन्होंने बताया कि इन्हें 147 बक्सों में रखा गया था।

**पिता के अंतिम संस्कार पर बेटों में विवाद**

# दो टुकड़े कर लाश का बंटबारा करने की अजीबो-गरीब मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जतारा थाना अंतर्गत ग्राम टाल लिधौरा से एक अजीबो-गरीब मामला सामने आया है। जहां पिता की मौत के बाद दो बेटों में पिता का अंतिम संस्कार करने को लेकर विवाद हो गया।

बड़े बेटे ने मांग रखते हुए मृत पिता की लाश के दो टुकड़े करके उसका बंटबारा करने की मांग रख दी। जिसको सुनकर मौके पर मौजूद परिजन व रिश्तेदार अचंभित हो गए। तब जतारा थाना प्रभारी अरविंद सिंह दांगी ने दोनों पक्षों को समझाया गया। इस दौरान लगभग 5 घंटे तक पिता की लाश घर के बाहर रखी रही। छोटे बेटे द्वारा दोपहर के वक्त पिता का अंतिम संस्कार किया जा सका।



■ पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाया तब हो पाया अंतिम संस्कार

**पूर्व सरपंच के घर एमडी ड्रग बनाने की फैक्ट्री**

# सवा 2 करोड़ रुपए की ड्रग्स बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर

जिले के आक्या कुंवरपद गांव के पूर्व सरपंच के घर से सवा 2 करोड़ रुपए की एमडी ड्रग बरामद हुई है। पूर्व सरपंच घर में एमडी ड्रग का कारखाना चला रहा था।

नारकोटिक्स विंग के छापा मारने से पहले ही पूर्व सरपंच फरार हो गया। घर के पास स्थित पानी की हौद से एमडी बनाने के उपकरण और तैयार ड्रग्स बरामद की गई।



## ब्रेकअप से परेशान युवक ने थाने में खाया जहर

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर शहर में शनिवार को एक 30 साल के व्यक्ति ने पुलिस स्टेशन में जहर खा लिया। उसकी पार्टनर ने उसके साथ लिव-इन रिलेशनशिप खत्म कर दी थी, इसकी वजह से वह अपनी जान देना चाहता था। शख्स की पहचान सागर मिश्रा के तौर पर हुई है। यह घटना नंदनवन पुलिस स्टेशन में हुई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। सागर की 27 साल की लिव-इन पार्टनर ने पिछले हफ्ते उसकी शराब की लत के चलते रिश्ता तोड़ दिया था।



**बसंत पंचमी पर टिहरी के राजपुरोहित ने निकाली तिथि**

# बद्रीनाथ मंदिर के कपाट 4 मई को खुलेंगे

एजेंसी ▶▶ चमोली

उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित बद्रीनाथ मंदिर के पवित्र कपाट 4 मई को सुबह 6 बजे श्रद्धालुओं के लिए खुलेंगे। बसंत पंचमी पर नरेंद्र नगर में पूर्व टिहरी राज दरबार में विशेष पूजा-अर्चना के बाद मंदिर के कपाट खुलने का समय तय किया गया। गणेश पंचांग और चौकी पूजन के बाद राज पुरोहित आचार्य कृष्ण प्रसाद उनियाल ने बद्रीनाथ मंदिर के कपाट खुलने की तिथि तय की।

इस दौरान टिहरी के पूर्व महाराजा मानवेंद्र शाह, लोकसभा सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह, बद्रीनाथ के मुख्य पुजारी रावल अमरनाथ नंबूदरी, बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विजय थपलियाल और कई अधिकारी मौजूद थे।

17 नवंबर 2024 को बद्रीनाथ के कपाट पंच पूजा के बाद शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए थे। पिछले साल उत्तराखंड की चारधाम यात्रा के दौरान अकेले बद्रीनाथ धाम में 14 लाख 25 हजार से ज्यादा लोगों ने दर्शन किए थे।


इंडियनऑयल IndianOil

**इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड**

विपणन विभाग

**विज्ञापन संख्या आईओसीएल/विपणन/एचओ/आरईसी/2025**

**गैर - कार्यकारी श्रेणी में अनुभव प्राप्त कार्मिकों की अखिल भारतीय खुली नियुक्ति तथा गैर-कार्यकारी श्रेणी में बेंचमार्क विकलांग व्यक्तियों (PwBD) के लिए विशेष नियुक्ति अभियान (SRD)**

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) एक संघटित तथा विविधतापूर्ण ऊर्जा प्रमुख कंपनी है, जिसकी उपस्थिति तेल, गैस, पेट्रोकेमिकल्स और वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों में है। 'महारत्न' दर्जा प्राप्त यह संगठन देश की ऊर्जा आवश्यकता को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है और इसका लक्ष्य भारत की ऊर्जा तथा विश्व' स्तर पर प्रशंसित कंपनी बनना है।

अपने भावी विकास को ऊर्जा देने हेतु, इंडियन ऑयल भारत के विभिन्न राज्यों में स्थित अपने इंस्टॉलेशनों / कार्यालयों के लिए विपणन विभाग में श्रेणी-I. वेतनमान रु. 23,000-78,000/- तथा श्रेणी-III वेतनमान रु. 25,000-1,05,000/- में विभिन्न पदों पर चयन के हेतु भारतीय राष्ट्रीयता के प्रतिभाशाली, युवा तथा ऊर्जावान व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित करता है। वेतनमान के अनुसार मूल वेतन के अलावा अन्य प्रतिपूर्ति तथा लाभ, जैसे महंगाई भत्ता, गृह किराया भत्ता, चिकित्सा प्रतिपूर्ति, अवकाश यात्रा सुविधा, सेवा निवृत्ति लाभ, इत्यादि समय-समय पर कंपनी के नियमों के अनुसार प्रदान किये जाते हैं।

आरक्षण, शैक्षिक योग्यता, अनुभव मापदंड, चयन की प्रणाली तथा अन्य मानदंड/ मापदंडों सहित पदसंख्या के साथ विस्तृत विज्ञापन हमारी कॉर्पोरेशन वेबसाईट **www.iocl.com,** पर उपलब्ध है। विस्तृत विज्ञापन देखने तथा ऑनलाईन आवेदन करने हेतु वेबसाइट **www.iocl.com** पर जाएं फिर **'IndianOil For You'** पर जाकर **'IndianOil For Careers' > 'Latest Job Opening' > 'Job Opening' > 'Recruitment of Non-Executive Personnel in Marketing Division-2025'** पर क्लिक करें।

पदवार अधिसूचित पदों का सारांश निम्नानुसार है:

**अ) गैर कार्यकारी श्रेणी में अनुभव प्राप्त कार्मिकों की अखिल भारतीय खुली नियुक्ति के लिए**

| पद संकेत | श्रेणी | पदनाम | कुल पदों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 101 से 123 | श्रेणी-I | जूनियर ऑपरेटर | 215 |

सरकारी निर्देशों तथा अन्य अनुदेशों के अनुसार एससी/एसटी/ ओबीसी (एनसीएल) /ईडब्ल्यूएस/ भूतपूर्व सैनिकों हेतु आरक्षित पदों के लिए विस्तृत विज्ञापन देखें।

**ब) गैर- कार्यकारी श्रेणी में केवल बेंचमार्क विकलांग व्यक्तियों (PwBD) के लिए विशेष नियुक्ति अभियान (SRD)**

| एसआरडी (SRD) - केवल PwBD के लिए आरक्षित पद | | | |
|---|---|---|---|
| पद संकेत | श्रेणी | पदनाम | कुल पदों की संख्या |
| 201 से 204 | श्रेणी-I | जूनियर अटेंडन्ट | 23 |
| 205 से 208 | श्रेणी-III | जूनियर बिज़नेस असिस्टंट | 08 |

**महत्त्वपूर्ण तिथियाँ:**

| गतिविधि | तिथियाँ |
|---|---|
| ऑनलाईन आवेदन प्रारंभ की तिथि (वेबसाईट लिंक: https://iocl.com/latest-job-opening) | 03.02.2025 (सुबह 10.00 बजे) |
| ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुति, दस्तावेज़ अपलोड करना तथा आवेदन शुल्क का भुगतान आदि की अंतिम तिथि | 23.02.2025 (रात 23.55 बजे) |
| कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी)" का संभावित महिना | अप्रैल 2025 |
| कम्प्यूटर आधारित परीक्षण परिणाम के प्रकाशन की संभावित अनुसूचि (एसपीपीटी/सीपीटी के लिए शॉर्टलिस्ट) https://iocl.com/latest-job-opening | अप्रैल/मई 2025 |




## चिंतन

# बजट में घरेलू उपभोग व मांग बढ़ाने पर जोर

आम बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने घरेलू उपभोग व मांग बढ़ाने पर जोर दिया है। चालू वित्त वर्ष में सुस्त ग्रोथ का सामना कर रही अर्थव्यवस्था के लिए अगले वित्त वर्ष में भी जीडीपी दर सात फीसदी के नीचे रहने का अनुमान आर्थिक समीक्षा में लगाया गया है। आर्थिक वृद्धि दर चार साल के निचले स्तर 6.4 प्रतिशत पर रहने का अनुमान है। बजट वर्ष के लिए 6.3 से 6.8 फीसदी के बीच जीडीपी के रहने का अनुमान है। अभी कुछ वर्षों से देश में आर्थिक सेंटिमेंट ऐसा बना हुआ है, जिसमें कहा जा रहा है कि सरकार ने खपत बढ़ाने पर अधिक ध्यान नहीं दिया है और सार्वजनिक खर्च में भी कमी आई है। हालांकि सरकार पर सब्सिडी बोझ में बहुत कमी नहीं आई है। ऐसे में पूरी उम्मीद यही थी कि सरकार इस बजट में सरकारी खर्च व खपत बढ़ाने के उपाय करेगी और आर्थिक सुधार के अगले चरण की शुरुआत करेगी। एक फरवरी को संसद में पेश बजट में 12.75 लाख रुपये तक सालाना आय को कर मुक्त करने का प्रस्ताव किया गया है, नई टैक्स रिजीम में स्लैब में बदलाव किया है, नया आयकर कानून लाने का वादा किया गया है। आयकर को लेकर सरकार का यह बोल्ड स्टेप है। नई कर व्यवस्था में छूट के माध्यम से मध्यम वर्ग के करों में काफी कमी आएगी और उनके हाथ में अधिक पैसा बचेगा, जिससे घरेलू उपभोग, बचत और निवेश को बढ़ावा मिलेगा। जीएसटी में अत्यधिक सुधार की जरूरत थी, पर बजट में इस पर ध्यान नहीं दिया गया है। शायद आगे जीएसटी के सरलीकरण पर विचार हो। फूड व फर्टिलाइजर सब्सिडी मामूली बढ़त के साथ जारी रखी गई है। बीमा में शर्त के साथ सौ फीसदी एफडीआई की अनुमति दी गई है, लेकिन दूसरे कई क्षेत्र हैं, जिसमें एफडीआई सीमा बढ़ाने की जरूरत थी। न्यूटेक व न्यूएज इकोनॉमी में रेगुलेशन के साथ और अधिक उदारीकृत निवेश नियम की आवश्यकता है। बजट में इस पर स्पष्टता नहीं है। हेल्थ सेक्टर में इरडा, ट्राई व सेबी की तरह व्यापक नियामक की जरूरत है, बजट में इस पर कुछ नहीं है, लेकिन इसमें नियामक की जरूरत के अवलोकन के लिए एक समिति गठन का प्रस्ताव है। शायद समिति इस बिंदु पर विचार करे। इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास पर जारी खर्च को जारी रखा गया है। इस बजट में भी 11 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। पिछले तीन बजट से आवंटन 10 लाख करोड़ रुपये के आसपास रहा है। इस बजट में भी रेल, सड़क, पोर्ट, एयरपोर्ट आदि इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास को तवज्जो दी गई है। हालांकि सरकार ने पूंजी व्यय बढ़ाने का ऐलान किया है, लेकिन कर्ज अदायगी पर बड़े ब्याज भार को कम करने के लिए विनिवेश को लेकर कोई नया ऐलान नहीं किया गया है। सरकार विनिवेश की गति बढ़ा कर अगर कर्ज कम करेगी तो ब्याज भार को कम किया जा सकेगा। सरकार को बड़ी रकम ब्याज चुकाने पर खर्च करना पड़ रहा है। बजट में विकसित भारत के लक्ष्य के लिए चार इंजन कृषि, एमएसएमई, निवेश और निर्यात को चिन्हित किया गया है। सरकार ने टैक्सेशन, शहरी विकास, खनन, वित्तीय क्षेत्र, बिजली और नियामकीय ढांचा जैसे छह क्षेत्रों में सुधारों की शुरुआत का वादा किया है। परमाणु ऊर्जा मिशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस समेत कुछ घोषणाएं सराहनीय है, राजनीति के साथ हेडलाइन पर ध्यान दिया गया है, लेकिन उद्योग क्षेत्र व रोजगार सृजन के लिहाज से सरकार के पास बजट को और प्रोग्रेसिव और आर्थिक सुधार को गति देने वाला बनाया जा सकता था। अभी सरकार के पास इसके लिए पूरा मौका भी था।



सियासत
राज कुमार सिंह

# दिल्ली चुनाव में कांटे की टक्कर

दिल्ली विधानसभा चुनाव पूरी तरह मुफ्त रेवड़ियों के वादों पर लड़ा जा रहा है। दस साल से दिल्ली की सत्ता पर काबिज आप इस बार भी मुफ्त रेवड़ियों के सहारे मतदाताओं को लुभाने की कोशिश कर रही है तो रेवड़ी-राजनीति को अर्थव्यवस्था के लिए घातक बताने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भाजपा भी रेवड़ियां बांटने की स्पर्धा में किसी से पीछे नहीं रहना चाहती। कभी लगातार 15 साल दिल्ली में सत्तारूढ़ रही, पर पिछले दो विधानसभा चुनावों में खाता तक खोलने में नाकाम कांग्रेस की भी सारी उम्मीदें मुफ्त रेवड़ियों के वादों पर ही टिकी हैं। चुनाव घोषणापत्रों के इस दौर में, भाजपा दिल्ली चुनाव के लिए अभी तक तीन हिस्सों में अपना 'संकल्प पत्र' जारी कर चुकी है।

दिल्ली विधानसभा के लिए चुनाव 5 फरवरी को होने जा रहा है। मतदाताओं का मन तो आठ फरवरी को ही पता चलेगा, लेकिन यह तय है कि इस चुनाव में कांटे की टक्कर है। कहने को तो कांग्रेस पार्टी फिर से अपनी खोई जमीन हथियाने की पुरजोर कोशिश में जुटी है लेकिन धरातल पर भाजपा और आप में ही सीधी टक्कर है। दिल्ली विधानसभा चुनाव पूरी तरह मुफ्त रेवड़ियों के वादों पर लड़ा जा रहा है। दस साल से दिल्ली की सत्ता पर काबिज आप इस बार भी मुफ्त रेवड़ियों के सहारे मतदाताओं को लुभाने की कोशिश कर रही है तो रेवड़ी-राजनीति को अर्थव्यवस्था के लिए घातक बताने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भाजपा भी रेवड़ियां बांटने की स्पर्धा में किसी से पीछे नहीं रहना चाहती। कभी लगातार 15 साल दिल्ली में सत्तारूढ़ रही, पर पिछले दो विधानसभा चुनावों में खाता तक खोलने में नाकाम कांग्रेस की भी सारी उम्मीदें मुफ्त रेवड़ियों के वादों पर ही टिकी हैं। चुनाव घोषणापत्रों के नये नामकरण के इस दौर में, भाजपा दिल्ली चुनाव के लिए अभी तक तीन हिस्सों में अपना 'संकल्प पत्र' जारी कर चुकी है। प्रतिद्वंद्वियों के मुद्दों को मात देने कवायद में ही ऐसा करना पड़ रहा है। पानी, बिजली और महिलाओं को बस यात्रा मुफ्त तथा बेहतर शिक्षा-स्वास्थ्य से अपनी अलग पहचान बनानेवाली आप ने अभी तक लागू न हो पायी महिला सम्मान योजना की राशि 1000 से बढ़ाकर 2100 रुपये करने का ऐलान किया तो कांग्रेस और भाजपा ने 2500 रुपये का वादा कर दिया।

यह प्रतिस्पर्धा हर वर्ग को लुभाने के लिए की गयी घोषणाओं में दिखती है। आप ने पुजारियों और ग्रंथियों को वेतन का ऐलान किया तो कांग्रेस ने दिल्ली में बड़ा वोट बैंक बन चुके पूर्वांचलियों के लिए विकास बोर्ड बनाने का ही वादा कर दिया है। कांग्रेस युवाओं को एक साल की इंटर्नशिप और साढ़े आठ हजार रुपये देने मासिक देने का वायदा कर रही है तो भाजपा ने केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं में बैठनेवाले छात्रों को 15 हजार रुपये देने की बात कही है। कांग्रेस की तरह भाजपा भी 500 रुपये में गैस सिलेंडर तो देगी ही, होली-दिवाली पर मुफ्त सिलेंडर भी दिया जायेगा। मुफ्त रेवड़ियों की यह फेहरिस्त लंबी है, पर विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था में भी ऐसी विडंबना पर शर्म किसी के चेहरे पर नजर नहीं आती। पांच साल तक सत्ता में रही भाजपा और फिर 15 साल तक सत्ता में रही कांग्रेस लंबे समय से विपक्ष में होने के तर्क के सहारे अपनी वादों की राजनीति का बचाव करते हैं तो दस साल से सत्तारूढ़ आप के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने भी यमुना सफाई जैसे अधूरे वादों के बचाव में पहले ढ़ाई साल 'कोरोना' और फिर 'जेल का खेल' का तर्क देते हुए 15 गारंटियां बांट दी हैं। मुफ्त रेवड़ियों का यह चुनावी खेल तब परवान चढ़ रहा है, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा भारतीय रिजर्व बैंक और नीति आयोग भी मुफ्त रेवड़ियों की राजनीति के आर्थिक खतरों पर चिंता जता चुके हैं। खुद सवालों से घिरे चुनाव आयोग की बात न भी करें तो देश की सर्वोच्च अदालत तक इस प्रवृत्ति पर सवाल उठा चुकी है, लेकिन इस सबसे बेपरवाह सत्ता के खिलाड़ी इन्हें जन कल्याण योजनाएं बता रहे हैं। रेवड़ी-



राजनीति के चुनावी असर का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि दिन-रात केजरीवाल को कोसनेवाली भाजपा को कहना पड़ रहा है कि अगर वह सत्ता में आयी तो भी आप सरकार की जन कल्याण योजनाएं जारी रहेंगी। हां, लोकतंत्र में जिस जनता को जनार्दन बताया जाता है, उसे यह बताने की जहमत कोई दल नहीं उठा रहा कि जन कल्याण के नाम पर बांटी जा रही रेवड़ियों पर कितना खर्च आयेगा और वह कहां से जुटाया जायेगा? सत्ता के तीनों दावेदार अन्य राज्यों में एक-दूसरे के चुनावी वादों और उनके पूरे होने पर सवाल उठाते हुए अपने 'ट्रैक रिकॉर्ड' के लिए खुद ही अपनी पीठ भी थपथपा रहे हैं। संकल्प पत्र का पहला भाग जारी करते हुए भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दावा किया कि 500 में से 499 चुनावी वादे पूरे करने के साथ ही उनकी पार्टी का रिकॉर्ड सबसे बेहतर है। कांग्रेस और आप, लोकसभा चुनाव से लेकर तमाम विधानसभा चुनाव वाले राज्यों में भाजपा के अधूरे चुनावी वायदे गिना रहे हैं। भाजपा भी पंजाब में आप तथा हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में कांग्रेस के चुनावी वादों को अधूरा बता रही है। इन आरोप-प्रत्यारोपों का सच जो भी हो, इतना तय है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत की राजधानी दिल्ली में इस बार भी चुनाव मुफ्त रेवड़ियों के वादों पर ही लड़ा जा रहा है। महंगाई पर अंकुश और रोजगार बढ़ाने का विजन किसी राजनीतिक दल ने पेश नहीं किया है। ऐसे में दिल्ली के मतदाताओं को मुफ्त रेवड़ियों के वादों के आधार पर ही अपनी पसंद का राजनीतिक दल और उम्मीदवार चुनना होगा। हां, इसमें उनका राजनीतिक रुझान और संबंधित दल की वादे पूरे करने में विश्वसनीयता एक कारक बन सकता है, पर उन्हें याद रखना होगा कि मुफ्त रेवड़ियों की इसी राजनीति के चलते अभी तक 'सरप्लस' रहने वाले दिल्ली के बजट पर घाटे की तलवार लटक रही है। हाल ही में आयी भारतीय स्टेट बैंक की एक रिपोर्ट बताती है कि खासकर आधी आबादी के वोट बटोरने के लिए घोषित की जा रही मुफ्त योजनाएं राज्यों की अर्थव्यवस्था के लिए चुनौतियां बन रही हैं। रिपोर्ट कहती है कि महिलाओं के खाते में सीधे नकद भेजने वाली योजनाओं का बढ़ता चुनावी चलन एक खतरनाक आर्थिक संकेत है। दिल्ली में 1000 रुपये मासिक महिला सम्मान योजना पर ही बजट का तीन प्रतिशत खर्च होने का अनुमान था। अगर उसे बढ़ा कर 2100 या 2500 रुपये किया गया तो वह और बढ़ जायेगा। पश्चिम बंगाल में लागू लक्ष्मी भंडार योजना पर होने वाला 14400 करोड़ रुपये का खर्च राज्य की कुल राजस्व प्राप्ति का छह प्रतिशत है। कर्नाटक में गृह लक्ष्मी योजना के लिए आवंटित 28608 करोड़ रुपये कुल राजस्व प्राप्ति का 11 प्रतिशत बनता है। देश के आठ राज्यों में ही महिलाओं को मुफ्त नकदी बांटने वाली योजनाओं का खर्च डेढ़ लाख करोड़ रुपये के पार चला गया है। आधी आबादी को बिना काम नकदी, चुनाव कर जीत सत्ता पाने का कारगर फॉर्मूला बन रहा है। आने वाले समय में यह प्रवृत्ति और बढ़ेगी ही। ऐसे में दीर्घकालीन सर्वांगीण विकास की सोच और योजनाएं हमारे नीति-नियंताओं के एजेंडा से गायब ही होती जायेंगी। सतही तर्क हो सकता है कि जब मतदाता ही आत्मकेंद्रित सोच से ग्रस्त हैं तो उनके वोट पाने के लिए की जाने वाली राजनीति की सोच व्यापक और विकासपरक कैसे हो सकती है? देश की राजधानी दिल्ली की यह चुनावी तस्वीर मुफ्त रेवड़ियों की चुनावी राजनीति से मुक्ति की उम्मीद तो हरगिज नहीं जगाती। इसलिए राज्यों पर बढ़ते कर्ज का बोझ कम होने की उम्मीद भी नहीं की जानी चाहिए। याद यह भी रखना चाहिए राज्य पर कर्ज का बोझ अंततः नागरिकों पर ही कर्ज का बोझ है, क्योंकि राजनेता तो सत्ता-सुख भोग कर आते-जाते रहेंगे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## विश्लेषण
अरविंद जयतिलक



# उम्मीदों की कसौटी पर खरा बजट

देश के विपक्षी दल वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत आम बजट की चाहे जितनी निंदा और आलोचना करें लेकिन देश का आमजन, मध्यम वर्ग, कारपोरेट जगत और शेयर बाजार बजट से उत्साहित और संतुष्ट है। इसलिए कि वित्तमंत्री ने अर्थव्यवस्था की धीमी रफ्तार को गतिशील करने के लिए करों का बोझ बढ़ाने और सब्सिडी पर कैंची चलाने से परहेज करते हुए बजट को मानवीय रूप देने की भरपूर कोशिश की है। उन्होंने सभी वर्गों का भरपूर ख्याल रखते हुए विकास का क्रांतिकारी बजट पेश किया है। उन्होंने बजट में सामाजिक और आर्थिक सुधारों के बीच बेहतर संतुलन स्थापित करते हुए अर्थव्यवस्था को नई उड़ान दी है। माना जा रहा है कि इस बजट से औद्योगिक और आर्थिक गतिविधियों के पहिये नाच उठेंगे और वर्षों से आस लगाए मध्यम वर्ग के लोगों के हाथ में पैसा आएगा। गौर करें तो यह बजट मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर, भरपूर निवेश, टिकाऊ विकास और अधिकतम रोजगार की संभावनाओं से लैस है। वित्तमंत्री ने टैक्स दर में व्यापक बदलाव किया है जिससे कि बाजार में नकदी की आमद बढ़ेगी। बजट के आंकड़ों पर नजर डालें तो उधारियों के अलावा कुल प्राप्तियां और कुल व्यय 34.96 लाख करोड़ तथा 50.65 लाख करोड़ रहने का अनुमान है। राजकोषिय घाटा जीडीपी का 4.4 फीसदी और सकल बाजार उधारियां 14.82 लाख करोड़ रहने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2025-26 में कैपेक्स व्यय 11.21 लाख करोड़ रहने का अनुमान है जो कि जीडीपी का 3.1 फीसदी है। देखें तो खर्च बढ़ने के बावजूद सरकार घाटा को नियंत्रित करने में सफल रही है। चूंकि बजट के प्रावधानों के मुताबिक पूंजीगत खर्च में रिकार्ड इजाफा हुआ है उससे सार्वजनिक ढांचे को मजबूती मिलनी तय है और इससे रोजगार भी सृजित होंगे। इस वित्त वर्ष में विकास दर 6.9 फीसदी रहने का अनुमान है जो कि वैश्विक परिदृश्य के लिहाज से संतोषजनक है। सरकारी खर्च बढ़ाने के कारण यह बजट युवाओं, मध्यम वर्ग, महिलाओं, किसानों और अनुसूचित जनजातियों के हित में होगा। निजी क्षेत्र में निवेश बढ़ने से अगले एक वर्ष में तकरीबन कई लाख नौकरियां सृजित होंगी और बेरोजगारी का ग्राफ गिरेगा। वित्तमंत्री ने सैलरीड क्लास के लिए 12 लाख तक की आमदनी पर कोई टैक्स न लगाकर मध्यम वर्ग को भारी राहत दी है। मजेदार बात यह कि सैलरीड क्लास के लोगों को 75000 रुपये के स्टैंडर्ड डिडेक्शन का फायदा भी मिलता रहेगा। वित्तमंत्री ने बजट में विकास के प्रथम इंजन के रूप में कृषि को मजबूती देने के लिए राज्यों की भागीदारी से प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना शुरू करने का ऐलान किया है। इससे 1.7 करोड़ किसान लाभान्वित होंगे। आर्थिक रूप से पिछड़े राज्य बिहार में मखानों का उत्पादन, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और विपणन में सुधार लाने के लिए बिहार में मखाना बोर्ड स्थापित किया जाएगा। सरकार अंडमान और निकोबार एवं लक्षद्वीप जैसे द्वीपों पर विशेष ध्यान देने के साथ भारतीय विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र और गहरे समुद्रों से निरंतर मछली पकड़ने को बढ़ावा देने के लिए एक फ्रेमवर्क लाएगी। निःसंदेह इस क्षेत्र में रहने वाले लोगों के रोजगार में वृद्धि होगी और उनका जीवन सुधरेगा। वित्तमंत्री ने कपास उत्पादन से जुड़े किसानों की बेहतरी के लिए 5 वर्षीय मिशन का ऐलान किया है जिससे किसानों का कल्याण होगा। कृषि कार्य से जुड़े देश के करोड़ों किसानों को कृषि उपक्रम हेतु नकदी की कमी न हो, इसके लिए वित्तमंत्री ने किसान क्रेडिट कार्ड से लिए जाने वाले ऋणों के लिए ऋण की सीमा 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख कर दी है। यह किसानों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। फुटवियर, लेदर और खिलौने उत्पादन से जुड़े लोगों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए वित्तमंत्री की पहल सराहनीय है। उन्होंने नवाचार में निवेश को बढ़ावा देने, डीपटेक फंड ऑफ फंडस, प्रौद्योगिकी अनुसंधान फैलोशिप, नेशनल जिओ स्पेटियल मिशन, ज्ञान भारतम मिशन, ग्रामीण क्रेडिट स्कोर और पर्यटन पर विशेष फोकस की है। इसके अलावा उन्होंने देश की आंतरिक सुरक्षा को और मजबूती देने के लिए 2.33 लाख करोड़ रुपये आवंटित की है। यह पिछले बजट से 13567 करोड़ रुपये अधिक है। वित्तमंत्री ने रक्षा क्षेत्र के लिए 6.81 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया है जो पिछले बजट से तकरीबन 9 फीसदी ज्यादा है। इसी तरह शिक्षा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र को बेहतर बनाने के लिए बजट में व्यापक इजाफा किया है। कुल मिलाकर वित्तमंत्री का बजट अर्थव्यवस्था को गतिशील और भारत राष्ट्र को समृद्ध बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# राम सब घट मेरा साइयां



संकलित
**दर्शन**

पूरे संसार में राम का निवास है, सबमें भगवान हैं और हम उन्हें हाथ जोड़कर प्रणाम करते हैं। राम ईश्वर के रूप में सबके हृदय में है। कबीर ने कहा है-'राम सब घट मेरा साइयां'... राम ईश्वर के रूप में सबके हृदय में हैं। सदा सर्वदा सबके हृदय में रहेंगे, लेकिन हमारे स्वार्थ, हमारे हेतु, हमारी मानसिकताओं के कारण कभी-कभी हम राम को साधन बना बैठते हैं। इसलिए हम राम को सही रूप में नहीं समझ पाते। प्रत्येक व्यक्ति में यदि हमें सिया राम के दर्शन होने लगें तो तमाम भेदभाव समाप्त हो जाएंगे। जातीय आधार पर भेदभाव काफी हद तक कम हुआ है, लेकिन अब भी बहुत कुछ करने की जरूरत है। इसके लिए धर्माचार्यों को आगे आना होगा। धार्मिक क्षेत्र हो, राजनीतिक या फिर सामाजिक क्षेत्र, अंतिम व्यक्ति पूज्य होना चाहिए। अगर अंतिम व्यक्ति आप तक नहीं पहुंच पा रहा है तो यह आपकी जिम्मेदारी है कि आप उस तक पहुंचें। भारतीय दर्शन में इहलोक और परलोक की बात आती है। इहलोक और परलोक का कल्याण करने की बात मेरी दृष्टि में इह यानी अपने संसार के साथ-साथ दूसरों का भी कल्याण हो, ऐसा प्रयास करना ही इहलोक और परलोक को सुधारना है। दूसरों के कल्याण की भावना का क्षेत्र बहुत व्यापक है। हम व्यापक व विराट की संतान हैं, इसलिए दूसरों के कल्याण का भारतीय सोच पूरे विश्व के कल्याण का सोच है।

# तुलसीदास जी द्वारा श्रीराम के दर्शन का उपाय



संकलित
**प्रेरणा**

एक ब्राह्मण दिनभर गोस्वामी जी के कुटिया के बाहर बैठकर लोभवश राम-राम रटता। संध्या के समय श्रीहनुमान जी उसे धन दे देते थे। एक बार उसने भगवान के दर्शन के लिए बड़ा हठ किया। गोस्वामी जी ने कहाः उसके लिए प्रेम और भाव चाहिए, संत की कृपा चाहिए। ऐसे ही एकदम भगवान नहीं मिलते। उसने कहाः आप समर्थ महापुरुष है, आप भगवान् के दर्शन करवा सकते है। वह हठ पर अड़ गया। गोस्वामी जी ने कहाः ठीक है यहाँ सामने इस पेड़ पर चढ़ जाओ, पेड़ के नीचे त्रिशूल गाढ़ दो और उस त्रिशूल पर कूद पडो। भगवान् के दर्शन हो जायेंगे। वह त्रिशूल गाडकर वृक्षपर चढ़ा, परंतु कूदने की हिम्मत नहीं हुई।

एक घुडसवार उधर से जा रहा था, उसने पूछाः पेड़ पर क्या कर रहे हो? ब्राह्मण बोलाः तुलसीदास जी ने कहा है पेड़ पर से त्रिशूल पर कूदो तुम्हे भगवान् श्रीराम के दर्शन होंगे। उस व्यक्ति ने कहाः क्या सच में यह बात तुलसीदास जी के श्रीमुख से निकली है? ब्राह्मण बोलाः जी हाँ ! वह व्यक्ति तुरंत पेड़ पर चढ़कर त्रिशूलपर कूद पड़ा। उसे भगवान ने आकर हाथ से पकड़ लिया और उसे श्रीराम के दर्शन प्राप्त हो गए। हनुमान जी ने उसे तत्त्वज्ञान का उपदेश भी दिया। गोस्वामी जी ने सत्य ही कहा था, जिनमें प्रेम-भाव हो एवं संत की कृपा हो वही भगवान के दर्शन पाता है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**कब बुझेगी नक्सलवाद की आग?**

देश में आतंकवाद से भी खतरनाक समस्या नक्सलवाद की है जो कि देश के कुछ राज्यों में आफत बनी हुई है। नक्सलवाद के होने के क्या कारण है, इस पर कहा जा सकता है कि शासन और प्रशासन में फैला भ्रष्टाचार भी इसका कारण हो सकता है। जब किसी को दो वक्त की रोटी नहीं मिलेगी, मूलभूत सुविधाएं नहीं मिलेंगी और जब भ्रष्टाचार के सताए लोगों को इंसाफ नहीं मिलेगा तो वो गलत रास्ता भी अपना सकते हैं। हमारे देश में नक्सलवाद के नाम पर कम्युनिस्टों ने आतंकवाद से भी बड़ी समस्या पैदा कर दी है। साम्यवादी विचारधारा हिंसक विचारधारा से भरी होती है। हमारे देश में नक्सलवादी सरकार और सरकारीतंत्र में फैले भ्रष्टाचार के सताए गरीब लोगों को बहला-फुसलाकर हिंसा करने के लिए प्रेरित करते हैं।

- संजय गुप्ता, जगदलपुर

## ट्रेंड

**शुभकामनाएं**




हमने मखाना बोर्ड की घोषणा करके बिहार के मखाने को सम्मान दिया है, लेकिन कांग्रेस और 'आप'दा वाले इसकी खेती से जुड़े मेरे दलित परिवारों का भी मजाक उड़ा रहे हैं।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

**भारत का गौरव**



डबल इंजन की सरकार में भारत का गौरव बढ़ रहा है, सनातन धर्म का गौरव बढ़ रहा है। श्री अयोध्या धाम के विकास के लिए, श्री अयोध्या धाम के सम्मान के लिए भाजपा आवश्यक है।
-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

**अमित शाह बौखलाए**



बीजेपी बुरी तरह से हार रही है। अमित शाह बुरी तरह से बौखला गए हैं। अब वो दिल्ली मजबूरीवश पुलिस खड़े होकर जनता पर खुले आम हो रही हिंसा को देखती रहती है। हिंसा के बाद गुंडों को भगा दिया जाता है और पीड़ित व्यक्ति को गिरफ्तार करके उस पर फर्जी केस कर दिया जाता है।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

**परिजनों को नहीं मिल रहे शव**



ये समाचार दुखद है कि महाकुंभ हादसे में मारे गये श्रद्धालुओं के शव लेने के लिए, पोस्टमार्टम हाउस के बाहर परिजन लाइन में खड़े हैं पर उनको शव नहीं दिया जा रहा है, जबकि ये कोई सहायता-सांत्वना राशि भी नहीं मांग रहे। सरकार ध्यान दे।
-अखिलेश यादव, सपा सांसद

## करंट अफेयर

# माशातिले ने सराही हिंदू समुदाय की भूमिका



दक्षिण अफ्रीका के उपराष्ट्रपति पॉल माशातिले ने बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण (बीएपीएस) संस्था के बहु-सांस्कृतिक केंद्र और मंदिर के प्रथम चरण का उद्घाटन करते हुए कहा कि बीएपीएस के सिद्धांत दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रीय लोकाचार उबुंटू से मिलते-जुलते हैं। माशातिले ने स्थानीय हिंदू समुदाय की प्रशंसा करते हुए कहा, "हमें राष्ट्र निर्माण में हिंदू समुदाय की भूमिका पर विचार करना चाहिए। इस समुदाय की सांस्कृतिक विरासत एवं मूल्य समृद्ध हैं और इसने हमारे विविधतापूर्ण समाज के सामाजिक ताने-बाने को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।" आधिकारिक उद्घाटन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अपने संबोधन में उपराष्ट्रपति ने बीएपीएस और दक्षिण अफ्रीकी लोकाचार के बीच समानताएं रेखांकित करने का प्रयास किया। माशातिले ने बीएपीएस की विभिन्न गतिविधियों का उल्लेख करते हुए कहा, "धर्म, सेवा और एकता के बीएपीएस के सिद्धांत वास्तव में साझा मानवता और अंतरसंबंध में विश्वास से जुड़े हमारे राष्ट्रीय लोकाचार उबुंटू से काफी मुलते-जुलते हैं।"

## ऑफ बीट

# जोड़ों के दर्द से लगाया जा सकता है मौसम का अंदाज



सदियों से लोग दावा करते रहे हैं कि उनके जोड़ों के दर्द से मौसम में होने वाले बदलावों का अंदाजा लगाया जा सकता है, अकसर बारिश या सर्दी के मौसम से पहले वे तकलीफ बढ़ने की बात कहते हैं। दर्द के पैमाने और अवधि को देखते हुए ये दावे सही भी लगते हैं, लेकिन वैज्ञानिक रूप से अब भी इसको लेकर विरोधाभास हैं। वायुमंडलीय दाब में बदलाव से लेकर तापमान में उतार-चढ़ाव तक, कई सिद्धांतों से यह समझने का प्रयास किया जाता है कि पर्यावरणीय कारक जोड़ों के दर्द को कैसे प्रभावित कर सकते हैं। गतिशील जोड़ों की संरचना जटिल होती है, जो श्लेष द्रव (सिनोवियल फ्लूड) के कारण गद्देदार होती हैं। 'सिनोवियल फ्लूड' एक चिपचिपा तरल पदार्थ होता है, जो जोड़ों को चिकना बनाता है। स्वस्थ जोड़ों में ये घटक सुचारू रूप से अपना काम करते हैं और जोड़ों में दर्द नहीं होता। हालांकि, जब जोड़ों की उपास्थि को 'ऑस्टियोआर्थराइटिस' जैसी समस्या के दौरान क्षति होती है या संधिवात गठिया की वजह से सूजन होती है, तो पर्यावरण में सूक्ष्म परिवर्तन भी तीव्रता से महसूस किए जा सकते हैं। एक प्रमुख परिकल्पना यह बताती है कि वायुमंडलीय दाब में परिवर्तन सीधे तौर पर जोड़ों की तकलीफ को प्रभावित कर सकता है।

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



केन्द्रीय बजट 2025-2026

आयकर विभाग

# मध्यम वर्ग का सशक्तिकरण
# मज़बूत भारत का निर्माण

## मध्यम वर्ग को टैक्स में बड़ी राहत

- ₹12 लाख तक की सालाना आय पर कोई इनकम टैक्स नहीं देना होगा
- वेतनभोगी करदाताओं के लिए ₹12.75 लाख तक की आय पर कोई टैक्स नहीं देना होगा (₹75,000 की मानक कटौती सहित)
- करदाता अब बिना किसी शर्त के अपने स्वामित्व वाली दो सम्पत्तियों के लिए शून्य वार्षिक मूल्य का दावा कर सकते हैं
- किराए पर TDS की सीमा ₹2.4 लाख से बढ़ाकर अब ₹6 लाख कर दी गई है
- वरिष्ठ नागरिकों के लिए ब्याज पर टैक्स कटौती की सीमा ₹50,000 से बढ़ाकर अब ₹1 लाख कर दी गई है
- करदाताओं के भरोसे को और मजबूत करने के लिए, संबंधित मूल्यांकन वर्ष के खत्म होने के बाद अपडेटेड रिटर्न भरने की समय सीमा को 24 महीने से बढ़ाकर 48 महीने कर दिया गया है
- 29 अगस्त, 2024 या उसके बाद राष्ट्रीय बचत योजना (NSS) में जमा की गई धनराशि को निकालने पर कोई टैक्स नहीं देना होगा

## नये स्लैब और टैक्स की दरें

| कुल आय | टैक्स की दर |
|---|---|
| ₹4 लाख तक | 0% |
| ₹4 लाख से ₹8 लाख तक | 5% |
| ₹8 लाख से ₹12 लाख तक | 10% |
| ₹12 लाख से ₹16 लाख तक | 15% |
| ₹16 लाख से ₹20 लाख तक | 20% |
| ₹20 लाख से ₹24 लाख तक | 25 % |
| ₹24 लाख से अधिक | 30% |

CBC 15401/13/0014/2425

वेबसाईट के लिए स्कैन करें

आयकर विभाग
केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड

FAQ के लिए स्कैन करें

@IncomeTaxIndia @IncomeTaxIndia.Official @IncomeTaxIndiaOfficial @IncomeTaxIndiaOfficial www.incometax.gov.in



वित्त मंत्रालय MINISTRY OF FINANCE

केन्द्रीय बजट 2025-26



# बेहतर अप्रत्यक्ष कर, मजबूत आर्थिक विकास

## ट्रेड फ़ैसिलिटेशन

- प्रोविजनल सीमा शुल्क मूल्यांकन के लिए 2 साल की समय सीमा तय की गई (यह 1 साल तक बढ़ाई जा सकती है)।
- स्वैच्छिक अनुपालन: आयातक/निर्यातक भौतिक तथ्यों की घोषणा कर सकते हैं और ब्याज, जुर्माना-मुक्त शुल्क का भुगतान
- आयातित इनपुट के लिए विस्तारित उपयोग अवधि: 6 महीने से 1 वर्ष तक; मासिक की जगह त्रैमासिक फाइलिंग

## निर्यात को बढ़ावा

- हस्तशिल्प निर्यात की समय सीमा 1 वर्ष (+3 महीने का विस्तार) तक बढ़ा दी गई है
- घरेलू मूल्यवर्धन के लिए गीले नीले चमड़े पर पूर्ण बेसिक कस्टम्स ड्यूटी (बीसीडी) छूट
- फ्रोजन फिश पेस्ट (सुरीमी) पर बीसीडी 30% से घटाकर 5% कर दिया गया
- मरम्मत के लिए आयातित रेलवे सामानों के लिए विस्तारित निर्यात विंडो: 6 महीने से 1 वर्ष तक (+1 वर्ष का विस्तार)

## घरेलू विनिर्माण को मजबूती

- कोबाल्ट पाउडर, 12 महत्वपूर्ण खनिज, लिथियम-आयन बैटरी अपशिष्ट, सीसा और जस्ता स्क्रैप पर बीसीडी छूट
- कपड़ा मशीनरी छूट का विस्तार अधिक शटल-रहित करघों तक
- एलसीडी/एलईडी टीवी पैनल के लिए ओपन सेल पार्ट्स पर बीसीडी छूट
- जहाज निर्माण और पोत तोड़ने के लिए 10 साल की बीसीडी छूट का विस्तार

## सीमा शुल्क और व्यापार सुधार

- वैश्विक व्यापार को आसान बनाने के लिए निर्यात ऋण, एमएसएमई समर्थन और सीमा पार फैक्टरिंग
- निर्बाध डिजिटल व्यापार दस्तावेज़ीकरण और वित्तपोषण के लिए भारत ट्रेडनेट (बीटीएन) का शुभारंभ
- प्रमुख आपूर्ति श्रृंखलाओं और उद्योगों के लिए सुविधा समूह
- घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग को सरकार का प्रोत्साहन तथा उद्योग 4.0 को अपनाना
- टियर-2 शहरों में वैश्विक क्षमता केंद्रों को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय ढांचा

## स्वास्थ्य देखभाल और जीवनरक्षक दवाएं

- 36 जीवनरक्षक दवाओं और 13 रोगी सहायता कार्यक्रमों पर पूर्ण बीसीडी छूट
- रियायती 5% बीसीडी सूची में 6 और दवाएं जोड़ी गई

CBC 15502/13/0005/2425

स्कैन करें

@cbic_india @cbicindia @cbicindia @CBICINDIA @CBIC india



# प्रसिद्ध होने से पहले सुदेश लेहरी ने बेचीं सब्जियां, बनाए जूते

**नई दिल्ली।** कॉमेडियन सुदेश लेहरी जब अर्चना पूरन सिंह के यूट्यूब शो में आए तो उन्होंने अपने गरीबी से सफलता तक के अपने सफर के बारे में बताया, जिसमें उन्होंने अपने कई संघर्षों के साथ पेरिस की एक दर्दनाक घटना को भी याद किया। जब वह खर्चा चलाने के लिए सब्जियां बेचते थे। यही नहीं, बल्कि उन्होंने एक समय पर लोगों के जूते भी सिले हैं। सुदेश ने हाल ही में अर्चना पूरन सिंह से बात की और अपने सफर के बारे में कई बातें बताईं। सुदेश ने कहा, 'आज मैं जिस मुकाम पर हूं, उसके लिए मैंने वाकई कड़ी मेहनत की है। जब मैंने अपना करियर शुरू किया, तो मैंने इतना संघर्ष किया कि मैं दिवालिया हो गया, मेरा घर बिक गया।

लाइफ Style

# तृप्ति डिमरी

## परवीन बॉबी के किरदार में आएंगी नजर

बॉलीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी के पास कई प्रोजेक्ट्स हैं, जिसकी शूटिंग में अभिनेत्री व्यस्त हैं। इस बीच अब अभिनेत्री के नए प्रोजेक्ट को लेकर दिलचस्प खबर सामने आ रही है। ऐसा लगता है कि तृप्ति के हाथ एक और बड़ा प्रोजेक्ट लगा है।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

खबर है कि तृप्ति डिमरी को एक बायोपिक ओटीटी सीरीज में दिवंगत परवीन बॉबी की भूमिका निभाने के लिए चुना गया है, जिसकी शूटिंग जल्द ही शुरू होने वाली है। रिपोर्ट्स के अनुसार , तृप्ति को एक बायोग्राफिकल सीरीज में दिग्गज अभिनेत्री परवीन बॉबी की भूमिका निभाने के लिए चुना गया है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि इस नेटफ्लिक्स सीरीज का निर्माण जल्द ही शुरू होने की उम्मीद है, जिसमें द स्काई इज पिंक की निर्देशक शोनाली बोस इस प्रोजेक्ट का निर्देशन करेंगी। एक सूत्र ने बताया कि तृप्ति की तारीखें तय हो गई हैं।

निर्देशक शोनाली बोस और उनकी टीम इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट की शूटिंग शुरू करने के लिए तेजी से आगे बढ़ रही हैं। 2024 में लगातार दो फिल्मों के जरिए बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने के बाद प्रशंसक तृप्ति को इस प्रतिष्ठित भूमिका में देखने के लिए बेताब हैं। तृप्ति डिमरी के पास आने वाले समय में कई रोमांचक फिल्में हैं। उन्होंने अपने बहुमुखी अभिनय से खुद को एक स्टार के रूप में साबित किया है और अब वह एक बार फिर ओटीटी स्पेस में अपनी पहचान बनाने के लिए तैयार हैं। इससे पहले बुलबुल और कला जैसी नेटफ्लिक्स फिल्मों में अभिनय कर चुकीं तृप्ति डिमरी को इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट में शामिल होना एक बेहतरीन अगला कदम लगता है।




## हॉलीवुड मसाला



# एनिलिया पेरेज से मिली पहचान

**लॉस एंजिल्स।** स्पेनिश अभिनेत्री कार्ला सोफिया गैसकॉन को वैश्विक पहचान तब मिली जब उनकी फिल्म 'एमिलिया पेरेज' ने पिछले साल कान फिल्म महोत्सव में कई पुरस्कार जीते। इसमें उन्होंने एक मेक्सिकन नारको बॉस का किरदार निभाया था। इस फिल्म को नेटफ्लिक्स ने खरीदा और हाल ही में इस फिल्म ने नॉन-इंग्लिश लैंग्वेज फिल्मों के लिए सबसे ज्यादा ऑस्कर नॉमिनेशन का रिकॉर्ड तोड़ा। कार्ला सोफिया गैसकॉन ने अपनी पुरानी पोस्ट्स को लेकर माफी मांग ली है।



# गंगा में डुबकी लगाते क्रिस का वीडियो वायरल

**मुंबई।** हाल ही में कोल्डप्ले बैंड ने अपना भारत दौरा समाप्त किया है, इस दौरान बैंड ने अहमदाबाद और मुंबई में कॉन्सर्ट आयोजित किए। इसके बाद बैंड के फ्रंटमैन क्रिस मार्टिन और उनकी गर्लफ्रेंड डकोटा जॉनसन प्रयागराज के महाकुंभ में पहुंचे, जहां उन्होंने पवित्र गंगा में स्नान किया जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर इन दिनों वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल हो रहा है, उसमें क्रिस मार्टिन ओर डकोटा जॉनसन गंगा में डुबकी लगाते दिख रहे हैं। इस वीडियो को एक यूजर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किया है, जिसमें आप देख सकते हैं कि क्रिस और डकोटा इस यूजर के बिल्कुल नजदीक दिखाई दे रहे हैं। इस पोस्ट में यूजर ने लिखा, 'मैंने कोल्डप्ले कॉन्सर्ट की जगह कुंभ को चुना और महादेव की कृपा से सिंगर क्रिस मार्टिन खुद चलकर मेरे पास आ गए।'



# स्वरा भास्कर को वापस मिला एक्शन अकाउंट

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री स्वरा भास्कर का एक्स अकाउंट सस्पेंड और हैक होने के बाद वापस आ गया है। उन्होंने रविवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक पोस्ट शेयर कर यह खबर साझा की। साथ ही उन्होंने इस प्रक्रिया के दौरान उनका सहयोग करने वालों का आभार व्यक्त किया। इससे पहले स्वरा ने बताया था कि उनका एक्स अकाउंट हैक हो गया है। अब स्वरा ने अपना एक्स अकाउंट वापस मिलने के बाद पोस्ट साझा की। उन्होंने पोस्ट में लिखा, 'और हम एक बुरे पैसे की तरह वापस आ गए हैं। मदद करने वाले सभी लोगों का धन्यवाद। प्रशंसकों ने पोस्ट पर प्रतिक्रिया दी और स्वरा को बधाई दी। उन्होंने एक्स पर स्वरा की वापसी पर खुशी जाहिर की। वहीं, स्वरा ने फिर उनका आभार भी जताया। इससे पहले स्वरा ने लिखा था, 'और अब ऐसा लगता है कि मेरा ट्विटर/एक्स अकाउंट हैक हो गया है।'




# नो एंट्री 2 की शूटिंग ग्रीस में होगी

**मुंबई।** डायरेक्टर अनीस बज्मी बॉलीवुड में बेहतरीन कॉमेडी फिल्में बनाने के लिए जाने जाते हैं। हाल ही में वह अपनी अपकमिंग कॉमेडी फिल्म 'नो एंट्री 2' की शूटिंग लोकेशन देखने के लिए विदेश पहुंचे। इस बात की जानकारी डायरेक्टर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर करके दी। उनके साथ इस ट्रिप पर प्रोड्यूसर बोनी कपूर और मानू आनंद भी नजर आए। अनीस बज्मी ने एक कैप्शन भी लिखा- 'पागलपन की तैयारी शुरू। आगे वह फिल्म 'नो एंट्री 2' का हैशटैग यूज करते हैं। यह फिल्म साल 2005 में रिलीज हुई फिल्म 'नो एंट्री'का सीक्वल है। 'नो एंट्री' में सलमान खान, अनिल कपूर और फरदीन खान नजर आए थे। लेकिन, फिल्म 'नो एंट्री 2' में नई स्टार कास्ट है। इस फिल्म की शूटिंग ग्रीस देश में होगी।

## टीवी मसाला

# 'पैशन फॉलो करें, लेकिन सिचुएशन देखकर'

**मुंबई।** 'गुम हैं किसी के प्यार में'फेम आयशा सिंह का नया सीरियल 'मन्नत - हर खुशी पाने की' कलर्स चैनल पर शुरू हुआ है। 'मन्नत' मुंबई की पृष्ठभूमि पर आधारित है। यह शो एक युवा शेफ मन्नत के बारे में है, जिसका कुकिंग टैलेंट उसे नई ऊंचाइयों तक ले जा सकता है, लेकिन उसकी क्रूर बॉस, ऐश्वर्या उर्फ एक्ट्रेस मोना वासु, उसकी राह में खड़ी है। वह उसकी मां भी है, जिसने उसे जन्म के समय ही छोड़ दिया था। हरिभूमि और INH 24X7 'मन्नत' के शूटिंग स्टूडियो पहुंचे, जहां फिल्म की स्टारकास्ट आयशा सिंह, मोना वासु और लीड कलाकार अदनान खान भी मौजूद थे। मन्नत की भूमिका निभाने वाली आयशा सिंह ने कहा-'मेरे कई बैचमेट एक्टिंग में थे, लेकिन कभी फैमिली प्रॉब्लम या प्रेशर की वजह से आगे नहीं बढ़ पाए। पैशन फॉलो करने से पहले सिचुएशन देख लेनी चाहिए, मगर पैशन को हमेशा जिंदा रखना चाहिए और जब मौका मिले तो उस पैशन को जिएं। पैशन जिंदा रखने से इंटरनल ग्रोथ भी होती है।'वहीं, अपनी फेवरेट डिश के बारे में आयशा ने बताया कि उन्हें गुलाब जामुन और गाजर का हलवा पसंद है। वहीं इस शो के लिए उन्होंने चॉपिंग की काफी प्रैक्टिस की। वहीं, अदनान खान ने बताया कि फिल्म '7 पाउंड्स' देखकर उन्होंने एक्टिंग के बारे में सोचा और इसी वजह से दुबई से भारत आने का फैसला किया। पहले उन्हें लगा था कि एक्टिंग आसान है, लेकिन बाद में अहसास हुआ कि वह गलत थे। यहां तक कि पहले सीरियल से लेकर आज तक उन्हें लगता है कि काम नहीं मिलेगा। मगर अब वे आगे अलग-अलग तरह के रोल करने के इच्छुक हैं। वहीं, सालों पहले 'मिली' सीरियल से फेमस हुई एक्ट्रेस मोना वासु ने बताया कि उनकी जर्नी इन सालों में काफी उतार-चढ़ाव भरी रही है। एक्टर की लाइए कभी भी एक समान नहीं होती, एक सीढ़ी की तरह होती है, जहां कभी आप 100 पर होते हो तो कभी शून्य पर भी, कभी फिर 40 में पहुंच जाते हैं तो कभी फिर शून्य ।



# 'अफसोस नहीं, मैं तो भारतरत्न पाना चाहता हूं'

**नई दिल्ली।** सिंगर उदित नारायण ने लाइव कॉन्सर्ट में एक फीमेल फैन को किस किया, जिसका वीडियो वायरल हो गया है। अब सिंगर ने इंटरव्यू में कहा है कि उन्हें अपने किए पर जरा भी पछतावा नहीं है। यहां तक कि वो लता मंगेशकर की तरह ही भारत रत्न पाना चाहते हैं। सिंगर उदित नारायण के लाइव कॉन्सर्ट में फीमेल फैन को किस करने का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसके बाद से उन्हें ऑनलाइन भारी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। सोशल मीडिया पर कई क्लिप वायरल हो गए जिसमें उदित नारायण 'टिप टिप बरसा पानी' पर परफॉर्म कर रहे हैं, तभी उनकी फीमेल फैन उनके साथ सेल्फी लेने के लिए मंच के पास आई। तस्वीरें क्लिक करने के बाद सिंगर उनके होठों पर किस करते हैं। रविवार को उन्होंने कहा, 'क्या मैंने कभी खुद को, अपने परिवार या अपने देश को शर्मिंदा करने के लिए कुछ किया है? तो फिर मैं अपने जीवन के इस पड़ाव पर अब कुछ क्यों करूंगा जब मैंने सब कुछ हासिल कर लिया है? मेरे फैंस और मेरे बीच एक गहरा, प्योर और अटूट बंधन है।



# 50 मशहूर गानों की कहानी बयां करती है 'तेरी दीवानी'

**नई दिल्ली।** मशहूर सिंगर कैलाश खेर ने हाल ही में जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने अपनी पहली किताब 'तेरी दीवानी: शब्दों के पार' को भी लॉन्च किया। इस लॉन्च इवेंट में कैलाश खेर के साथ संजय के रॉय और वैशाली माथुर भी शामिल हुए। अपनी किताब में उन्होंने अपने लोकप्रिय गानों के पीछे की कहानी को बताया है। कैलाश खेर की यह किताब उनके शुरुआती संघर्षों, म्यूजिक इंडस्ट्री में उनके सफर और पसंदीदा गीतों की पीछे की कहानी और झलक पेश करती है। व्यक्तिगत किस्सों और अनुभवों के माध्यम से कैलाश ने उनके जीवन को आकार देने वाले गीतों के बारे में बताया है। इस किताब में उनके 50 लोकप्रिय गानों के पीछे की अनकही कहानी को कहा गया है, जिसमें 'सैयां', 'तेरी दीवानी'और 'अल्लाह' के बंदे शामिल हैं। कैलाश खेर ने इंस्टाग्राम पर अपनी बुक लॉन्च की एक झलक साझा की। दिग्गज सिंगर ने कैप्शन में लिखा, 'तेरी दीवानी हमेशा से एक गीत से बढ़कर रहा है। यह एक भावना है। अब जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में 'तेरी दीवानी: शब्दों के पार' के लिए प्यार देखना वाकई खास है!



# शिक्षा पर आधारित ये फिल्में आपके अंदर भर देंगी जोश

## शिक्षा से जुड़ी कई फिल्में बनी हैं बॉलीवुड की दुनिया में

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की दुनिया में शिक्षा से जुड़ी कई फिल्में बनी हैं। हम आपको बताते हैं ऐसी ही कुछ फिल्मों के बारे में।

### निल बटे सन्नाटा

अश्विनी अय्यर तिवारी निर्देशित फिल्म निल बटे सन्नाटा साल 2015 में रिलीज हुई थी। फिल्म में स्वरा भास्कर ने चंदा सहाय नामक एक हाई-स्कूल ड्रॉप-आउट घरेलू नौकरानी की भूमिका निभाई है, जो अपनी बेटी को पढ़ाई के लिए बहुत सी जद्दोजहद करती है और आखिरी में खुद भी बेटी के साथ स्कूल पढ़ने जाती है।



### चॉक एंड डस्टर

साल 2016 में जूही चावला की इस फिल्म ने शिक्षा के नवीनीकरण के बारे में बताते हुई, इसकी खामियों को उजागर किया था। फिल्म में उनके साथ शबाना आजमी भी नजर आईं थीं। फिल्म का निर्देशन जयंत गिलाटर ने किया था।

### पाठशाला

साल 2010 में रिलीज हुई फिल्म शाहिद कपूर, आयशा ताकिआ, श्रद्धा आर्य, अली हाजी, सुशांत सिंह और नाना पाटेकर नजर आए थे। यह फिल्म स्कूल की कहानी है, जो भारतीय शिक्षा प्रणाली और इसकी कमियों के बारे में बताता है।

### इंग्लिश विंग्लिश

श्रीदेवी की फिल्म इंग्लिश विंग्लिश फिल्म को गौरी शिंदे ने निर्देशित किया है। फिल्म शुरू होती है एक हाउसवाइफ शशि की सामान्य जिंदगी से, जो अपने पति से हमेशा अंग्रेजी न आने के ताने सुनती रहती है। इस चीज शशि अपनी भतीजी की शादी के लिए विदेश जाती है। अपने पति और बेटी को उसकी अंग्रेजी कौशल की कमी का मजाक उड़ाने से रोकने के लिए एक अंग्रेजी बोलने वाले कोर्स में दाखिला लेती है।

### 3 इडियट्स

आमिर खान, आर माधवन और शरमन जोशी की फिल्म '3 इडियट्स' में शिक्षण व्यवस्था, युवा मन और अलग-अलग करियर के रुझानों को लेकर कहानी बनाई गई है। साल 2009 में आई फिल्म तीन इंजीनियरिंग के छात्रों की कहानी है, जो परिवार की इच्छा के कारण इस प्रोफेशन की पढ़ाई करने और प्रेशर में काम करने को मजबूर होते हैं। आमिर खान के रूप में उन्हें एक ऐसा दोस्त मिलता है जो अपने करियर और रुझान के बारे में परिवार से बात करने और उसी क्षेत्र में आगे बढ़ने में मदद करता है।

स्त्री 2 किल ने भी मारी बाजी

# आईफा अवॉर्ड्स में लापता लेडीज-भूल भुलैया को मिले सबसे ज्यादा नामांकन

एजेंसी ⏭ मुंबई

किरण राव द्वारा निर्देशित फिल्म 'लापता लेडीज' और हॉरर कॉमेडी फिल्म 'भूल भुलैया 3' और 'स्त्री 2- सरकटे का आतंक' को अंतर्राष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी पुरस्कार 2024 में लोकप्रिय श्रेणियों में सबसे ज्यादा नामांकन मिले हैं। आयोजकों ने इसकी घोषणा की। किरण राव की 'लापता लेडीज' नौ नामांकन के साथ सबसे आगे है, जबकि अनीस बज्मी द्वारा निर्देशित 'भूल भुलैया 3' सात नामांकन और अमर कौशिक की 'स्त्री 2- सरकटे का आतंक' छह नामांकन के साथ तीसरे स्थान पर है।






### जयपुर में होगा आईफा अवॉर्ड्स का आयोजन

जयपुर में 8 और 9 मार्च के बीच आयोजित होने वाले आईफा अवॉर्ड्स के रजत जयंती संस्करण में सर्वश्रेष्ठ फिल्म, सर्वश्रेष्ठ निर्देशन, मुख्य भूमिका में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन, सहायक भूमिका में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन, नकारात्मक भूमिका में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन, संगीत निर्देशन और पार्श्व गायक की 10 श्रेणियों में सिनेमेटिक एक्सीलेंस को सम्मानित किया जाएगा।

### इन फिल्मों को मिला सर्वश्रेष्ठ फिल्म का नामांकन

सर्वश्रेष्ठ फिल्म के लिए नामांकित हैं 'लापता लेडीज', 'भूल भुलैया 3', 'स्त्री 2 - सरकटे का आतंक', 'किल', 'आर्टिकल 370', और 'शैतान'। वहीं सर्वश्रेष्ठ निर्देशन श्रेणी में दौड़ में किरण राव, निखिल नागेश भट, कौशिक, सिद्धार्थ आनंद, अनीस बज्मी और आदित्य सुहास जांभले शामिल हैं।

### सर्वश्रेष्ठ अभिनय श्रेणी की रेस में ये सितारे

स्पर्श श्रीवास्तव, राजकुमार राव, कार्तिक आर्यन, अभिषेक बच्चन और अजय देवगन को सर्वश्रेष्ठ अभिनय श्रेणी में नामांकित किया गया है। सहायक भूमिका में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के पुरस्कार के लिए छाया कदम, विद्या बालन, जानकी बोदीवाला और ज्योतिका और प्रियामणि प्रतिस्पर्धा में हैं। रवि किशन, अभिषेक बनर्जी, फरदीन खान, राजपाल यादव और मनोज पाहवा ने सहायक भूमिका में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए नामांकन हासिल किया है।

### कौन जीतेगा नकारात्मक भूमिका का पुरस्कार?

नकारात्मक भूमिका में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए नामांकित हैं- राघव जुयाल, आर माधवन, गजराज राव, विवेक गोम्बर और अर्जुन कपूर। सचिन-जिगर और तनिष्क बागची को सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशन श्रेणी में दो-दो नामांकन मिले हैं। सचिन-जिगर को 'स्त्री 2' में उनके व्यक्तिगत काम के लिए नामांकित किया गया है। तनिष्क बागची को 'भूल भुलैया 3' के लिए प्रीतम, लिजो जॉर्ज, सचेत - परंपरा, डीजे चेतस, आदिया रिखारी और अमाल मलिक के साथ नामांकित किया गया है।

# फरवरी में पर्दे पर किस्मत आजमाएंगे ये बॉलीवुड सितारे

**नई दिल्ली।** फरवरी में विक्की कौशल, हिमेश रेशमिया, अर्जुन कपूर समेत कई अन्य सितारे अपनी नई फिल्मों के साथ पर्दे पर धमाल मचाने आ रहे हैं।

**बैडेस रवि कुमार:** हिमेश रेशमिया की फिल्म 'बैडेस रवि कुमार' 7 फरवरी को रिलीज होगी। यह एक एक्शन-म्यूजिकल फिल्म है, जिसमें हिमेश रेशमिया ने मुख्य भूमिका निभाई है। फिल्म की कहानी रवि कुमार के इर्द-गिर्द घूमती है। इसमें प्रभु देवा, कीर्ति कुल्हारी और सनी लियोनी भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म का ट्रेलर पहले ही दर्शकों में खासा उत्साह पैदा कर चुका है।



**छावा :** विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना अभिनीत 'छावा' 14 फरवरी को रिलीज होने वाली है। यह फिल्म छत्रपति शिवाजी महाराज के बेटे छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित है। फिल्म में विक्की कौशल ने मुख्य भूमिका निभाई है। 'छावा' को मैडॉक फिल्म्स ने प्रोड्यूस किया गया है।

### मेरे हस्बैंड की बीवी

*'मेरे हस्बैंड की बीवी' एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। यह 21 फरवरी को बड़े पर्दे पर दस्तक देगी। फिल्म का निर्देशन मुदस्सर अजीज ने किया है। इससे पहले वह 'पति, पत्नी और वो' जैसी हिट फिल्म का निर्देशन कर चुके हैं। फिल्म में अर्जुन कपूर, भूमि पेडनेकर और रकुल प्रीत सिंह मुख्य भूमिकाओं में हैं।*

**खबर संक्षेप**

## बीते सप्ताह तेल और तिलहन के दाम टूटे



**नई दिल्ली।** आम बजट में तिलहन उत्पादन की निराशाजनक स्थिति पर सरकार द्वारा चिंता जताने और चीजों को बदलने के प्रयासों की घोषणा के बावजूद देश के तेल-तिलहन बाजार में बीते सप्ताह बिनौला तेल को छोड़कर बाकी सभी तेल-तिलहनों के भाव गिरावट दर्शाते बंद हुए।

## हिताची एनर्जी का लाभ उछलकर 137 करोड़




**नई दिल्ली।** हिताची एनर्जी इंडिया लिमिटेड का शुद्ध लाभ दिसंबर तिमाही में कई गुना बढ़कर 137.4 करोड़ रुपये हो गया। मुख्य रूप से आय बढ़ने से कंपनी का लाभ बढ़ा है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि बीते वित्त वर्ष 2023-24 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के दौरान उसका शुद्ध लाभ 23 करोड़ रुपये था।

## सेबी का सुरक्षित यूपीआई भुगतान प्रणाली पर विचार




**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) के जरिये प्रतिभूति बाजार में सुरक्षित और बेहतर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए नयी प्रणाली लाने पर विचार कर रहा है। बाजार नियामक ने वैध वित्तीय मध्यस्थों को धोखेबाजों से बचाने के लिए यह कदम उठाया।

## बाजार पूंजीकरण में यूनिलीवर सबसे आगे

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से सात कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1,83,322.54 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। इसमें हिंदुस्तान यूनिलीवर सबसे ज्यादा लाभ में रही। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 1,315.5 अंक या 1.72 प्रतिशत चढ़ा और निफ्टी 389.95 अंक या 1.68 प्रतिशत के लाभ में रहा।

## हीरो मोटाकॉर्प की बिक्री में दो फीसदी गिरावट

**नई दिल्ली।** देश की अग्रणी दोपहिया वाहन विनिर्माता हीरो मोटोकॉर्प की जनवरी महीने में थोक बिक्री दो प्रतिशत बढ़कर करीब 4.43 लाख इकाई हो गई। कंपनी ने बयान में कहा कि पिछले महीने उसने कुल 4,42,873 मोटरसाइकिल एवं स्कूटरों की बिक्री की। एक साल पहले की समान अवधि में कंपनी ने कुल 4,33,598 वाहन बेचे थे।

## पाकिस्तान की आर्थिक वृद्धि की रफ्तार सुस्त



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान चालू वित्त वर्ष के पहले सात महीनों में आर्थिक वृद्धि को गति नहीं दे सका है, जबकि इस दौरान केंद्रीय बैंक ने ब्याज दर में 10 प्रतिशत की भारी कटौती की थी। एक मीडिया रिपोर्ट ने यह जानकारी दी गई है। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान ने 27 जनवरी को की गई नवीनतम कटौती में ब्याज दर को एक प्रतिशत घटाकर 12 प्रतिशत कर दिया है, जो पिछले साल जून के 22 प्रतिशत से 10 प्रतिशत कम है। उम्मीद थी कि इस निर्णय से मुद्रा आपूर्ति और वृद्धि को गति देने में मदद मिलेगी।

# अब मिडिल क्लास को मिलेगी एक और बड़ी राहत? 7 फरवरी को ऐलान संभव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बजट 2025 में टैक्स राहत के एलानों के बाद अब मिडिल क्लास की निगाहें 7 फरवरी पर टिकी हैं। शेयर बाजार का भी अगला ट्रिगर काफी हद तक इसी पर निर्भर है। दरअसल, शेयर बाजार और मिडिल क्लास का अगला फोकस भारतीय रिजर्व बैंक की आरबीआई मॉनेटरी पॉलिसी (एमपीसी) की बैठक पर है, जो कि 5-7 को होने जा रही है।

- उम्मीद है कि बैठक में आरबीआई 0.25 से 0.50 तक रेपो रेट कम कर सकती है

बजट के बाद अब उम्मीद जताई जा रही है पॉलिसी इंटरेस्ट रेट पर फैसला लेगी। आरबीआई की यह बैठक वित्त वर्ष 2024 की आखिरी बैठक होगी। केंद्रीय बजट 2024 में टैक्स में छूट करके देश के एक बड़े वर्ग को बड़ी राहत दी गई है। 1 फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में 12 लाख रुपए तक की आय को टैक्स फ्री करने की घोषणा की है।

**आरबीआई के मॉनेटरी पॉलिसी की बैठक 5 से 7 फरवरी को होने जा रही**

### ईएमआई का बोझ कम होगा

दिसंबर में मुद्रास्फीति के आंकड़ों को देखते हुए भी ये अनुमान है कि फरवरी पॉलिसी में रेट कटौती का ऐलान संभव है। उम्मीद जताई जा रही है कि आरबीआई की ओर से ब्याज दरों में कटौती से उधारी लेने की लागत कम होगी, जिससे मिडिल क्लास पर ईएमआई का बोझ कम होगा। कई एनालिस्ट की माने तो आर्थिक विकास और मुद्रास्फीति के उभरते रुझानों को देखते हुए केंद्रीय बैंक 7 फरवरी को 25 बीपीएस दर में कटौती का फैसला ले सकता है। अगर यह ऐलान होता है तो पिछले चार सालों में पहली कटौती होगी।




### रेपो दर में 25 अंकों की कटौती संभव

एलारा सिक्योरिटीज की अर्थशास्त्री गरिमा कपूर को उम्मीद है कि एमपीसी फरवरी में नीतिगत रेपो दर में 25 आधार अंकों की कटौती करेगी। आरबीआई के नए गवर्नर संजय मल्होत्रा हैं। उन्होंने 9 दिसंबर, 2024 को शक्तिकांत दास की जगह ली थी। ऐसे में संजय मल्होत्रा की यह पहली पॉलिसी मीटिंग है।

### मुद्रास्फीति चार फीसदी आने की उम्मीद

आर्थिक सर्वेक्षण 2025 में कहा गया है कि वैश्विक अनिश्चितता के बावजूद मुद्रास्फीति धीरे-धीरे 4 प्रतिशत के निशान पर आ जाएगी। यह आर्थिक विकास के स्थिर रहने की भी उम्मीद करता है, लेकिन विकास को अपनी गति बनाए रखने में सरकारी एजेंसियों के महत्व को रेखांकित करता है। विकास और मुद्रास्फीति के आंकड़े दोनों मौद्रिक स्थितियों को आसान बनाने की आवश्यकता की ओर इशारा करते हैं।

### उत्तरी अमेरिकी पड़ोसियों ने की जवाबी कार्रवाई

# राष्ट्रपति ट्रंप ने कनाडा, मेक्सिको और चीन पर लगाया शुल्क, व्यापार युद्ध की आशंका बढ़ी

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

*अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मेक्सिको, कनाडा और चीन से आयात होने वाली वस्तुओं पर कड़े शुल्क लगाने संबंधी एक आदेश पर शनिवार को हस्ताक्षर किए जिसके तुरंत बाद देश के उत्तरी अमेरिकी पड़ोसियों की जवाबी कार्रवाई से व्यापार युद्ध की आशंका प्रबल हो गई है।*

राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा किए अपने पोस्ट में कहा कि ये शुल्क 'अमेरिकियों की सुरक्षा के लिए' आवश्यक हैं। ट्रंप ने तीनों देशों पर 'फेंटेनाइल' (दर्द निवारक दवा) के अवैध निर्माण एवं निर्यात पर अंकुश लगाने तथा कनाडा और मेक्सिको पर अमेरिका में अवैध आव्रजन को रोकने का दबाव डाला।

### मतदाताओं का ट्रंप पर भरोसा हो सकता है कम

शुल्क अगर जारी रहे, तो मुद्रास्फीति काफी बढ़ सकती है, जिससे कई मतदाताओं का ट्रंप पर भरोसा कम हो सकता है, क्योंकि उन्होंने किराने का सामान, गैसोलीन, आवास, वाहन और अन्य वस्तुओं की कीमतें कम करने का वादा किया था। इससे वैश्विक अर्थव्यवस्था और ट्रंप के राजनीतिक जनादेश को उनके दूसरे कार्यकाल के सिर्फ दो सप्ताह में उथल-पुथल में डालने का जोखिम भी है।

### चीन पर 10 फीसदी आयात शुल्क

ट्रंप ने चीन से सभी आयात पर 10 प्रतिशत और मेक्सिको और कनाडा से आयात पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने के लिए आर्थिक आपातकाल की घोषणा की। कनाडा से आयातित ऊर्जा, जिसमें तेल, प्राकृतिक गैस और बिजली शामिल है, पर 10 प्रतिशत की दर से कर लगाया जाएगा।



- वस्तुओं पर कड़े शुल्क लगाने आदेश पर किए हस्ताक्षर

*आर्थिक व्यवधान की आशंका : ट्रंप के आदेश के बाद यदि ये देश भी जवाबी शुल्क लगाते हैं, तो अमेरिका के पास इन दरों को और बढ़ाने का विकल्प होगा। इससे और गंभीर आर्थिक व्यवधान की आशंका बढ़ सकती है।कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने गंभीर लहजे में कहा, 'व्हाइट हाउस द्वारा आज की गई कार्रवाई ने हमें एकजुट करने के बजाय अलग कर दिया है।'*

*चीन ने नहीं दी कोई प्रतिक्रिया : मेक्सिको की राष्ट्रपति ने भी जवाबी शुल्क लगाने का आदेश दिया है। चीन ने ट्रंप की कार्रवाई पर तुरंत कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने 'एक्स' पर पोस्ट में लिखा, "हम व्हाइट हाउस के इस आरोप को स्पष्ट रूप से खारिज करते हैं कि हमारी सरकार का आपराधिक संगठनों के साथ गठजोड़ है।"*

### कनाडा ने अमेरिका की बेवफाई दिलाई याद

ट्रंप ने कहा कि उनका देश शराब और फलों सहित 155 अरब डॉलर तक के अमेरिकी आयात पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाएगा। उन्होंने कनाडा के लोगों द्वारा महसूस किए जा रहे विश्वासघात को व्यक्त करते हुए अमेरिकियों को याद दिलाया कि कनाडाई सैनिकों ने अफगानिस्तान में उनके साथ लड़ाई लड़ी थी तथा कैलिफोर्निया में जंगल की आग से लेकर तूफान 'कैटरीना' तक के संकटों से निपटने में मदद की थी।

### अमेरिका नशीली दवाओं की बिक्री से लड़ सकती है

मेक्सिको की राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने अपने अर्थव्यवस्था सचिव को एक प्रतिक्रिया लागू करने का निर्देश दिया है जिसमें मेक्सिको के हितों की रक्षा में जवाबी शुल्क और अन्य उपाय शामिल हैं। शिनबाम ने कहा, "यदि अमेरिका की सरकार और उसकी एजेंसियां अपने देश में फेंटेनाइल की भारी खपत से निपटना चाहती हैं, तो वे अपने प्रमुख शहरों की सड़कों पर नशीली दवाओं की बिक्री से लड़ सकते हैं।"

### शुल्क लगाने से मुद्रास्फीति बढ़ने की आशंका

ये शुल्क लगाने से मुद्रास्फीति बढ़ने की आशंका है और इससे मतदाताओं का इस बात में भरोसा खत्म हो सकता है कि ट्रंप अपने वादे के अनुसार किराने के सामान, गैसोलीन, आवास, वाहन और अन्य वस्तुओं की कीमतें नीचे ला सकते हैं। इस कार्रवाई से अमेरिका और उसके दो सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों मेक्सिको और कनाडा के साथ आर्थिक गतिरोध पैदा हो गया है।

# महिंद्रा हॉलिडेज करेगी विस्तार 2026 तक 1000 कमरे जोड़ेगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



महिंद्रा हॉलिडेज एंड रिजॉर्ट्स इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मनोज भट ने कहा है कि कंपनी मजबूत मांग को पूरा करने के लिए अगले साल मार्च तक अपने पोर्टफोलियो में 1,000 कमरे जोड़ेगी।

कंपनी के प्रमुख ब्रांड क्लब महिंद्रा के 126 रिजॉर्ट में 5,698 कमरे हैं। कंपनी अगली पांच तिमाहियों में 15 नए गंतव्यों को जोड़ने की योजना बना रही है और उसे उम्मीद है कि केंद्रीय बजट 2025-26 में की गई कई घोषणाएं इस क्षेत्र को और मजबूत करेंगी।

शनिवार को संसद में पेश बजट में शीर्ष 50 पर्यटन स्थलों को विकसित करने और संपर्क बढ़ाने की योजना की घोषणा की गई है।

- सीईओ भट ने कहा, कंपनी के 126 रिजार्ट में 5698 कमरे

भट ने पीटीआई-भाषा से कहा, "चालू वित्त वर्ष के नौ महीनों में ही हमने 371 कमरे जोड़े हैं, जो पिछले पूरे वर्ष की तुलना में अधिक है। जनवरी, 2025 से मार्च, 2026 तक हमारी और 1,000 कमरे जोड़ने की योजना है। उन्होंने कहा कि कमरों की संख्या के संदर्भ में नई क्षमता वृद्धि लगभग 17-18 प्रतिशत है।

### मजबूत मांग को देखते क्षमता का विस्तार

सीईओ ने कहा, "इसका मतलब है कि हम मांग को पूरा करने के लिए स्वयं को तैयार करने की दृष्टि से बहुत अच्छी गति से आगे बढ़ रहे हैं।"
वह इस सवाल का जवाब दे रहे थे कि क्या कंपनी मजबूत मांग को देखते हुए क्षमता वृद्धि में तेजी लाने की योजना बना रही है।

# देश में बिजली खपत 2.7 प्रतिशत बढ़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- मई, 2024 में बिजली की मांग लगभग 250 गीगावाट के सर्वकालिक उच्चस्तर को छू गई थी

देश में बिजली की खपत जनवरी में 2.7 प्रतिशत बढ़कर 137.49 अरब यूनिट (बीयू) रही है। इस दौरान सामान्य से अधिक तापमान के कारण हीटर और गीजर जैसे उपकरणों का इस्तेमाल कम हुआ। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, इस साल जनवरी में देश का औसत तापमान 18.98 डिग्री सेल्सियस था, जो 1901 के बाद से इस महीने का तीसरा सबसे अधिक तापमान रहा। इससे पहले 1958 और 1990 में यह सबसे अधिक रहा था। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, जनवरी, 2024 में बिजली की खपत 133.94 बीयू थी। इसी तरह, एक दिन में सबसे अधिक आपूर्ति (बिजली की अधिकतम मांग) भी जनवरी, 2024 के 222.32 गीगावाट से बढ़कर इस साल जनवरी में 237.30 गीगावाट हो गई। इससे पहले मई, 2024 में चरम बिजली मांग लगभग 250 गीगावाट के सर्वकालिक उच्चस्तर को छू गई थी।

### उच्च गुणवत्ता वाले सौर फोटोवोल्टिक को बढ़ावा



**नई दिल्ली।** सरकार ने उच्च गुणवत्ता वाले और कुशल सौर फोटोवोल्टिक (पीवी) उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए एक संशोधित गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) अधिसूचित कर दिया है। बयान के मुताबिक, केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) ने सौर प्रणाली, उपकरण और घटक उत्पाद संबंधी आदेश, 2025 को अधिसूचित किया है। यह मौजूदा सौर पीवी उत्पादों, प्रणाली, उपकरण और घटक उत्पाद (अनिवार्य पंजीकरण की शर्तें) आदेश, 2017 को संशोधित करने के साथ उसकी जगह लेता है। एमएनआरई ने बयान में कहा, 'यह आदेश टिकाऊ ऊर्जा विकास के लिए उच्च गुणवत्ता वाले और कुशल सौर पीवी उत्पादों को बढ़ावा देने की सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। इसका उद्देश्य उत्पादों की विश्वसनीयता बढ़ाना, सुरक्षा सुनिश्चित करना और भारत के महत्वाकांक्षी नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों का समर्थन करना है।'

# स्वस्थ और समृद्ध भारत के लिए बजट



**कोटा।** यह बजट उत्कृष्ट है। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र को मजबूत करने के साथ ही इस बजट में मध्यमवर्गीय परिवारों को आगे बढ़ाने का प्रयास किया गया है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से देश को स्वस्थ और समृद्ध भविष्य प्रदान करने की दृष्टि स्पष्ट नजर आ रही है। कॅरियर सिटी कोटा के लिए भी यह बजट अच्छा है, इससे यहां तैयारी करने वाले और अधिक विद्यार्थियों को डॉक्टर, इंजीनियर बनने का अवसर मिलेगा। आईआईटीज में सुविधाएं बढ़ाना, सीटें बढ़ाना युवाओं को आगे बढ़ने के अवसर देना है।

आईआईटीज और आईआईएससी में 10 हजार फैलोशिप देना युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहन है। देश में चिकित्सा पेशेवरों की आवश्यकता को समझते हुए, अधिक मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों में 75,000 सीटें बढ़ाने की घोषणा की गई है, इसमें अगले वर्ष में 10 हजार सीटें बढ़ाने का लक्ष्य है। यह भारत की स्वस्थता और समृद्धता के लिए बड़ा कदम है। सरकार के इस कदम से मेडिकल व इजीनियरिंग संस्थानों में पढ़ने के इच्छुक विद्यार्थियों की संख्या बढ़ेगी और कोटा में भी नीट व जेईई की तैयारी करने के लिए आने वाले विद्यार्थियों की संख्या बढ़ेगी।

### उत्पाद योजना से चमड़ा, फुटवियर निर्यात बढ़ेगा

**नई दिल्ली।** चमड़ा निर्यात परिषद (सीएलई) ने रविवार को कहा कि फुटवियर और चमड़ा क्षेत्रों के लिए एक केंद्रित उत्पाद योजना शुरू करने की बजट घोषणा से उत्पादकता, प्रतिस्पर्धात्मकता और निर्यात में 1.1 लाख करोड़ रुपये से अधिक की वृद्धि होगी।

# आम बजट का प्रभाव इस सप्ताह बाजार पर रह सकता है जारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- वैश्विक व कंपनी परिणाम से तय होगी बाजार की चाल
- विदेशी निवेशकों की गतिविधियां भी प्रभावित करेगी बाजार

इस सप्ताह शेयर बाजार का रुख ब्याज दर पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के फैसले, कंपनियों की तिमाही आय और वैश्विक रुझानों से तय होगा। विश्लेषकों ने यह अनुमान जताते हुए कहा कि आम बजट का प्रभाव इस सप्ताह भी जारी रह सकता है।

उन्होंने कहा कि विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियां भी शेयर बाजारों को प्रभावित करेंगी। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, "जनवरी के लिए अमेरिका और भारत का विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक सोमवार को जारी किया जाएगा, जो एक महत्वपूर्ण व्यापक आर्थिक आंकड़ा है। बाजार का ध्यान कंपनियों की कमाई पर भी होगा। इस सप्ताह एशियन पेंट्स, पीसी ज्वैलर, टाटा पावर, टाइटन, अपोलो टायर्स, भारती एयरटेल, आईटीसी, एसबीआई, एलआईसी, एमएंडएम और एनएचपीसी के तिमाही नतीजे आएंगे। मेहता इक्विटीज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रशांत तापसे ने कहा, "सवाल यह है कि क्या आरबीआई अपना रुख नरम करेगा और इस सप्ताह की मौद्रिक नीति में ब्याज दरों में कटौती की जाएगी? हालांकि, निवेशकों को वैश्विक घटनाक्रमों पर भी नजर रखने की जरूरत है, क्योंकि अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की बिक्री बढ़ने से बाजार की भावनाएं कमजोर हो सकती हैं।"

### पिछले सप्ताह बाजार में रही थी तेजी

अनुमान के मुताबिक इसमें प्रतिभूति लेनदेन कर या पूंजी लाभ कर में कोई बदलाव नहीं किया गया।" आम बजट पेश किए जाने के कारण शनिवार को शेयर बाजार खुले रहे थे। पिछले सप्ताह, बीएसई सेंसेक्स 1,315.5 अंक या 1.72 प्रतिशत उछला। एनएसई निफ्टी में 389.95 अंक या 1.68 प्रतिशत की तेजी आई।

# परियोजनाएं पूरी नहीं करने वाले बिल्डरों पर प्रतिबंध की मांग

*बिल्डरों की पहचान जरूरी : "ऐसे बिल्डरों की पहचान करना और उन्हें अलग-थलग करना भी महत्वपूर्ण है जो केवल अपने व्यक्तिगत लालच के लिए घर खरीदारों की मेहनत की कमाई को जोखिम में डालते हैं।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- घर खरीदारों के संगठन एफपीसीआई की मांग

घर खरीदारों के संगठन एफपीसीई ने रविवार को कहा कि रुकी आवासीय परियोजनाओं को पूरा करने के लिए 15,000 करोड़ रुपये का नया कोष स्थापित करने की सरकार की बजट घोषणा से पीड़ित फ्लैट मालिकों को फायदा होगा। इसके साथ ही एफपीसीई ने समय पर परियोजनाएं पूरी न करने वाले बिल्डरों को कोई भी नई परियोजना शुरू करने से प्रतिबंधित किए जाने की मांग भी की। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को वित्त वर्ष 2025-26 का बजट पेश करते हुए कहा कि अटकी आवासीय परियोजनाओं को पूरा करने के लिए 15,000 करोड़ रुपये के 'स्वामी कोष-2' का गठन किया जाएगा। इससे एक लाख घरों का निर्माण पूरा करने में मदद मिलेगी। इसके पहले नवंबर, 2019 में केंद्र ने समूचे देश में अटकी आवासीय परियोजनाओं को पूरा करने के लिए 'किफायती एवं मध्यम आय आवास की विशेष खिड़की' (स्वामी) नाम वाले 15,530 करोड़ रुपये के एक कोष की घोषणा की थी।

इस कोष का प्रबंधन भारतीय स्टेट बैंक समूह की कंपनी एसबीआईकैप वेंचर्स लिमिटेड के पास है।

### आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ ने साक्षात्कार में कहा

# बचत, निवेश के बारे में लोगों को तय करना है

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बजट में मध्यम वर्ग को कर मोर्चे पर बड़ी राहत के बीच आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ ने रविवार को कहा कि लोगों को कहां बचत करनी है, किस क्षेत्र में निवेश करना है, हम उसे कराधान नीति से प्रभावित नहीं कर सकते। इस बारे में लोगों को ही निर्णय करना है।

- कराधान नीति से निवेश प्रभावित नहीं कर सकते

सेठ ने साक्षात्कार में कहा, 'सरकार का प्रयास है कि कर की दरें कम हों और लोगों को कर रिटर्न भरने में आसानी हो। उसके बाद वे निर्णय करें कि उन्हें क्या करना है। यह पूछे जाने पर कि नई कर व्यवस्था में आयकर सीमा बढ़ने से लोगों के पास पैसा तो आएगा लेकिन क्या इससे दीर्घकालीन बचत पर प्रतिकूल असर पड़ेगा, सेठ ने कहा कि कहां बचत करनी है और कितना निवेश करना है, इस बारे में लोगों को ही निर्णय करना है।

### रोजगार बढ़ने से ही आय बढ़ेगी

यह पूछे जाने पर कि लोगों की आय महंगाई और कंपनियों के लाभ के हिसाब से नहीं बढ़ रही है, उन्होंने कहा, "लोगों की आय बढ़ने के लिए जरूरी है कि रोजगार के अवसर बढ़ें। बजट में इस दिशा में कदम उठाये गये हैं। इसके अलावा आर्थिक गतिविधियां और कारोबारी सुगमता बढ़ाना जरूरी है, जिससे कंपनियों के लिए अपने व्यवसाय को बढ़ाना आसान होगा।'



*दीर्घकालीन बचत प्रभावित होगी*
*इससे आशंका जतायी जा रही है कि बजट में मध्यम वर्ग को राहत देने से उनकी जेबों में पैसे तो आएंगे लेकिन दीर्घकालीन बचत प्रभावित हो सकती है। यह पूछे जाने पर कि क्या बजट से नरम होती आर्थिक वृद्धि को गति मिलेगी, सेठ ने कहा, "बजट में बाह्य स्तर पर चीजों को दुरुस्त करने के अलावा घरेलू स्तर पर ताकत को बढ़ाने पर ध्यान दिया गया है।*

### आर्थिक वृद्धि को गति मिलने की उम्मीद

आर्थिक मामलों के सचिव ने कहा कि इसके साथ घरेलू मांग में तेजी लाने और संचालन से जुड़े नियमन हैं, उसमें बदलाव को लेकर बजट में कई कदम उठाये गये हैं। उन्होंने कहा, "अर्थव्यवस्था के घरेलू चालकों... कृषि, एमएसएमई, विनिर्माण और सेवा तथा निवेश को गति देने के भी उपाय किये गये हैं। इन सब उपायों से आर्थिक वृद्धि को गति मिलने की उम्मीद है।"

### आयकर में मध्यम वर्ग को बड़ी राहत

सेठ ने कहा, "राजकोषीय नीति में हमारा प्रयास रहा है कि छूट को कम करें और चीजों को आसान बनाएं।" वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को सुस्त पड़ती आर्थिक वृद्धि को गति देने के मकसद से मध्यम वर्ग को बड़ी राहत देते हुए 12 लाख रुपये की सालाना आय पर कर छूट देने की घोषणा की।

# बेटियों ने बढ़ाया मान...भारत लगातार दूसरी बार बना अंडर-19 टी20 वर्ल्ड कप चैंपियन




एजेंसी ⏭ कुआलालंपुर

भारत ने अपना दबदबा बरकरार रखते हुए रविवार को यहां बेहद एकतरफा मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को नौ विकेट से रौंदकर लगातार दूसरी बार अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप खिताब जीत लिया। फाइनल तक के अपने सफर के दौरान प्रत्येक मुकाबले में आसान जीत दर्ज करने वाले भारत ने एक बार फिर दबदबा बनाया और दक्षिण अफ्रीका के 83 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 52 गेंद शेष रहते 11.2 ओवर में एक विकेट पर 84 रन बनाकर एकतरफा जीत हासिल की। भारत बिना कोई मैच गंवाए टूर्नामेंट जीतने वाली पहली टीम भी बना।

## त्रिशा शीर्ष स्कोरर

गोंगाडी त्रिशा 33 गेंद में नाबाद 44 रन बनाकर भारत की ओर से शीर्ष स्कोरर रहीं जबकि सानिका चाल्के ने भी 22 गेंद में नाबाद 26 रन की पारी खेली। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 48 रन की अटूट साझेदारी भी की। त्रिशा ने इससे पहले गेंदबाजी में भी कमाल करते हुए 15 रन पर तीन विकेट चटकाए जिससे दक्षिण अफ्रीका की टीम 20 ओवर में 82 रन पर सिमट गई। पारुनिका सिसोदिया, आयुषी शुक्ला और वैष्णवी शर्मा ने भी शानदार गेंदबाजी करते हुए दो-दो विकेट चटकाए।

## गोंगाडी के नाम 309 रन

स्कॉटलैंड के खिलाफ 110 रन के साथ टूर्नामेंट का एकमात्र शतक जड़ने वाली प्लेयर ऑफ द सीरीज भारत की सलामी बल्लेबाज गोंगाडी त्रिशा सात पारियों में 77.25 के औसत और 147 के स्ट्राइक रेट से 309 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहीं। त्रिशा ने सात पारियों में 6.42 की इकोनॉमी रेट से सात विकेट भी चटकाए।



## 9 विकेट से दक्षिण अफ्रीका को रौंदा

**गोंगाडी त्रिशा**
प्लेयर ऑफ द मैच/सीरीज
44 रन नाबाद, 3 विकेट
309 रन, 7 विकेट



हम सभी ने शांत रहने की कोशिश की। हमने बेहद विनम्र रहते हुए अपना काम किया। हम वहां जाकर दिखाना चाहते थे कि हम क्या कर सकते हैं। हमें बेहतरीन सुविधाएं देने के लिए बीसीसीआई का शुक्रिया। यह एक खास पल है। टूर्नामेंट की शुरुआत में मैंने कहा था कि हम यहां डोमिनेट करने के लिए आए हैं। साउथ अफ्रीकी टीम वास्तव में अच्छा खेल रही है।
**निकी प्रसाद**, भारतीय कप्तान

## वैष्णवी ने झटके 17 विकेट

वैष्णवी छह मैच में 4.35 की इकोनॉमी रेट से 17 विकेट चटकाकर टूर्नामेंट की सबसे सफल गेंदबाज रहीं। आयुषी ने सात मैच में 14 विकेट चटकाकर उनका अच्छा साथ निभाया।

## पांच करोड़ रुपए देगा बीसीसीआई

भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने रविवार को कुआलालंपुर में अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप में खिताबी जीत के बाद भारतीय टीम और उसके सहयोगी स्टाफ के लिए पांच करोड़ रुपए के नकद पुरस्कार की घोषणा की।



## भारत का सफर

| बनाम | जीते |
|---|---|
| वेस्टइंडीज | 9 विकेट |
| मलेशिया | 10 विकेट |
| श्रीलंका | 60 रन |
| बांग्लादेश | 8 विकेट |
| स्कॉटलैंड | 150 रन |
| इंग्लैंड | 9 विकेट |
| द.अफ्रीका | 9 विकेट |

## स्कोर बोर्ड

| दक्षिण अफ्रीका: | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| बोथा का कमालिनी बो शबनम | 16 | 14 | 3 | 0 |
| सिमोन लॉरेन्स बो पारुनिका | 00 | 03 | 0 | 0 |
| दियारा रामलकन बो आयुषी | 03 | 08 | 0 | 0 |
| रेनेके का पारुनिका बो त्रिशा | 07 | 21 | 0 | 0 |
| कराबो मेसो बो आयुषी | 10 | 26 | 1 | 0 |
| वूर्स्ट स्टं कमालिनी बो त्रिशा | 23 | 18 | 3 | 0 |
| फे काउलिंग बो वैष्णवी | 15 | 20 | 0 | 1 |
| सेशनी नायडु बो त्रिशा | 00 | 01 | 0 | 0 |
| विक का वैष्णवी बो पारुनिका | 00 | 03 | 0 | 0 |
| मोनालिसा लेगोडी बो वैष्णवी | 00 | 02 | 0 | 0 |
| एनथाबिसेंग निनी नाबाद | 02 | 04 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 06, कुल : 20 ओवर में 82/10
गेंदबाजी : जोशिता 2-0-17-0, पारुनिका 4-0-6-2, शबनम 2-0-7-1, आयुषी 4-2-9-2, वैष्णवी 4-0-23-2, त्रिशा 4-0-15-3.

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| कमलिनी का लॉरेन्स बो रेनेके | 08 | 13 | 1 | 0 |
| गोंगाडी त्रिशा नाबाद | 44 | 33 | 8 | 0 |
| सानिका चाल्के नाबाद | 26 | 22 | 4 | 0 |

अतिरिक्त : 06, कुल : 11.2 ओवर में 84/1
गेंदबाजी : निनी 1-0-7-0, काउलिंग 2-0-19-0, रेनेके 4-1-14-1, नायडु 1-0-12-0, ऐशलेग 1-0-12-0, मोनालिसा 1.2-0-10-0, जेमा 1-0-9-0.

## खबर संक्षेप



### डरबन का जीत के साथ अभियान खत्म

**जोहानिसबर्ग।** डरबन सुपर जाइंट्स ने एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट में अपने अभियान का अंत शनिवार को यहां जोबर्ग सुपर किंग्स के खिलाफ डकवर्थ लुईस पद्धति के तहत 11 रन की जीत के साथ किया। सुपर जाइंट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 173 रन बनाए। जोबर्ग सुपर किंग्स ने जब 3.1 ओवर में एक विकेट पर 31 रन बनाए थे तब बारिश आ गई और खेल दोबारा शुरू होने पर टीम को 16 ओवर में 147 रन का लक्ष्य मिला। मेजबान टीम नौ विकेट पर 135 रन ही बना सकी।

### बीपीएल में भ्रष्टाचार के आरोपों की होगी जांच

**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने बांग्लादेश प्रीमियर लीग में पिछले कुछ हफ्तों में लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच में अपनी भ्रष्टाचार निरोधक इकाई की सहायता के लिए एक स्वतंत्र जांच निकाय की स्थापना की है। यह 2013 के बाद से बीपीएल में पहली आधिकारिक भ्रष्टाचार जांच है क्योंकि लीग खिलाड़ियों के भुगतान में देरी और टिकट विवादों से जूझ रही है।

### नटराज ने तैराकी में जीता पांचवां स्वर्ण

**हल्द्वानी।** पेरिस ओलंपियन श्रीहरि नटराज ने रविवार को यहां 38वें राष्ट्रीय खेलों की तैराकी स्पर्धा में अपना पांचवां स्वर्ण जीतकर कर्नाटक के लिए बढ़त बनाई और टीम की साथी और 14 वर्षीय धिनिधि देसिंघु की बराबरी की जिन्होंने पांच पीले पदक जीते हैं। दिल्ली ने दिन में तैराकी पूल में दो स्वर्ण पदक जीतकर कर्नाटक के साथ बराबरी की। नटराज ने पुरुषों की 100 मीटर बैकस्ट्रोक में 56.26 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण पदक जीता।

# भारत ने इंग्लैंड को 150 रन से रौंदा, 4-1 से जीती श्रृंखला

एजेंसी ⏭ मुंबई

आक्रामक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की 54 गेंद में 135 रन की पारी के दम पर भारत ने पांचवें और अंतिम मैच टी20 अंतरराष्ट्रीय में रविवार को यहां इंग्लैंड को 150 रन के बड़े अंतर से हरा दिया। 'प्लेयर ऑफ द मैच' अभिषेक ने बल्ले कमाल करने के बाद एक ओवर में तीन रन देकर दो विकेट भी झटके। भारत ने नौ विकेट पर 247 रन बनाने के बाद इंग्लैंड की पारी को 10.3 ओवर में 97 रन पर समेट कर श्रृंखला को 4-1 से अपने नाम किया।

भारत की 150 रन की यह जीत अब टी20 अंतरराष्ट्रीय में रनों के अंतर से उसकी दूसरी सबसे बड़ी जीत है। टीम ने इससे पहले 2023 में न्यूजीलैंड को 168 रनों से हराया था। अभिषेक ने इस दौरान टी20 में किसी भारतीय बल्लेबाज का दूसरा सबसे तेज शतक जड़ा। वह इसके साथ ही इस प्रारूप में भारत के लिए सबसे बड़ी व्यक्तिगत पारी खेलने वाले बल्लेबाज भी बन गए। अभिषेक ने क्रीज पर आते ही मैदान के चारों ओर चौके-छक्के की झड़ी लगाकर इंग्लैंड के गेंदबाजों को बैकफुट पर धकेल दिया।

## सलामी बल्लेबाज अभिषेक ने 54 गेंद में खेली 135 रन की पारी




### अभिषेक ने जड़ा दूसरा तेज शतक

अभिषेक किसी भारतीय बल्लेबाज के रूप में सबसे तेज टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक (35 गेंद) के रोहित शर्मा के रिकॉर्ड को तोड़ने की ओर बढ़ रहा था लेकिन वह दो गेंद से चूक गए। उन्होंने 37 गेंदों अपना शतक पूरा किया। उन्होंने इससे पहले 17 गेंद में अर्धशतक पूरा किया था, जो किसी भारतीय के लिए दूसरा सबसे तेज अर्धशतक है।

### रिकॉर्ड 13 छक्के की लगाई झड़ी

अभिषेक हालांकि टी20 पारी में किसी भारतीय द्वारा सर्वाधिक छक्कों का रिकॉर्ड तोड़ दिया, जब उन्होंने 17वें ओवर में ब्रायडन कार्स (38 रन पर तीन विकेट) के खिलाफ पारी का अपना 11वां छक्का लगाकर यह रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने अपनी पारी में 13 छक्के लगाए। उन्होंने इस दौरान सात चौके भी लगाए।



### सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर

135 रन की पारी इस प्रारूप में किसी भारतीय द्वारा बनाया गया सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर भी है। इससे पहले यह रिकॉर्ड 2023 में अहमदाबाद में न्यूजीलैंड के खिलाफ शुभमन गिल के नाम था। उन्होंने नाबाद 126 रन बनाए थे।

### भारत का चौथा सबसे बड़ा स्कोर

अभिषेक ने भारतीय टीम के कुल स्कोर में आधे से अधिक का योगदान दिया जिससे भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ अपना सर्वोच्च टी20 अंतरराष्ट्रीय स्कोर बनाया। इससे पहले टीम ने 2021 में अहमदाबाद में दो विकेट पर 224 रन बनाए थे। टी20 अंतरराष्ट्रीय में यह भारत का चौथा सबसे बड़ा स्कोर है।

## स्कोर बोर्ड

| भारत: | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सैमसन का आर्चर बो वुड | 16 | 07 | 1 | 2 |
| अभिषेक का आर्चर बो राशिद | 135 | 54 | 7 | 13 |
| तिलक वर्मा का साल्ट बो कार्स | 24 | 15 | 3 | 1 |
| सूर्यकुमार का साल्ट बो कार्स | 02 | 03 | 0 | 0 |
| शिवम का राशिद बो कार्स | 30 | 13 | 3 | 2 |
| पंड्या का लिविंगस्टोन बो वुड | 09 | 06 | 0 | 1 |
| रिंकू सिंह पगबाधा आर्चर | 09 | 06 | 1 | 0 |
| अक्षर पटेल रन आउट | 15 | 11 | 2 | 0 |
| मोहम्मद शमी नाबाद | 00 | 04 | 0 | 0 |
| बिश्नोई का कार्स बो ओवरटन | 00 | 01 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त** : 07, कुल : 20 ओवर में 247/9
**गेंदबाजी** : आर्चर 4-0-55-1, वुड 4-0-32-2, ओवरटन 3-0-48-1, लिविंगस्टोन 2-0-29-0, राशिद 3-0-41-1, कार्स 4-0-38-3.

| इंग्लैंड | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| साल्ट का स्था (जुरेल) बो दुबे | 55 | 23 | 7 | 3 |
| बेन डकेट का अभिषेक बो शमी | 00 | 01 | 0 | 0 |
| बटलर का तिलक बो वरुण | 07 | 07 | 1 | 0 |
| हैरी ब्रुक का वरुण बो बिश्नोई | 02 | 04 | 0 | 0 |
| लियाम का रिंकू बो वरुण | 09 | 05 | 2 | 0 |
| जैकोब बेथेल बो दुबे | 10 | 07 | 0 | 1 |
| कार्स का वरुण बो अभिषेक | 03 | 04 | 0 | 0 |
| जैमी का सूर्यकुमार बो अभिषेक | 01 | 03 | 0 | 0 |
| जोफ्रा आर्चर नाबाद | 01 | 02 | 0 | 0 |
| राशिद का स्था (जुरेल) बो शमी | 06 | 06 | 1 | 0 |
| वुड का स्था (जुरेल) बो शमी | 00 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 03, कुल : 10.3 ओवर में 97/10
गेंदबाजी : शमी 2.3-0-25-3, पंड्या 2-0-23-0, वरुण 2-0-25-2, बिश्नोई 1-0-9-1, दुबे 2-0-11-2, अभिषेक 1-0-3-2.

# रणजी ट्रॉफी : क्वार्टर फाइनल तय

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



रणजी ट्रॉफी 2024-25 में एलीट ग्रुप के मुकाबले अब समाप्त हो गए हैं। 16 में से 8 टीमों का सफर थम गया है। साथ ही 8 टीमों ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई है। सभी 4 ग्रुप की टॉप-2 टीमों को अंतिम 8 में जगह मिली है। हालांकि, विराट कोहली की दिल्ली क्वार्टर फाइनल की रेस से बाहर हो गई।

हाल ही में दिल्ली ने रेलवे को पारी और 19 रन से हराया था। विराट कोहली इस मैच में खेलते नजर आए थे। डिफेंडिंग चैंपियन मुंबई ने मेघालय को बड़ी पारी और 456 रन से हराकर नॉकआउट में प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल मुकाबले 8 से 12 फरवरी के बीच खेले जाएंगे। सभी मैच भारतीय समयानुसार सुबह 9 बजे शुरू होंगे। पहले क्वार्टर फाइनल में जम्मू एंड कश्मीर की टक्कर केरल से होगी। दूसरा क्वार्टर फाइनल विदर्भ और तमिलनाडु के बीच खेला जाएगा। तीसरे मैच में हरियाणा का सामना मुंबई से होगा। वहीं चौथे क्वार्टर फाइनल में सौराष्ट्र की भिड़ंत गुजरात से होगी।

## भारत जीता, डेविस कप के विश्व ग्रुप एक में रहेगी

**नई दिल्ली।** एन श्रीराम बालाजी और रित्विक चौधरी बोलीपल्ली की जोड़ी ने रविवार को यहां टोगो के खिलाफ युगल मैच में जीत दर्ज की जिससे भारत डेविस कप टेनिस विश्व ग्रुप एक में बना रहेगा। भारत की विश्व ग्रुप एक प्ले-ऑफ मुकाबले में जीत तय होने के बाद करण सिंह ने उलट एकल में डेविस कप के अपने पदार्पण मैच को जीत कर टीम की बढ़त को 4-0 कर दिया। इसके बाद दोनों टीमों ने अंतिम पांचवां मैच नहीं खेलने का फैसला किया। भारत रविवार को मुकाबले में 2-0 की बढ़त के साथ उतरा था और उसे मुकाबला जीतने के लिए तीन मैच में से केवल एक में जीत की जरूरत थी। बालाजी और रित्विक की जोड़ी ने मलापा टिंगौ अकोमोलो और होडाबालो इसाक पेडियो के खिलाफ पहले ही पुरुष युगल मैच में जीत हासिल की।

# निशानेबाज चौकसे ने राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा

**देहरादून।** एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता निशानेबाज आशी चौकसे ने रविवार को यहां 38वें राष्ट्रीय खेलों में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ते हुए स्वर्ण पदक जीता। बाईस वर्षीय आशी ने 2023 एशियाई खेलों में 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में और 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में रजत पदक जीते थे।



उन्होंने 598 का असाधारण स्कोर बनाया और 2023 में सिफत कौर सामरा द्वारा बनाए गए 594 के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया। आशी ने कहा, 'मैंने इसके लिए बहुत मेहनत की और मेरा मानना है कि इसका श्रेय मेरे कोच, प्रायोजकों, परिवार और दोस्तों सहित सभी को जाता है जिन्होंने मेरा समर्थन किया।'

# सालाह के दो गोल से लिवरपूल ने बोर्नेमाउथ को 2-0 से हराया

एजेंसी ⏭ लंदन

मोहम्मद सालाह के दो गोल की मदद से लिवरपूल ने इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल में शनिवार को यहां बोर्नेमाउथ को 2-0 से हराकर अंक तालिका के शीर्ष पर अपनी बढ़त नौ अंक की कर ली।

बोर्नेमाउथ के खिलाफ सालाह ने 30वें मिनट में पेनल्टी पर गोल दागने के बाद 75वें मिनट में एक और गोल किया। सालाह प्रीमियर लीग में अब 178 गोल के साथ चेल्सी के महान खिलाड़ी फ्रैंक लैम्पर्ड को पछाड़कर सर्वाधिक गोल करने वालों की सर्वकालिक सूची में छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। मिस्र के इस फॉरवर्ड ने लिवरपूल के साथ अपने संभवतः आखिरी प्रीमियर लीग अभियान में अब तक 21 गोल



किए हैं। लिवरपूल के साथ उनका अनुबंध इस सत्र के अंत में समाप्त हो रहा है। यह पांचवीं बार है जब उन्होंने क्लब के लिए एक ही सत्र में 20 या उससे अधिक लीग गोल किए हैं। इस जीत के साथ लिवरपूल के 23 मैच में 56 अंक हो गए हैं। आर्सेनल की टीम 23 मैच में 47 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है।

## रियल मैड्रिड का जीत का क्रम थमा

**मैड्रिड।** रियल मैड्रिड को ला लीगा में शनिवार को रेलीगेशन का खतरा खेल रहे एस्पानयोल के खिलाफ 0-1 से शिकस्त का सामना करना पड़ा जिससे स्पेनिश लीग में उसका जीत का क्रम थम गया। एस्पानयोल की ओर से मैच का एकमात्र गोल डिफेंडर कार्लोस रोमेरो ने दूसरे हाफ के अंतिम लम्हों में दागा। इस जीत के साथ एस्पानयोल की टीम निचली तीन टीमों की सूची से बाहर निकल गई जिन्हें सत्र के अंत में निचली लीग में खिसकना होगा। एस्पानयोल के खिलाफ हार से पहले मैड्रिड ने सभी प्रतियोगिताओं में अपने पिछले 11 में से 10 मैच जीते थे।

# प्रज्ञानानंदा-गुकेश को संयुक्त बढ़त, एक दौर का खेल बाकी



**विज्क आन जी।** विश्व चैंपियन डी गुकेश ने नीदरलैंड के जोर्डन वान फॉरेस्ट के साथ ड्रॉ खेला जबकि ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने सर्बिया के एलेक्सी सेराना को हराया। इससे दोनों भारतीय खिलाड़ियों ने टाटा स्टील मास्टर्स में 12वें दौर के बाद संयुक्त रूप से बढ़त हासिल कर ली। प्रज्ञानानंदा ने लगातार तीसरी जीत दर्ज की और अपने अंकों की संख्या संभावित 12 में से 8.5 अंक पर पहुंचा दी जो उनके हमवतन गुकेश के समान है। दोनों भारतीय अब इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में रोमांचक समापन के लिए तैयार हैं।


## भारत के जून में इंग्लैंड दौरे को लेकर आईसीसी कर रही विचार

# जल्द दो-स्तरीय टेस्ट प्रारूप लागू होने की संभावना

एजेंसी ⏭ लंदन

जब ऑस्ट्रेलिया विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा तो यह मौजूदा प्रारूप का अंत होगा जिसे भारत के इंग्लैंड दौरे से पहले दो-स्तरीय प्रणाली के रूप में फिर से शुरू किए जाने की संभावना है।

'उचित प्रतिस्पर्धा' का माहौल तैयार करने के लिए इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष रिचर्ड थॉम्पसन ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के चेयरमैन जय शाह के साथ बातचीत की और दोनों इस योजना का नेतृत्व करेंगे। थॉम्पसन आईसीसी की रणनीतिक विकास



समिति के प्रमुख भी हैं। इंग्लैंड को 20 जून से हेडिंग्ले में भारत की मेजबानी करनी है जिसके साथ अगला चक्र शुरू होगा जिसमें सिर्फ पांच महीने बचे हैं और थॉम्पसन ने इस मामले पर तुरंत गौर करने की जरूरत को स्वीकार किया। थॉम्पसन ने कहा, 'यह पूरी तरह से समझा जा चुका है कि वर्तमान ढांचा उस तरह से काम नहीं करता है जैसा उसे करना चाहिए और हमें एक निष्पक्ष, बेहतर प्रतियोगिता खोजने की आवश्यकता है लेकिन इस स्तर पर अभी कोई सिफारिशें सामने नहीं आई हैं। हमारे पास इस पर काम करने के लिए पांच महीने हैं, देखेंगे कि आगे क्या ढांचा होना चाहिए। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप निष्पक्ष और अधिक प्रतिस्पर्धी होनी चाहिए।

यह सुनिश्चित करने के लिए बदलाव हो रहा है कि यह हमेशा सर्वश्रेष्ठ टीमों को फाइनल में पहुंचने के लिए प्रोत्साहित करे और अन्य देश को जो टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहते हैं, उन्हें टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए प्रोत्साहित करे। हम टेस्ट क्रिकेट की अखंडता सुनिश्चित करेंगे और उसकी रक्षा, विकास करेंगे क्योंकि यह प्रारूप खेल के डीएनए के लिए महत्वपूर्ण है।'

### टीमें सभी विरोधी टीम के साथ नहीं खेलतीं

मौजूदा प्रारूप की उसकी कमियों के लिए आलोचना की गई है। टीमें दो साल के चक्र में सभी विरोधी टीम के साथ नहीं खेलती और साथ ही दो टेस्ट मैच की श्रृंखलाओं की अधिकता है जिससे अंक तालिका में निरंतरता नजर नहीं आती। राजनीतिक बाधाओं के कारण भारत और पाकिस्तान एक-दूसरे के खिलाफ नहीं खेलते। इसी तरह दक्षिण अफ्रीका मौजूदा चक्र में ऑस्ट्रेलिया के साथ खेले बिना फाइनल में पहुच गया। हालांकि ये दोनों टीम जून में लॉर्ड्स में खिताबी मुकाबले में आमने-सामने होंगी।




# प्राचीन शिला पर बने हुए हैं भगवान राम के चरण चिन्ह

**छतरपुर।** छतरपुर के संजयनगर के समीप स्थित सिंहपुर गांव से निकली उर्मिल नदी किनारे एक ऐसी प्राचीन शिला है, जहां भगवान श्री राम के चरण चिन्ह बने हुए हैं।



इसलिए ये स्थान चरण पादुका के नाम से जाना जाता है। बता दें, इस स्थान के नाम का इतिहास भगवान श्री राम के वनवास यात्रा से जुड़ा है। चरण पादुका स्थित राम-जानकी मंदिर के पुजारी सुरेश दास ने बताया कि यह बहुत ही प्राचीन स्थान है। त्रेतायुग में जब भगवान श्री रामचन्द्र चित्रकूट से वनवास के लिए दक्षिण दिशा की ओर गमन कर रहे थे, तो यहां उर्मिल नदी स्थित एक विशाल शिला पर खड़े होकर प्रभु श्रीराम ने स्नान के बाद सूर्य भगवान को जल दिया था। तभी से इस शिला पर उनके चरण चिन्ह बन गए। इसके बाद ये पवित्र स्थान चरण पादुका के नाम से प्रसिद्ध हो गया। पुजारी बताते हैं कि यहां सालों से मकर संक्रांति पर्व पर हर साल मेले का आयोजन भी होता है।






महाकुंभ मेला, विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजनों में से एक है। यह एक ऐसा मेला है जहां लगभग करोड़ों लोग एक साथ मेले में रहते हैं। इस विशाल जनसमूह में, अपनों से बिछड़ने का डर हमेशा बना रहता है, खासकर छोटे बच्चों का खो जाना एक गंभीर चिंता का विषय है।

# महाकुंभ में बच्चे खोने के डर से दंपती ने निकाली अनोखी तरकीब

एजेंसी ▸▸ प्रयागराज

पुराने समय में ऐसी कई फिल्में बनी हैं जिसमें कुंभ मेले में बिछड़ने की कहानियां दिखाई गई हैं। इसका सबसे अच्छा उदाहरण है फिल्म 'अमर अकबर एंटनी'। यही वजह है कि बड़े मेलों में सरकार ऐसे बुथ का व्यवस्था करती है जिहां खोए हुए लोगों अपनों से मिलाया जाता है। खैर, सोशल मीडिया पर इन दिनों इसी से संबंधित एक बेहद दिलचस्प वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें मेले में गायब होने की समस्या का हल देखा जा सकता है।

## वीडियो में क्या है?

बताया जा रहा है कि यह वीडियो प्रयागराज के महाकुंभ का है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि एक दंपती अपने छोटे बच्चे को लेकर एक अद्भुत आइडिया अपनाया है। उन्होंने बच्चे की पीठ पर एक लंबी पर्ची चिपकाई, जिसमें बच्चे का नाम, पिता का नाम, माता-पिता का मोबाइल नंबर और उनका गांव लिखा था। बहुत से लोग इस तरकीब को खूब सराह रहे हैं, और अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।



## लोगों की प्रतिक्रिया

सोशल मीडिया पर इस तस्वीर को देखकर लोग तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। कुछ लोग इसे 'स्मार्ट पैरेंटिंग' का उदाहरण बता रहे हैं, तो कुछ लोग इसे 'सुरक्षा कवच' कह रहे हैं। कई लोगों ने इस दंपति की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह एक बेहतरीन उदाहरण है।

## सोशल मीडिया पर छाया आइडिया

यह तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। लोग इस दंपति की सूझबूझ और स्मार्ट पैरेंटिंग की तारीफ कर रहे हैं। कई लोग इसे एक बेहतरीन और अनुकरणीय उदाहरण बता रहे हैं। इस आइडिया का मकसद स्पष्ट है- बच्चों को खोने से बचाना और उन्हें सुरक्षित रखना। महाकुंभ मेले में लाखों लोग आते हैं, जिससे बच्चों के खोने का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में, यह तरीका बच्चों को उनके माता-पिता से मिलाने में बेहद मददगार साबित हो सकता है।




# पृथ्वी के गर्भ में छिपे सुपरकॉन्टिनेंट! अरबों साल पुराने रहस्य का खुलासा



**वॉशिंगटन।** धरती से जुड़ी एक नई खोज में दिलचस्प खुलासा हुआ है। ये रिसर्च पृथ्वी की बीच की परत मेंटल (आच्छादन) से जुड़ी पुरानी धारणाओं को तोड़ते हुए कई जानकारी देती है, जो हमारे पैरों के नीचे 2,900 किलोमीटर तक फैला हुआ है। नई रिसर्च में पृथ्वी के गर्भ में छिपे दो महाद्वीप मिलने की बात कही गई हैं। वैज्ञानिकों ने भूकंप के आंकड़ों से पता लगाया है कि एक महाद्वीप अफ्रीका के नीचे है और दूसरा प्रशांत महासागर के नीचे है। नीदरलैंड की यूट्रेक्ट यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने ये रिसर्च की है और 'नेचर' पत्रिका में छपी है।

## तीन परतें होती हैं पृथ्वी की

हमारी पृथ्वी की तीन मुख्य परतें हैं- क्रस्ट, मेंटल और कोर। क्रस्ट सबसे ऊपरी परत है, जिस पर हम रहते हैं। इसके नीचे यानी बीच में मेंटल है, जो करीब 2,900 किलोमीटर मोटा है। सबसे अंदरूनी परत कोर है, जो पिघले लोहे और निकल से बना है। नए अध्ययन में पता चला है कि मेंटल में 'बिस्किट में चॉकलेट के टुकड़ों' जैसे बड़े हिस्से हैं, जिन्हें एलएलएसवीडजीएस कहा जाता है।

# सूर्य की रोशनी सफेद, तो क्यों नीला है आसमान?

नई दिल्ली। हम धरती से जब भी खुले आसमान की ओर देखते हैं, इसका रंग नीला दिखाई देता है। क्या आपने कभी सोचा है कि ये नीला रंग आखिर आता कहां से है। सूरज की किरणें सफेद हैं और अंतरिक्ष गहरा, फिर आसमान भला नीला क्यों? इस सवाल का जवाब विज्ञान में छिपा हुआ है। जब सूर्य का प्रकाश फैलता है तो किरणों के साथ ये रंग अलग-अलग वेवलेंथ में फैलते हैं। लाल रंग की वेवलेंथ जहां सबसे ज्यादा होती है, वहीं नीले और बैंगनी रंग की वेवलेंथ छोटी होती है। ऐसे में सूर्य के चढ़ने के साथ-साथ बैंगनी और नीला रंग फैलता चला जाता है और लाल रंग लगभग गुम सा हो जाता है। प्रकाश के फैलने और सूर्य की किरणों के सात रंगों की वजह से ही आसमान का नीला दिखाई देता है वरना अपने आपमें आसमान का कोई रंग होता ही नहीं है।







72198 21111 BAJAJ SECURE

शर्तें और नियम लागू। *उल्लेखित एक्स-शोरूम मूल्य विशेष पल्सर मॉडल की प्रारंभिक कीमत है। बजाज ऑटो को बिना पूर्व सूचना के किसी भी ऑफर्स और कीमतों को वापस लेने/संशोधित करने का अधिकार है, जो मॉडल और राज्य के अनुसार भिन्न हो सकते हैं। एएमसी चयनित मॉडलों और विशेष राज्यों में उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए, कृपया अपने निकटतम बजाज डीलर से संपर्क करें। रोडसाइड असिस्टेंस थर्ड पार्टीज के सेवा प्रदाताओं द्वारा प्रदान की जाती है और उनके नियमों और शर्तों के अधीन है। इ-कॉमर्स प्लेटफार्मों पर प्रस्ताव उनके अपने नियमों और शर्तों के अधीन हैं।

**Authorized Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Raipur:** Ashram Chowk (GE Road) VANDANA BAJAJ 7714083955,9713540079, Telibandha 7714083955•Devpuri Raipur ARUN BAJAJ 9770420235 • **Baloda Bazar** ARUN BAJAJ 90009399506 • **Bhatapara** ARUN BAJAJ 7828353259 • **Bhilai** AVN BAJAJ 7884252700, 9644066266 • **Durg** VENKATESH BAJAJ 4060122,8982005707 • **Dhamtari** TIRUPATI BAJAJ 9516872343, 7987872343 • **Kanker** TIRUPATI BAJAJ 7587841176 • **Bhanupratappur** TIRUPATI BAJAJ 9977911298 • **Jagdalpur** T M BAJAJ 9986433880, 9425592466 • **Mahasamund** BHAWANI BAJAJ 9424205048, 224789 •**Saraipali** BHAWANI BAJAJ 9424211576 • **Rajnandgaon** KAKKAD BAJAJ 9301111111 **Dongargarh** KAKKAD BAJAJ 9028597766 • **Kawardha** CHANDRAYAN BAJAJ 8435158906 **Pandatarai** CHANDRAYAN BAJAJ 8435158906. **Authorised Service Centre**: Abhanpur 9425510725, Ahiwara 8719067333, Ambagarh Chowki 9111155511, Arang 8224026403,8770906243, Bagbahara 9926161553, Balod 9770186691, Bakhara 7000627684, Basna 9753408127, Bemetra 8319906176, Berla 9644045882, Chandrakhuri 9826764123, Charama 9406445493, Charoda 990744880, Chhuriya 7999113621, Dallirajhara 9589956199, , Dantewada 9425594844, Dongargaon 8770405245, Farasgaon 9986433880 , Gariyaband 7777888487, Gidhori 9425202238, Gunderdehi 9752027700, Jhalap 9753559579, Kasdol 9826142260, Keshkal 9986433880, Khairagarh 7470888488, Komakhan 8319131967, Kondagaon 9986433880, Kurud 7470499500, Nagri 9109099900, Nawagarh 9981235777, Nayapara 9826433867,8602057777, Pakhanjur 9425593572, Pandaria 7470991444, Patan 9752756264, Pirda 9977377533, Pithora 9713118410, Rajim- 8602057777, Risali 9098847683, Sankra 8120008091, Sargaon 700079773, Singhanpur 9713848382, Tilda 9329068989, Tendukona 9425512175 , Utai 7879043998.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com